राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 103
लखनऊ, शनिवार 13 दिसम्बर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





गोला पुलिस की चूक, तहरीर कर्ता को ही बता दिया मृतक 12

सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार देने वाला बनाना : कपिलदेव 03



# जनगणना के लिए बजट मंजूर, पहली बार जातिगत गणना भी होगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सरकार ने बहुप्रतीक्षित जनगणना 2027 के लिए 11 हजार 718.24 करोड़ रुपये के बजट को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

देश के इतिहास में जनगणना पहली बार पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी। जनगणना प्रक्रिया में देश के हर व्यक्ति तथा प्रत्येक घर के बारे में डिजिटल प्लेटफार्म पर जानकारी एकत्र की जाएगी।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जनगणना दो चरणों में कराई जाएगी जिसमें पहले चरण में अप्रैल से सितम्बर 2026 तक घरों की सूची और आवासों की गणना की जाएगी और दूसरे चरण में फरवरी 2027 में जनसंख्या की गणना की जायेगी। बर्फबारी से




**करीब 12 हजार करोड़ रुपये के बजट को मंत्रिमंडल की मंजूरी**

प्रभावित केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड राज्यों में जनगणना सितंबर 2026 में की जाएगी)

उन्होंने कहा कि बर्फबारी से प्रभावित क्षेत्रों के लिए जनगणना की तिथि एक अक्टूबर 2026 और शेष देश के लिए एक मार्च 2027 रखी गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि जनगणना एक ज़रूरी काम है जिससे किसी देश और उसकी आबादी के बारे में सभी ज़रूरी जानकारी इकट्ठा की जाती है। पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। 2021 में कोविड-19 की वजह से जनगणना नहीं हो सकी थी। अगली जनगणना 2027 में होगी। भारत की जनगणना को पूरी दुनिया में सबसे बड़ा प्रशासनिक और सांख्यिकीय काम माना जाता है। इस बार की जनगणना में बहुत सारी डिजिटल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनणना के लिए अधिसूचना गत 16 जून को जारी की गई थी। जनगणना 2027 देश में 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी।

जनगणना गांव, शहर और वार्ड स्तर पर प्राथमिक डेटा उपलब्ध कराने का सबसे बड़ा स्रोत है, जो घर की स्थिति; सुविधाएं और परिसंपत्तियां, जनसांख्यिकीय, धर्म, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति, भाषा, साक्षरता और शिक्षा, आर्थिक कार्यकलाप, प्रवासन और उर्वरता जैसे अलग-अलग मानकों पर सूक्ष्म स्तर डेटा प्रदान करता है। जनगणना अधिनियम, 1948 और जनगणना नियमावली, 1990 जनगणना के संचालन के लिए कानूनी संरचना प्रदान करते हैं।

### लगभग 30 लाख कर्मचारियों की ली जाएंगी सेवाएं

सूचना और प्रसारण मंत्री ने कहा कि जनगणना कार्य के लिए लगभग 30 लाख कर्मचारियों की सेवाएं ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि जनगणना की प्रक्रिया में स्वयं गणना का विकल्प भी दिया जायेगा और जनगणना की सभी बारीकियों के बारे में अधिसूचना में विस्तार से विवरण जारी किया जायेगा। जनगणना प्रक्रिया में हर घर में जाकर प्रश्नावली में शामिल सभी सवालों की जानकारी एकत्र करना शामिल है। गणनाकार (एन्यूमेरेटर) जो आम तौर पर सरकारी शिक्षक होते हैं और जिन्हें राज्य सरकार नियुक्त करती है, अपनी नियमित ड्यूटी के अतिरिक्त जनगणना का फील्ड वर्क भी करेंगे। उप-जिला, जिला और राज्य स्तरों पर दूसरे जनगणना अधिकारियों को भी राज्य एवं जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त किया जाएगा। जनगणना 2027 की विशेषताओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह देश में डिजिटल माध्यम से पहली जनगणना होगी और इसमें डेटा का संग्रह मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके किया जाएगा जो एन्डरॉएड और आईओएस दोनों वर्जनों के लिए उपलब्ध होंगे। समूची जनगणना प्रक्रिया की वास्तविक समय आधार पर प्रबंधित और निगरानी करने के लिए एक समर्पित पोर्टल, जिसका नाम सेंसस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम (सीएमएमएस) है, डेवलप किया गया है। घरों की गणना के लिए हाउसलिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) क्रिएटर वेब मैप एप्लीकेशन बनाई गई है जिसका उपयोग प्रभारी अधिकारी करेंगे। इसके अलावा लोगों को को स्वयं गिनती करने का विकल्प भी दिया जाएगा।

### जनगणना के काम के लिए उपयुक्त मानदेय प्रदान किया जाएगा

श्री वैष्णव ने कहा कि राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने 30 अप्रैल 2025 को अपनी बैठक में आगामी जनगणना यानी जनगणना 2027 में जाति गणना को शामिल करने का निर्णय किया। हमारे देश में भारी सामाजिक और जनसांख्यिकीय विविधता तथा संबंधित चुनौतियों के साथ, जनगणना 2027 के दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना (पीई) में जाति डेटा को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भी शामिल किया जाएगा। लगभग 30 लाख फील्ड कर्मचारियों को, जिनमें एन्यूमरेटर, सुपरवाइज़र, मास्टर ट्रेनर, प्रभारी अधिकारी और प्रधान/जिला जनगणना अधिकारी शामिल हैं, डेटा कलेक्शन, मॉनिटरिंग और जनगणना अभियान के पर्यवेक्षण के लिए तैनात किया जाएगा। सभी जनगणना कर्मचारियों को जनगणना के काम के लिए उपयुक्त मानदेय प्रदान किया जाएगा क्योंकि वे अपने नियमित कार्य के अतिरिक्त यह काम भी करेंगे।

# फिर से दंगल की दुनिया में उतरेंगी विनेश फोगाट, सन्यास खत्म करने का ऐलान

**लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारियों की ओर बढ़ाया कदम**

**एजेंसी, जींद।**



ओलंपियन और जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने शुक्रवार को संन्यास वापस लेने का ऐलान करते हुए 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में फिर खेलने की इच्छा जताई।

राजनीति में एंट्री कर चुकी विधायक विनेश फोगाट ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि लोग पूछते रहे कि क्या पेरिस अंत है। बहुत समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था। मुझे मैट से, प्रेशर से, उम्मीदों से, यहां तक कि अपने सपनों से भी दूर जाने की ज़रूरत थी। मुझे अपने सफ़र के बोझ को समझने में समय लगा, उतार-चढ़ाव, दिल टूटना, त्याग, मेरे वो रूप जिन्हें दुनिया ने कभी नहीं देखा और कहीं न कहीं उस सोच में, मुझे सच पता चला, मुझे अब भी यह खेल पसंद है। मैं अब भी मुकाबला करना चाहती हूं। मैं ओलंपिक-2028 की ओर वापस कदम बढ़ा रही हूं। जुलाना विधायक विनेश फौगाट ने सोशल मीडिया पर शेयर की पोस्टल में लिखा, इस बार मैं अकेली नहीं चल रही हूं, मेरा बेटा मेरी टीम में शामिल हो रहा है, मेरा सबसे बड़ा मोटिवेशन, ओलंपिक्स के इस रास्ते पर मेरा छोटा चीयरलीडर है। डिसिप्लिन, रूटीन, लड़ाई... यह सब मेरे सिस्टम में है। मैं कितनी भी दूर चला जाऊं, मेरा एक हिस्सा मैट पर ही रह गया, आग कभी बुझती नहीं थी।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,30,310/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,19,450/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 97,730/10 ग्राम |
| चांदी | | = 1,99,310/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### जुबिन प्रकरण : एसआईटी ने कोर्ट में दाखिल की 2,500 पन्नों की चार्जशीट, सात लोगों के नाम शामिल

**गुवाहाटी।** असम के सांस्कृतिक प्रतीक व गायक जुबीन गर्ग की मौत के हाई-प्रोफाइल जांच में असम पुलिस की विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शुक्रवार को इस मामले में 2,500 पृष्ठों का आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल किया है। वहीं, दस्तावेजों सहित आरोपपत्र में कुल पृष्ठों की संख्या करीब 12 हजार है। इस मामले में सात लोगों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं में आरोपित बनाया है। असम पुलिस की विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रमुख मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने शुक्रवार को जुबिन गर्ग मामले से जुड़े आरोपपत्र अदालत में दाखिल किए जाने की जानकारी दी। कोर्ट में दाखिल अरोपपत्र में आपराधिक साजिश और गैर-इरादतन हत्या से लेकर हत्या और लापरवाही से मौत का कारण बनने जैसे आरोपों को कानूनी आधार बनाया गया है।

### अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की कोशिश, हथियार सहित घुसपैठिया गिरफ्तार

**जम्मू।** बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पारगवाल क्षेत्र में एक घुसपैठिए को पकड़ा है। उसके पास से एक हथियार भी बरामद किया गया है। बीएसएफ के अनुसार जवानों ने सीमा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि देखते ही तुरंत कार्रवाई की और घुसपैठिए को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान अब्दुल खालिक के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद उसे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस पोस्ट पारगवाल (पुलिस स्टेशन खौर) को सौंप दिया गया है। पुलिस इस मामले में पूछताछ कर रही है, ताकि उसके इरादों और किसी संभावित नेटवर्क का पता लगाया जा सके। सुरक्षा एजेंसियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है।

### आंध्र प्रदेश में बस घाटी में गिरी, नौ यात्रियों की मौत, 10 की हालत गंभीर



**आंध्र प्रदेश।** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिला में शुक्रवार सुबह मारेडुमिली घाट रोड पर बस हादसे में बड़ी जनहानि होने का अंदेशा है। घटनास्थल पर नौ लोगों की मृत्यु और अन्य दस के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि हुई है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

# भाजपा सरकार खेत में उतरकर बनाती है कृषि नीति : योगी

**गन्ना उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में नंबर-वन**

**मसौली-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पहले खेती की योजनाएं फाइलों में ही सिमटी रहती थीं। अधिकारी सचिवालय में बैठकर कृषि नीति तैयार करते थे।लेकिन हमारी सरकार खेत में उतरकर किसानों की समस्या समझती है, और खेती की बात किसान के खेत पर ही होती है। उक्त बाते शुक्रवार को पद्मश्री किसान राम सरन वर्मा के फार्म पर आयोजित किसान पाठशाला के आठवें संस्करण का शुभारम्भ करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही।किसान पाठशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहाकि बीज, खाद, सिंचाई और बाजारइन सभी क्षेत्रों में से बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी गई है।



किसान को अब उसकी फसल का सही दाम बिना देरी और बिना कटौती के मिल रहा है। किसान जिन सुविधाओं के लिए पहले महीनों चक्कर काटता था, वह अब उसके घर तक पहुंच रही हैं। किसानों की आय दोगुनी हो चुकी है, और आने वाले समय में तीन गुना होने की ओर बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि डबल इंजन की सरकार ने सिंचाई प्रणाली का आधुनिकीकरण किया है, किसानों को बड़े पैमाने पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराए हैं, और बेहतर तकनीक को खेत-खेत तक पहुंचाया है। उत्तर प्रदेश में आज कृषि तकनीक का वह विस्तार हो रहा है, जिसकी कल्पना दशकों तक नहीं की गई थी। मुख्यमंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश देश के कुल गन्ना उत्पादन में 55 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। गन्ना किसानों के भुगतान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 2 लाख 92 हजार करोड़ रुपये का रिकॉर्ड भुगतान किया है। यह आंकड़ा किसानों के सम्मान, मेहनत और उनकी कमाई की गारंटी है।

### पद्मश्री राम सरन वर्मा की सफलता बनी कृषि क्रांति की मिसाल

32 वर्ष पहले 6 एकड़ से खेती शुरू करने वाले राम सरन वर्मा आज 275 एकड़ में वैज्ञानिक और सहकारिता आधारित कृषि का मॉडल तैयार कर चुके हैं। वे केला, टमाटर, आलू, तरबूज, खरबूजा, मेंथा और गेहूं सहित अनेक फसलों की उन्नत खेती कर रहे हैं। टिश्यू कल्चर केले की तकनीक ने पूरे प्रदेश में हजारों किसानों को नई दिशा दी है। श्री वर्मा ने बताया कि टमाटर की खेती में 60 हजार रुपये की लागत पर 2 से ढाई लाख रुपये तक लाभ मिलना संभव हुआ है। छोटे किसान जो पहले 20-25 हजार रुपये सालाना कमाते थे, अब डेढ़ से दो लाख रुपये कमा रहे हैं। श्री वर्मा वर्षभर में 30 हजार से अधिक लोगों को रोजगार देने में सक्षम हैं। वर्ष 2020 में योगी सरकार की अनुशंसा पर केंद्र की मोदी सरकार ने उन्हें पद्मश्री सम्मान से नवाजा था।

### प्रदेश में नए कृषि युग का शुभारंभ

किसान पाठशाला के इस कार्यक्रम ने स्पष्ट कर दिया कि आधुनिक तकनीक, पारदर्शी नीतियां और खेत पर आधारित नीति-निर्माण ने उत्तर प्रदेश की कृषि को नए युग में प्रवेश करा दिया है। मुख्यमंत्री योगी का संदेश भी साफ था कि किसान मजबूत होगा तो प्रदेश मजबूत होगा, और किसान की समृद्धि ही उत्तर प्रदेश के विकास की असली धुरी है।

### मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील किसान पद्मश्री राम सरन वर्मा सहित किसान पंकज कुमार सिंह, संजय कुमार यादव, संतोष कुमार सिंह, अमित मिश्रा, गुरुदत्त सिंह, गुरु तेग सिंह, दिनेश चंद्र वर्मा, राम अकबाल वर्मा और बबलू कश्यप को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। देशराज, दिनेश प्रताप सिंह, धीरेंद्र वर्मा, अजय कुमार वर्मा, अखिलेश कुमार, चंद्रशेखर प्रजापति, गुरदेव सिंह और बबलू कश्यप आदि लाभार्थियों को डेमो चेक और चाबी देकर सम्मानित किया।

### यूपी भाजपा को 14 दिसंबर को मिल जाएगा नया प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**





भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद के लिए बहुप्रतीक्षित चुनाव की घोषणा कर दी गई है। इसके तहत 13 दिसंबर को नामांकन दाखिल करने, उनकी जांच होने और उसी दिन नाम वापसी होगी। यदि एक से अधिक प्रत्याशी मैदान में होंगे तो 14 दिसंबर को मतदान कराया जाएगा और उसके बाद मतगणना कर नए अध्यक्ष की घोषणा भी कर दी जाएगी। संभव है कि 3 दिसंबर को ही नए अध्यक्ष का चेहरा स्पष्ट हो जाएगा। उत्तर प्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक विनोद तावड़े और पीयूष गोयल विशेष रूप से मौजूद रहेंगे और पूरी चुनाव प्रक्रिया उन्हीं के पर्यवेक्षण में संपन्न कराई जाएगी। भाजपा उत्तर प्रदेश के संगठन के चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय ने बताया कि 13 दिसंबर को दोपहर 1 से 2 बजे तक प्रदेश मुख्यालय में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे और उसी दिन शाम तक नामांकन पत्रों की जांच और वापसी की समय सीमा तय की गई है। उन्होंने बताया कि अगर सिर्फ एक उम्मीदवार नामांकित होता है, तो सर्वसम्मति से चुनाव होगा लेकिन अगर नाम वापसी के बाद एक से अधिक उम्मीदवार होते हैं तो अगले दिन 14 दिसंबर को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा और इसी दिन शाम को मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का भी चयन होगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल अंतिम फैसला सुनाएंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय लखनऊ में बताया कि चुनाव में प्रांतीय परिषद के सदस्य, सांसद, विधायक, जिला-महानगर अध्यक्ष सहित सभी प्रमुख नेताओं को लखनऊ बुलाया गया है। हालांकि मतदान की स्थिति में वही सांसद, विधायक, पदाधिकारी मतदान करेंगे, जिनके नाम संगठन की ओर से जारी मतदाता सूची में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने प्रदेश अध्यक्ष के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है।

# एनडीए परिवार सुशासन, राष्ट्रीय विकास और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सांसदों को रात्रि भोज के लिए बुलाया। सांसद कई अलग समूह में बसों में सवार होकर 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास पर पहुंचे।

बिहार विधानसभा में मिली शानदार जीत के बाद आयोजित इस विशेष रात्रि भोज में मेन्यू भी देश को एक सूत्र में पिरोने जैसा था। सूत्रों के मुताबिक सभी सांसदों को छह सात के समूह में बिठाया गया था। उनके साथ एक मंत्री भी बिठाया गया था।



प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों के टेबल पर जाकर उनसे बात की और उनसे हाल पूछा। उन्हें आग्रह करके प्रेम से भोजन करवाया।

रात्रि भोज के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा आज शाम लोक कल्याण मार्ग स्थित 7 नंबर होटल में एनडीए सांसदों को रात्रिभोज पर आमंत्रित करना अत्यंत सुखद अनुभव रहा। एनडीए परिवार सुशासन, राष्ट्रीय विकास और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम सब मिलकर आने वाले वर्षों में अपने राष्ट्र के विकास पथ को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। सूत्रों के मुताबिक भोजन के मेन्यू में हर राज्य के व्यंजन शामिल थे। एक तरह से कहा जा सकता है कि भोजन में देश के हर राज्य से व्यंजन शामिल किए गए थे जिसके माध्यम से सांसदों को विभिन्नता में एकता का संदेश दिया।

### गोवा अग्निकांड के आरोपियों को भारत लाने की तैयारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** गोवा अग्निकांड में आरोपित नाइट क्लब मालिकों सौरभ और गौरव लूथरा फिलहाल थाई प्रशासन की हिरासत में हैं और उन्हें भारत वापस लाने की तैयारी की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक बैंकॉक में भारतीय दूतावास सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा से जुड़े मामले में थाई अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है।दूतावास की दखल के बाद फुकेट में थाई अधिकारियों ने दोनों को हिरासत में ले लिया है। थाई अधिकारी अभी स्थानीय कानूनों के अनुसार कार्रवाई कर रहे हैं, जिसमें दोनों को भारत वापस भेजना भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि गोवा के नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। दोनों आरोपित नाइट क्लब के मालिक हैं और घटना के बाद थाइलैंड भाग गए थे।

# नहीं रहे शिवराज पाटिल

**एजेंसी, मुंबई।**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को महाराष्ट्र के लातूर में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री पाटिल ने शुक्रवार सुबह लगभग 6:30 बजे लातूर स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार थे और लातूर में ही उनका इलाज चल रहा था। श्री पाटिल ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में केंद्रीय गृहमंत्री और रक्षा मंत्री सहित कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वह लोकसभा अध्यक्ष भी रहे। बारह अक्टूबर 1935 को जन्मे श्री पाटिल महाराष्ट्र के लातूर से सात बार सांसद रहे। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में उन्हें गृह मंत्री, रक्षा मंत्री का कार्यभार सौंपा गया था। उन्होंने 1991 से 1996 तक देश के 10वें लोकसभा अध्यक्ष के तौर पर काम किया। उन्होंने 2010 से 2015 तक पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक के तौर काम किया।श्री पाटिल 2008 के मुंबई हमलों के समय देश के गृहमंत्री थे और इस हमले के बाद हुई व्यापक आलोचना के बाद उन्होंने 30 नवंबर 2008 को घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

**कार्रवाई**

### कफ सिरप तस्करी मामले में ईडी का बड़ा एक्शन

# एसटीएफ के बर्खास्त सिपाही समेत 25 के ठिकानों पर छापा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में कोडीन आधारित कफ सिरप की अवैध तस्करी पर प्रहार करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को छह शहरों में एक साथ छापेमारी की कार्रवाई शुरू की। मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की गई इस कार्रवाई में एजेंसी ने कुल 25 ठिकानों पर तलाशी ली और कई अहम दस्तावेज जब्त किए।

सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार तड़के ईडी की टीमें लखनऊ, वाराणसी, रांची, अहमदाबाद, जौनपुर और सहारनपुर में सक्रिय हुईं। लखनऊ में एजेंसी ने इस सिंडिकेट से जुड़े माने जा रहे निलंबित एसटीएफ कांस्टेबल आलोक प्रताप सिंह के आलीशान आवास पर लंबी तलाशी ली। सुशांत

**कोडीन आधारित दवाओं की अवैध सप्लाई चेन को ध्वस्त करने के लिए एजेंसियों का अभियान लगातार तेज**

गोल्फ सिटी स्थित घर से अधिकारी कई संदिग्ध दस्तावेज, बैंक लेनदेन रिकॉर्ड, डिजिटल डिवाइस और कथित हवाला कनेक्शन से जुड़े कागज़ात अपने कब्जे में ले गए। आलोक प्रताप सिंह इस समय एसटीएफ की हिरासत में है।

उधर, इसी मामले में एक दिन पहले पुलिस ने भगोड़े चल रहे दीपक मनवानी के दो साथियों सूरज मिश्रा और प्रीतम सिंह को गिरफ्तार किया।




मनवानी को 11 अक्टूबर को ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त छापेमारी में बड़ी मात्रा में कोडीन सिरप, टैबलेट, कैप्सूल और इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया था।

एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने बताया कि पूछताछ में मनवानी ने स्वीकार किया था कि अवैध दवाएं वह सूरज और प्रीतम से खरीदकर नशेड़ियों को बेचता था। उसका एक अन्य सहयोगी अरुष सक्सेना अभी भी फरार है।

गुरुवार को पुलिस ने सूरज को वीआईपी रोड के पास बैकुंठ धाम से और प्रीतम को बाशाहनगर से दबोचा। सूरज, सीतापुर के अटरिया सदनपुर का रहने वाला है और 'न्यू मंगलम आयुर्वेदिक' नाम की दवा एजेंसी चलाता है। प्रीतम, बहराइच के बड़ी राजा गांव का निवासी है और पुरानिया स्थित पारिवारिक रेस्तरां में काम करता है।

कोडीन आधारित दवाओं की अवैध सप्लाई चेन को ध्वस्त करने के लिए एजेंसियों का अभियान लगातार तेज़ हो रहा है। जांच एजेंसियों का कहना है कि यह नेटवर्क राज्य में तेजी से फैल रहा था, जिसे जड़ से खत्म करने के लिए समन्वित कार्रवाई जारी रहेगी।

# डीजीसीए ने इंडिगो संकट मामले में चार अधिकारियों को किया बर्खास्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो संकट मामले में चार फ्लाइट ऑपरेशन्स इंस्पेक्टर (एफओआई) पर कार्रवाई करते हुए उन्हें बर्खास्त कर दिया है।

डीजीसीए के 11 दिसंबर को जारी आदेश में कहा गया है कि ये अधिकारी तत्काल प्रभाव से डीजीसीए की सेवा से मुक्त कर दिये गये हैं और अपने मूल संगठनों में वापस चले जायेंगे।

जिन अधिकारियों पर कार्रवाई की गयी है। उनमें कंसल्टेंट (डिप्टी चीफ एफओआई) ऋषिराज चटर्जी, सीनियर एफओआई सीमा झमनानी, कंसल्टेंट (एफओआई) अनिल कुमार पोखरियाल और कंसल्टेंट (एफओआई) प्रियम कौशिक शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि दिसंबर के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में इंडिगो की उड़ानें रद्द की गईं जिससे लोगों को भारी परेशानी का समाना करना पड़ा है। इसका असर अब तक देखा जा रहा है क्योंकि सरकार के दूरी के हिसाब से अधिकतम हवाई किराया तय करने के बाद भी टिकट के दाम आसमान छू रहे हैं। सबसे बुरा हाल 05 दिसंबर को रहा जब इंडिगो की 1,500 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं। सरकार ने इस संकट की जांच के लिए एक चार सदस्यीय समिति बनायी है। इसके अलावा, इंडिगो को अपने विंटर शिड्यूल की उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती करने का आदेश दिया गया है।

### इंडिगो को 58.75 करोड़ का कर नोटिस

दिसंबर के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में उड़ानें रद्द करके लाखों यात्रियों की परेशानी का सबब बनी विमान सेवा कंपनी इंडिगो की मुश्किलें और बढ़ गयी हैं उसे केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) से जुड़े एक मामले में 58.75 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया गया है। इंडिगो ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि उसे कर विभाग के दक्षिणी दिल्ली कमीशनरेट के अतिरिक्त सीजीएसटी आयुक्त से गुरुवार 11 दिसंबर को यह नोटिस प्राप्त हुआ है। नोटिस में वित्त वर्ष 2020-21 के लिए एयरलाइंस से 58 करोड़ 74 लाख 99 हजार 439 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने के लिए कहा गया है।

# अवैध गन्ना परिवहन पर एआरटीओ प्रशासन ने की कार्रवाई

## जनपद में अवैध तरीके से गन्ना परिवहन करने वाले वाहनों को बक्शा नहीं जायेगा: एआरटीओ प्रशासन

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



आरटीओ प्रशासन आर.सी. भारतीय द्वारा देर रात्रि बजाज चीनी मिल कुंदरखी यूनिट के अंतर्गत एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें कृषि ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध तरीके से गन्ना परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कृषि ट्रैक्टरों में अनधिकृत पंजीकृत ट्रॉला लगाने के जरिए गन्ना परिवहन को नियंत्रित करना और कृषि कानूनों की अनुपालन सुनिश्चित करना था।

इस अभियान के दौरान, एआरटीओ अधिकारियों ने देखा कि कई ट्रैक्टर जो केवल कृषि कार्य के लिए पंजीकृत थे, उन्हें कमर्शियल तरीके से ओवरहाइट गन्ना लोड करने के लिए उपयोग किया जा रहा था। विशेषकर, दो कृषि पंजीकृत ट्रैक्टरों में बड़े साइज के ट्रॉला संलग्न कर अवैध रूप से गन्ना परिवहन किया जा रहा था। यह स्पष्ट था कि ये ट्रैक्टर कृषि उद्देश्यों के बजाय वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित कर दिए गए थे, जो कि न केवल कानून का उल्लंघन करता है बल्कि कृषि क्षेत्र में अनुशासन और सुरक्षा को भी खतरे में डालता है। एआरटीओ प्रशासन ने पूर्व निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वाले ट्रैक्टरों और ट्रॉला को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए। संबंधित वाहनों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्यवाही की गई है, ताकि इस प्रकार की अनाधिकृत गतिविधियों को रोका जा सके। प्रशासन ने किसानों और परिवहन मजदूरों को इस संबंध में जागरूक करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि सभी किसान केवल मान्यता प्राप्त और पंजीकृत वाहनों का ही उपयोग करें। एआरटीओ प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि किसी भी प्रकार के अवैध परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## फिर हुए कुत्ते आक्रामक किशोर को किया घायल

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव में एक बार फिर आवारा कुत्ते आक्रामक हो गए हैं। शुक्रवार सुबह ब्लाक क्षेत्र के बेलासपुर गांव निवासी ललतू प्रसाद का 11 वर्षीय बालक करन निषाद घर के बाहर खड़ा था। तभी अचानक आवारा कुत्ते ने हमला बोल दिया। कुत्ते ने करन की जांघ में बुरी तरह नोच लिया। परिजन इलाज के लिए आनन फानन में में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर लेकर आए। जहां उपचार हुआ। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ विकास सिंह ने बताया कि जख्म गहरा था। एंटीरेबीज टीका लगाने के साथ उपचार किया गया है। खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने बताया कि टीम को मौके पर भेजा जा रहा है। ज्ञात हो कि 24 फरवरी 2024 को मटेरा कला गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद की सात वर्षीय बेटी मानसी उर्फ पिंकी तथा 15 जुलाई 2025 को छब्बन का 11 वर्षीय बालक नूरुद्दीन को कुत्तों के झुंड ने नोच नोचकर मौत के घाट उतार दिया है।

# सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी को ढूंढे नहीं मिल रहा है गोंडा का जिला अध्यक्ष

▸ पार्टी को कही बाह्मण चेहरे की तलाश तो नहीं !

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



भारतीय जनता पार्टी को सात महीने बीतने के बाद भी जिलाध्यक्ष का चेहरा नहीं मिल पाया है। करोड़ों कार्यकर्ताओं को दंश कब तक झेलना पड़ेगा। इसका उत्तर किसी के पास नहीं है। अगर सात विधानसभाओं की बात करें तो कटरा विधानसभा में ब्रह्माण मतदाता एक लाख से अधिक है। जिनके द्वारा कटरा का नेतृत्व करता हैं। बात करें मेहनौन विधानसभा की तो यहां भी ब्राह्मणो का दबदबा रहता है। वहीं तरबगंज विधानसभा में ब्रह्माण मतदाता का खासा प्रभाव होता हैं। करनैलगंज में भी ब्रह्मांडो की खासी भूमिका होती हैं। वहीं विधानसभा सदर गोण्डा में ब्रह्माण 60 हजार के करीब हैं जिनके द्वारा विधायक की तकदीर लिखी जाती हैं।और विधानसभा गौरा व मनकापुर में राज घराने का दबदबा रहता है। जिनके इशारे पर ही राज्यसभा पहुंचा जा सकता है।ऐसे में गोण्डा जनपद में ब्रह्माण जिलाध्यक्ष का चेहरा खास माना जाता हैं। अगर पार्टी गैर ब्राह्मण का जिलाध्यक्ष का चेहरा उतारती है। तो 2027 का चुनाव काफी चुनौती पूर्ण हो जाएगा ऐसे में पार्टी कोई रिस्क लेना नहीं चाहती है।सूत्रों की मानें तो देरी होना इसकी एक वजह मानी जा रही है। जबकि यूपी के कई जनपदों में जिलाध्यक्ष की घोषणा की जा चुकी है। लेकिन गोण्डा अभी भी इंतजार कर रहा है।

# एआई से दक्ष होकर युवा पीढ़ी भारत को बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में निभा सकती है महत्वपूर्ण भूमिका : रवि शंकर सिंह

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (यंत्र प्रज्ञा) दक्षता आज समय की मांग बन चुकी है उक्त बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के ललिता सभागार में बीबीए विभाग एवं आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलपति, मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय प्रोफेसर रवि शंकर सिंह ने कहीं उन्होंने व्यापार एवं अर्थव्यवस्था के भविष्य को संवारने में एआई, उद्यमिता एवं सतत विकास पर प्रकाश डालते हुए भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में युवाओं की भूमिका पर बोलते हुए कहा एआई में दक्ष होकर युवा पीढ़ी भारतवर्ष को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. संजय मेधावी एक्स रजिस्टर, डीन फैकल्टी ऑफ़ मैनेजमेंट लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधन में उद्यमिता, सतत विकास में भारत के बढ़ते कदम पर अपने विचार व्यक्त किया वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय के अनूप सिंह. अध्यक्ष डामा , न्यूजीलैंड, ट्रिपल आईआईटी प्रयागराज,प्रो रणजीत सिंह एवं केएमसी लैंग्वेज यूनिवर्सिटी लखनऊ के प्रो नीरज शुक्ला ने विशिष्ट अतिथि ने ए आई बेस्ड ऑन आई के एस पर अपना व्याख्यान दिया। प्रभारी प्राचार्य प्रो बीपी सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया , आइक्यूएसी के समन्वयक व इस अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के संयोजक प्रोफेसर जितेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ,स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर किया तथा कांफ्रेंस की उपयोगिता पर विचार व्यक्त किया। सेमिनार की संयोजक डॉ शैलजा सिंह ने सेमिनार के मुख्य विषय की रूपरेखा पर प्रकाश डाला वही डॉ स्मृति शिशिर ने मंच संचालन किया द्य प्रो राजीव अग्रवाल,प्रो संजय पांडेय, प्रो ,मंसाराम , प्रो अभय श्रीवास्तव, प्रो जितेंद्र पाल, प्रो. शशिबाला ,प्रो जयशंकर तिवारी, प्रो अरविंद कुमार शर्मा ,डॉ रेखा शर्मा ,डॉ चमन कौर,डॉ संतोष श्रीवास्तव ,शिशिर त्रिपाठी , डॉ वंदना भारतीय,डॉ प्रतिभा सिंह, डॉ स्मिता सिंह, डॉ मुक्ता टंडन का सहयोग सराहनीय रहा। इस अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में देश विदेश के 400 से अधिक डेलीगेट प्रतिभाग कर रहे है।

# गीता गोष्ठी का विराट रजत जयंती समारोह कल

▸ रामलीला मैदान में आयोजित पत्रकार वार्ता में संयोजक ने कार्यक्रम की दी जानकारी

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



सनातन धर्म के प्रति समर्पित जनपद की लब्ध प्रतिष्ठ संस्था गीता गोष्ठी के तत्वावधान में गीता जयंती के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह रविवार 14 दिसम्बर को प्रातः 09 बजे से मालवीय नगर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित किया जा रहा है। समारोह की तैयारियों पर शुक्रवार को रामलीला मैदान में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई।

गीता गोष्ठी के संस्थापक सदस्य इं. सुरेश दूबे ने कहा कि गीता गोष्ठी की स्थापना 17 दिसंबर 2000 से प्रारम्भ हुई थी। इस वर्ष संस्था के पचीस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विराट रजत जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के अन्तर्गत प्रातः नौ बजे यज्ञ हवन व दस बजे गीता ज्ञान प्रसार यात्रा एवं ग्यारह बजे से प्रवचन व्याख्यान कार्यक्रम है। समारोह में देश के विख्यात राष्ट्रवादी विचारक व प्रखर वक्ता व सनातन धर्म के संस्थापक डा. गौतम खट्टर मुख्य आकर्षण होंगे। इसके अतिरिक्त जूना अखाड़ा रुड़की के महामंडलेश्वर यतींद्रानंद जी महाराज हरिद्वार से स्वामी परमानन्द जी महाराज व वाराणसी से राजर्षि गांगेय हंस व राष्ट्रवादी वक्ता महिम तिवारी गीता के महात्मय एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सनातन धर्म की चुनौती पर विचार व्यक्त करेंगे। समारोह में शास्त्रीय गायिका किरन पांडेय के निर्देशन में भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। पत्रकार वार्ता में चन्द्रभाल मिश्र, जनार्दन सिंह, धीरेन्द्र प्रताप पाण्डेय, रमेश दूबे, राजेश दूबे, संदीप मेहरोत्रा,अनिल सिंह, मौजूद रहे।

## कांस्य पदक अर्जित करने वाली महिला मुख्य आरक्षी को एसपी ने किया सम्मानित

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। पुलिस अधीक्षक ने 35वीं ओपेन सीनियर नेशनल सेपक टकरा चैम्पियनशिप प्रतियोगिता-2025 में सेपक टकरा टीम इवेंट में प्रतिभाग कर कांस्य पदक अर्जित करने वाली महिला मुख्य आरक्षी को सम्मानित किया। दिनांक 23.10.2025 से 27.10.2025 तक मडगाँव, गोवा में आयोजित 35वीं ओपेन सीनियर नेशनल सेपक टकरा चैम्पियनशिप प्रतियोगिता-2025 में उत्तर प्रदेश पुलिस सेपक टकरा टीम की ओर से जनपद बहराइच की महिला मुख्य आरक्षी शशि प्रभा द्वारा प्रतिभाग कर कड़ी मेहनत एवं लगनशीलता का परिचय देते हुये टीम ईवेन्ट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुये कांस्य पदक अर्जित किया गया। उनके इस कुशल खेल प्रदर्शन के लिये उन्हें पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने सम्मानित किया।

# श्री बाबा गंगाराम जी का अमृत महोत्सव आज

▸ धूमधाम से निकलेगी निशान एवं कलश शोभायात्रा

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



झुंझुनू वाले विष्णु अवतारी श्री बाबा गंगाराम जी का अमृत महोत्सव आज दिनांक 13 दिसंबर दिन शनिवार को रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में धूमधाम से मनाया जाएगा ।यह आयोजन श्री बाबा गंगाराम सेवा समिति गोंडा द्वारा किया जाएगा। आयोजक शैलेश सिंघानिया ने बताया कि आज शनिवार 13 दिसंबर को प्रातः 10:00 बजे विशाल निशान शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो श्री श्याम मंदिर से निकलकर साहिबगंज, नूरामल मंदिर, बड़गांव पुलिस चौकी होते हुए वापस श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला पर समाप्त होगी। और सांयकाल 5:00 बजे भजन संध्या और नृत्य नाटिका का भी आयोजन किया गया है जिसमें भास्कर दा एंड पार्टी कोलकाता द्वारा मशहूर नृत्य नाटिका भजनों की रसधार पर प्रवाहित करेंगे ।और भजनों की अमृत वर्षा में गोरखपुर की भजन गायिका शिप्रा सलोनी, नानपारा से भजन गायक कुमार शानू और कोलकाता के भजन गायक नवीन जोशी द्वारा अपने मुखार बिन्दु से भजनों की हाजिरी लगाएगे। इस कार्यक्रम को तैयारी को लेकर गुरुवार देर शाम को श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में एक बैठक शैलेश सिंघानिया के नेतृत्व में आयोजित हुई ,जिसमें सभी कार्यक्रम पर समीक्षा हुई । और बाहर से आने वाले भक्तों को ठहरने की व्यवस्था भी श्री राम जानकी धर्मशाला में की गई है। बैठक के दौरान ज्ञान प्रकाश सिंघानिया, सुरेश अग्रवाल , गोविंद जालूका, सुशील पचेरिया, सुरेश भावसिंहका , विमलेश सिंघल, आशुतोष सिंघल,अमित सिंघानिया ,प्रेम कुमार गोयल,अजय अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## स्काउट गाइड शिविर का हुआ समापन, छात्रों को दिए टिप्स

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद बहराइच के तत्वाधान में ब्लॉक शिवपुर मुख्य के सामने स्थित राम प्यारे शिव शंकर इंटर कालेज में तीन दिवसीय प्रथम सोपान एवम् द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार शाम समापन हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश प्रताप सिंह जिला सचिव स्काउट एवं विशिष्ट अतिथि मुक्तेश्वर पोद्दार जिला कोषाध्यक्ष,डॉक्टर राजेश प्रताप सिंह जिला सचिव मनोज कुमार पांडेय जिला आयुक्त स्काउट रहे।कार्यक्रम का संचालन कल्लन इदरीसी जिला संगठन आयुक्त स्काउट एवं कायमा इस्लाम जिला संगठन आयुक्त गाइड ने किया। मुख्य अतिथि एवम विशिष्ट अतिथि ने बच्चों द्वारा बनाया गया टेंट, गेट, रंगोली, तथा बिना बर्तन के बनाए गए बहुत ही लजीज व्यंजन बाटी चोखा का आनंद लिया।

# गोंडा-फैजाबाद रोड पर हो रहा मिट्टी खनन, प्रशासन मौन



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

जिले में पुलिस प्रशासन की सरपरस्ती में इन दिनों गोंडा-फैजाबाद रोड खोराहसा से लेकर मुन्नन खां चौराहे तक मिट्टी के अवैध खनन का धंधा परवान पर है। खनन माफिया धरती का सीना छलनी कर अवैध कालोनियों में भराव कर रहे हैं। खनन फावड़े के बजाय जे सीबी से हो रहा है,अनुमति से अधिक स्थानों पर हो रहा है, जितने गहराई तक खुदाई की अनुमति है,उसके दोगुना खोदा जा रहा है।

और यह सब राजनीतिक और कुछ प्रभावशाली लो गों की मिलीभगत से चल रहा है।जिले के आ ला अधिकारियों तक को इस बात की सूचना होने के बावजूद अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई खनन माफियाओं के खिलाफ नहीं की गई। देहात कोतवा ली थाना क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन का कारो बार बड़े स्तर पर चल रहा है। रात भर सड़कों पर मिट्टी से भरी ट्रालियां दौड़ती रहती हैं। तिवा री बजार पुलिस चौकी,दर्जीकु आँ पुलिस चौकी सद्भावना पुलिस चौकी,मिश्रौलिया पुलिस चौ की क्षेत्र के आसपास गांवो में बड़े पैमाने पर मि ट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है।इतना ही नहीं अनुमति से दोगुना स्थानों पर अवैध खनन और वो भी जेसीबी से किया जा रहा है।यही न हीं जितनी गहराई तक खुदाई की अनुमति मि ली है,उससे दोगुना से ज्यादा खुदाई करने के कारण बहुत स्थानों पर खाई बन गई हैं।

### तो अधिकतर भूमि हो जाएगी बंजर

जानकारों का कहना है कि अवैध मिट्टी खनन के कारण खेतों से उर्वरा मिट्टी समाप्त होती जा रही है। यही हाल रहा तो अधिकतर भूमि बंजर हो जाएगी। वही मिट्टी खनन के लिए जेसीबी से खनन करने की मंजूरी नहीं दी जाती है। रायल्टी जमा करने के बाद भी जेसीबी से खनन करने की मंजूरी न देते हुए प्रशासन सिर्फ फावड़े से ही मिट्टी उठाने की अनुमति देता है जानकारी के अनुसार मिट्टी के खनन के लिए खनन विभाग की अनुमति जरूरी है। इस के लिए निर्धारित प्रारूप पर डीएम,एडीएम, ख नन अधिकारी और बीडीओ के नाम पर एप्ली केशन देनी होती है।आवेदक को जिस स्थान से मिट्टी लाई जा रही है,उसकी खतौनी के अनुसार भू स्वामी का भी पूरा ब्योरा देना होता है। यह भी सूचना देनी होती है कि कितनी मिट्टी का खनन हो रहा है,जहां मिट्टी खोदी जा रही है, वहां से निर्माण स्थल कितनी दूर है।मिट्टी ढोने वाले वाहन का नंबर,चालक का नाम और उस का मोबाइल नंबर भी बताना होता है।

## कंपोजिट विद्यालय टंडवा महंत में आयोजित हुई बीएलओ और बीएलए की मीटिंग



फखरपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़। निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार बीएलओ द्वारा जनप्रतिनिधियों तथा बूथ लेवल एजेंट्स के साथ मीटिंग का आयोजन करके एसआईआर के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय टंडवा महंत में भाग संख्या 32 तथा 33 के बीएलओ ने विभिन्न राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट्स शंकर, रामचंद्र, शिवकुमार, योगेश चौधरी तथा भाजपा विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, मंडल अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, प्रदीप पांडेय के साथ बैठक किया। भाग संख्या 33 के बीएलओ मनीष कुमार मिश्र ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से एसआईआर के बारे में संक्षिप्त चर्चा करते हुए मृत, शिफ्टेड, अनुपस्थित मतदाताओं तथा अप्राप्त गणना प्रपत्रों के बारे में जानकारी दिया। भाजपा नेता गौरव वर्मा ने सभी से बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआईआर में सहयोग करने की अपील किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रवेश वर्मा, रितेश वर्मा, जगदंबिका प्रसाद वर्मा, सीताराम, रशीद खान मौजूद रहें।

# सही फैसले माँ-बच्चे को बनाते हैं सेहतमंद: सीएमओ

▸ जरवल के रेवलिया गाँव में स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।




मातृत्व स्वास्थ्य में सबसे बड़ी भूमिका समय की होती है—कब शादी हो, कब गर्भ ठहरे और बच्चों के बीच कितना अंतर रखा जाए। सही समय पर लिए गए फैसले ही माँ और बच्चे दोनों की सेहत को सुरक्षित बनाते हैं। यह बातें 'उम्मीद परियोजना' के तहत गुरुवार को रेवलिया गाँव में आयोजित स्वास्थ्य मेले को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से पहले शादी और 20 वर्ष से पहले गर्भ ठहरना माँ और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। कम उम्र में शरीर पूरी तरह विकसित नहीं होता, जिससे एनीमिया, हाई ब्लड प्रेशर, कम वजन के बच्चे और प्रसव जटिलताओं की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने दो बच्चों के बीच कम से कम तीन वर्ष का अंतराल रखने, गर्भावस्था के दौरान समय पर जांच, टीकाकरण और आयरन-कैल्शियम की नियमित खुराक सुनिश्चित करने पर जोर दिया। डीपीएम सरजू खान ने आधुनिक परिवार नियोजन साधनों—कंडोम, माला-एन, छाया गोली, अंतरा इंजेक्शन, कॉपर-टी, प्रसव पश्चात कॉपर-टी और नसबंदी विकल्पों—के बारे में जानकारी दी और बताया कि सभी सेवाएँ सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध हैं। इनमें 61 लोगों को परिवार नियोजन परामर्श दिया गया, 48 आयुष्मान कार्ड बनाए गए, 279 ग्रामीणों को दवाइयाँ दी गईं और 95 किशोर-किशोरियों को स्वास्थ्य व पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की गई। महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के तहत सेनेटरी पैड वितरित किए गए, जबकि रक्तचाप, शुगर और हीमोग्लोबिन जांच सहित आवश्यक चिकित्सा सेवाएँ भी उपलब्ध रहीं। इस अवसर पर मोबियस फाउंडेशन के स्टेट प्रतिनिधि प्रभात कुमार, यूनिसेफ़ से दिलीप मिश्रा, एआरओ मुशर्रफ सिद्दीकी, भारत स्काउट गाइड के जिला प्रतिनिधि, आरकेएसके काउन्सलर, आरबीएसके टीम की डॉ. शबा, आयुष्मान मित्र, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जुबैर अहमद, सीफार प्रतिनिधि, एएनएम, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, कम्युनिटी चैंपियन तथा पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि और फील्ड फैसिलिटेटर्स मौजूद रहे।

# अग्निकांड में 15 बकरियां चार नौनिहालों की मौत

मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज।



मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कतरनिया राजापुर के मजरा ताड़पुरवा में देर रात हुए अग्निकांड में ग्रामीणों के तीन आशियाने जलकर राख हो गए। घटना उस समय हुई जब परिवार के सदस्य भोजन कर सो चुके थे। जानकारी के अनुसार, लीलावती देवी पत्नी राम किशुन, राम किशुन पुत्र रामवृक्ष तथा मलखान पुत्र रामवृक्ष के छप्परनुमा घरों में अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी। आग इतनी तेजी से फैल गई कि ग्रामीणों के प्रयासों के बाद भी घरों को बचाया नहीं जा सका। अग्निकांड में तीनों परिवारों की 15 बकरियां व 4 नन्हे बच्चे जलकर मर गए। वहीं घर में रखा अनाज, कपड़े व अन्य जरूरी सामान भी राख में तब्दील हो गया। ग्रामीणों ने तत्काल बिजली विभाग को फोन कर बिजली कटवाने की अपील की, लेकिन तब तक तीनों घर जल चुके थे। सूचना के बावजूद राजस्व विभाग और अग्निशमन टीम के मौके पर न पहुंचने से ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवारों को तत्काल सरकारी सहायता दिलाए जाने की मांग की है।

# एसपी ने किया पुलिस चौकी रायबोझा का उद्घाटन



मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज।

थाना मोतीपुर क्षेत्र अंतर्गत चौकी रायबोझा में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रामनरायन सिंह ने संभ्रांतजनों की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से एक छोटी बच्ची द्वारा फीता काटकर उद्घाटन कराया गया, जिससे क्षेत्र में खुशियों का माहौल देखने को मिला। उद्घाटन समारोह में एसपी रामनरायन सिंह ने कहा कि नई पुलिस चौकी का निर्माण स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा व सुविधा को और मजबूत करेगा। उन्होंने बताया कि चौकी के संचालन से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी तथा आपातकालीन स्थितियों में लोगों को तुरंत सहायता मिल सकेगी। साथ ही अपराध नियंत्रण व रोकथाम में यह चौकी एक महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगी। कार्यक्रम के दौरान एसपी समेत ग्रामीणों, गणमान्य व्यक्तियों और पुलिस बल ने चौकी परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, प्रभारी निरीक्षक मोतीपुर आनन्द कुमार चौरसिया सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी/कर्मचारी और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर एसपी ने मोतीपुर क्षेत्र के 10 चौकीदारों को साइकिल, 7 चौकीदारों को 1100-1100 रुपए, मेस कुक को 2000-2000 रुपए तथा 49 चौकीदारों को शाल, साफा व बेंत की लाठी वितरित कर उन्हें सम्मानित किया।

## दुनिया में छुआछूत पाप नहीं है, फिर कुछ भी पाप नहीं है: कौशल किशोर

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। राजेंद्र भवन संघ कार्यालय बहराइच में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्यपद्धति के निर्माण एवं विकास में प्रमुख भूमिका निभाने वाले प्रखर राष्ट्रवादी ,तृतीय सरसंघचालक बाला साहेब देवरस की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत प्रचारक कौशल किशोर, मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक राजकिशोर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक कौशल ने बालासाहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ की शुरुआत से लेकर उसे एक विशाल संगठन बनाने और देश भर में विस्तार देने में उनका अमूल्य योगदान था। उन्होंने आपातकाल का डटकर मुकाबला किया और युवाओं को चरित्र निर्माण व राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते रहे।

# राष्ट्रीय आयुष मिशन: आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का हो बेहतर संचालन

बहराइच समृद्धि न्यूज।




राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत जनपद बहराइच में 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का संचालन किया जा रहा है जिसमें 12 आयुर्वेद आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं 01 यूनानी तथा 05 होम्योपैथिक में संचालित है जिनके माध्यम से दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष पद्धति के माध्यम से असाध्य रोगों का इलाज जन-जन तक पहुँचाया जा रहा है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के माध्यम से आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन होम्यापैथिक विधा के माध्यम से संचालित कराया जा रहा है जिन सुदूर क्षेत्रों में आयुष डेस्पेंसरी या स्वास्थ्य सुविधा नहीं है ऐसे क्षेत्रों को चिहिन्त कर आयुष मोबाइल यूनिट द्वारा वहां चिकित्सा शिविर के माध्यम से मरीजों का उपचार किया जाता है। आयुष आपके द्वार आपके कम में आयुष निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रतिमाह यूनानी होम्योपैथ के माध्यम से कराकर आयुष उपचार का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जाता है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत योग प्रशिक्षण/अभ्यास कार्यक्रम नित प्रतिदिन योग प्रशिक्षकों के माध्यम से पार्क / सामुदायिक स्थल/प्राथमिक/माध्यमिक/ स्नानकोत्तर महाविद्यालयों में योग त्तत्र का आयोजन कर योग के माध्यम से स्वस्थ रहने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जा है एवं इसके द्वारा जनसामान्य को लाभ प्राप्त कराया जा रहा है। अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन भारत सकार के द्वारा योग को विश्व पटल पर अंतराष्ट्रीय इसके क्रम में 15 जून से योग सप्ताह का शुभारम्भ करते हुए जनपद के समस्त विभाग विद्यालय/सामुदायिक स्थल/पर्यटक स्थल/दर्शानिक स्थल गृहद रूप से योगाभ्यास शिविर का आयोजन कराकर योग का लाभ प्रदान किया जाता है तथा 21 जून को जनपद स्तर पर वृहद एकत्रीकरण योग समागम का आयोजन कराया जाता है जिसमें हजारो की संख्या में प्रतिभागियों के द्वारा योगभ्यास का लाभ लिया जाता है। आयुष मिशन उ.प्र. राज्य आयुष सोसाइटी लखनऊ के बजट से निर्माणाधीन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय भग्गडवाबाजार / राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गंगवल, बहराइच। प्रतिवर्ष 23 सितम्बर को मनाया जाने वाला आयुर्वेद दिवस के माध्यम से आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार से जनसामान्य को स्वास्थ्य लाभ देने का कार्य किया जाता है।

# सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार देने वाला बनाना : कपिलदेव

▸ भारत को 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में गति मिलेगी और यूपी विकसित भारत की रीढ़ बनेगा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, ड्रोन तथा अन्य भविष्यगत तकनीकों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य युवाओं को रोजगार पाने वाला ही नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाना है। इसी उद्देश्य से आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों में बाजार की मांग के अनुसार नए कोर्स शुरू किए जा रहे हैं।

शुक्रवार को विकसित उत्तर प्रदेश @2047 विजन के तहत राज्य में कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और प्राविधिक शिक्षा को भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने के उद्देश्य से योजना भवन, लखनऊ में राज्य स्तरीय विचार-मंथन सम्मेलन आयोजित किया गया।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि इन प्रयासों से भारत को 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में गति मिलेगी और यूपी विकसित भारत की रीढ़ बनेगा।



मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कहा कि विकसित भारत के विजन में उत्तर प्रदेश की भूमिका केंद्रीय है, इसलिए मानव पूंजी को मजबूत बनाने तथा उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में बजट की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री के अन्य सलाहकार जे.एन. सिंह ने आईटीआई-पॉलिटेक्निक को विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की नींव बताते हुए उनकी मान्यता और एफिलिएशन प्रक्रियाओं को सरल बनाने की आवश्यकता रेखांकित की। सम्मेलन में फ्रंटियर टेक्नोलॉजी, नवाचार, उद्यमिता संवर्द्धन और रोजगार सृजन पर विस्तृत चर्चा हुई। पैनल चर्चाओं में नए पाठ्यक्रमों, प्रयोगशाला उन्नयन, डिजिटल अधोसंरचना, प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण, बालिकाओं एवं ग्रामीण युवाओं तक कौशल पहुंचाने, स्टार्टअप और इनक्यूबेशन को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। प्रतिभागियों ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश तभी संभव है जब कौशल विकास को गांव-गांव तक पहुंचाकर सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान किए जाएं। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग विशेषज्ञ एवं अन्य स्टेकहोल्डर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में मिली उल्लेखनीय सफलता

अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग नरेन्द्र भूषण ने बताया कि प्रदेश के पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधारने हेतु एकेडमिक कैलेंडर को राष्ट्रीय स्तर पर एकरूप किया गया है। टीटीएल के सहयोग से 121 पॉलिटेक्निक संस्थानों को इंडस्ट्री 4.0 मॉडल के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। naukri.com के साथ एमओयू के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में उल्लेखनीय सफलता मिली है।

### 212 आईटीआई को टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से किया गया अपग्रेड

प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग डॉ. हरिओम ने बताया कि 212 आईटीआई को टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से अपग्रेड किया गया है, जहां दो वर्षों में लगभग 24 हजार युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख प्रशिक्षार्थी आईटीआई के माध्यम से और लगभग 70 हजार युवा कौशल विकास मिशन के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन, एआई, ब्लॉकचेन और आईओटी जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर यूपी तकनीकी नेतृत्व की ओर तेजी से अग्रसर है।

## यूपी के सरकारी कर्मचारी नहीं कर सकेंगे हड़ताल, दह महीने के लिए लगा एस्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने अगले छह महीने के लिए आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम यानि एस्मा लागू किया है। इसके तहत राज्य सरकार के सभी विभागों, निगमों और प्राधिकरणों में कार्यरत कर्मचारियों के हड़ताल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रदेश में अब कोई सरकारी कर्मचारी हड़ताल नहीं कर पाएगा।

राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम, 1966 यूपी अधिनियम संख्या 30, 1966 की धारा-3 की उपधारा (1) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार ने अधिसूचना की तारीख से छह महीने की अवधि के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी है। यह निर्णय राज्य में बिजली कर्मचारियों के संभावित हड़ताल को देखते हुए लिया गया है।

राज्य सरकार की तरफसे जारी आदेश में कहा गया है कि यह प्रतिबंध राज्य सरकार के विभागों, कार्यालयों, स्थानीय निकायों, निगमों, बोर्डों, प्राधिकरणों में लागू होगा। अगर कोई कर्मचारी हड़ताल करता है तो कानूनी कार्रवाई होगी। यूपी में बिजली विभाग और शिक्षा विभाग से जुड़े संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की चेतावनी दी है। कर्मचारियों की हड़ताल से जनता पर असर न पड़े इसलिए सरकार ने एस्मा लागू किया है।

आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम यानि एस्मा एक ऐसा एक्ट है जिसके जरिए सरकार कर्मचारियों के हड़ताल को रोकती है। एस्मा के तहत हड़ताल को अवैध घोषित करते हुए दोषी कर्मचारियों को छह माह तक की कैद या जुर्माने या दोनों की सजा का प्रावधान है। यह आम जनता के हितों को ध्यान में रखकर लागू किया जाता है ताकि किसी को परेशानी न हो।

## खबरें एक नजर में

### राजधानी में लगातार दूसरे दिन घना कोहरा छाया, ठंड और गलन बढ़ी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार की सुबह कोहरे की चादर में लिपटी रही। विजिबिलिटी 50 मीटर ही रही, जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यह सीजन का लगातार दूसरा दिन है जब इतना घना कोहरा है। इससे ठंड और लगन बढ़ गई है। हालांकि दोपहर तक हल्की धूप निकल आई। जिससे ठंढ से लोगों को राहत मिली। रात में न्यूनतम तापमान 11 से0 दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पछुआ हवाओं की एंट्री के कारण कोहरा और गलन दोनों तेजी से बढ़े हैं। गुरुवार सुबह औसत एक्यूआई 183 रिकॉर्ड किया गया, जबकि शाम तक यह 178 था। नवंबर से ही हवा 'यलो और ऑरेंज जोन' में बनी हुई है, जिससे प्रदूषण का स्तर और विजिबिलिटी दोनों प्रभावित हो रहे हैं। दोपहर में हल्की धूप जरूर निकली, लेकिन हवा में ठंडक बरकरार रही। पश्चिमी दिशा से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं ने रात के तापमान में गिरावट दर्ज कराई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों में लखनऊ में ठिठुरन और बढ़ सकती है।

### सट्टे की लत से कर्जदार हुए कारपेंटर ने की आत्महत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के पारा थाना क्षेत्र की कुंदन विहार कॉलोनी में शुक्रवार तड़के 58 वर्षीय विजय कुमार लोधी ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने घर के पीछे बने टीन शेड में प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वह कर्ज और आर्थिक तंगी से परेशान थे। पुलिस के अनुसार, मृतक विजय कुमार लोधी पुत्र स्वर्गीय कन्हैया लाल लोधी पेशे से कारपेंटर थे। पिछले कुछ समय से वह आर्थिक तंगी और कर्ज के कारण तनाव में थे। परिजनों ने बताया कि उन्हें सट्टे की लत थी, जिसके कारण उनका कर्ज लगातार बढ़ रहा था। इसी मानसिक दबाव के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही पारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा है, हालांकि पुलिस अन्य सभी पहलुओं की भी पड़ताल कर रही है। घर में मृतक की पत्नी रामजानकी, बेटे विनोद और विवेक, बेटियां ममता और सरिता हैं। परिजनों ने बताया कि विजय कुमार पिछले कई दिनों से शांत रहने लगे थे और अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर अत्यधिक तनाव में थे।

### घर में घुसकर गर्लफ्रेंड को मारी गोली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सिरफिरे प्रेमी ने युवती को गोली मार दी। वह आधी रात युवती के घर में घुस गया। उसके साथ मारपीट की। घर में रखे सामान तोड़े। उसके बाद युवती को 2 गोली मारी। 1 गोली युवती के कंधे और दूसरी हाथ में लगी। युवती को कमरे में बंद करके स्कॉर्पियो से फरार हो गया। गोली चलने की आवाज और चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। युवती को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफनामजद रिपोर्ट दर्ज की है। घटना गुरुवार रात करीब 2 बजे पारा थाना क्षेत्र की है। यहां 21 साल की युवती बड़ी बहन और भांजी के साथ रहती है। उसकी बहन ने बताया- करीब 1 साल से सरोजनी नगर के गौरी बाजार निवासी आकाश कश्यप से छोटी बहन का प्रेम-प्रसंग था। आकाश क्रिमनल प्रवृत्ति और नशे का आदी है। इस वजह से छोटी बहन उससे पीछा छुड़ाना चाहती थी। आकाश उसे लगातार परेशान कर रहा था और गुरुवार रात में घर में घुसकर गोली मारकर फरार हो गया। लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस ने इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। उसमें बताया है कि युवती के दाहिने हाथ में गोली लगी है। वह खतरे से बाहर है। आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसकी तलाश के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

### वैन ने कक्षा छह की छात्रा को मारी टक्कर, इलाज के दौरान तोड़ा दम




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के सरोजनी नगर में एक सड़क हादसे में कक्षा 6 की छात्रा की मौत हो गई। गुरुवार सुबह स्कूल जाते समय एक तेज रफ्तार ईको वैन ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल छात्रा की शुक्रवार को ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना अमौसी गांव में हुई। मृतक छात्रा की पहचान अमौसी गांव की रहने वाली प्रियांशी सिंह (13) के रूप में हुई। प्रियांशी अमौसी रेलवे स्टेशन के पास श्री विनायक कान्वेंट स्कूल की छात्रा थी। वह रोज की तरह साइकिल से स्कूल जा रही थी, तभी पीछे से आ रही एक ईको वैन ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रियांशी उछलकर सिर के बल सड़क पर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद ईको वैन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत छात्रा के परिजनों को सूचित किया, जिन्होंने उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। प्रियांशी सुजीत सिंह की बेटी थी, जो नादरगंज स्थित एक कंपनी में कार्यरत हैं। उसके परिवार में मां कल्याणी और बड़ी बहन शगुन हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## अनुदान पर सोलर पंप के लिए 15 दिसम्बर तक करें आवेदन

▸ पीएम कुसुम योजना : अन्नदाताओं को अनुदान पर मिलेंगे 40521 सोलर पंप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उ.प्र. सरकार प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा व उत्थान महाभियान पीएम कुसुम के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्रदेश के अन्नदाता किसानों को अनुदान पर 40521 सोलर पंप उपलब्ध कराएगी। योजना का लाभ उठाने के लिए किसान 15 दिसंबर तक कृषि विभाग की वेबसाइट www.agriculture.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्हीं किसानों को अनुदान पर सोलर पंप प्राप्त होगा जो वेबसाइट पर पहले से पंजीकृत हैं। किसानों का चयन ई-लॉटरी से किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस कार्य के लिए दो अरब दो करोड़ सत्ताइस लाख पचास हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है, जो किसानों की समृद्धि में सहायक होगी। किसानों को 9 प्रकार के सोलर पंपों पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों की ओर से अनुदान के रूप में बड़ी छूट दी जा रही है। 2 एचपी डीसी,एसी सरफेस पंप पर कुल 98,593 और 98,593 रूपये का अनुदान दिया जाएगा। 2 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,00,215, और 2 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 99,947 का अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। 3 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,33,621 और 3 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,32,314 रूपये का अनुदान मिलेगा, जिसमें राज्य सरकार का अंश 77,618 और केंद्र सरकार का अंश 54,696 होगा। 5 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,88,038 का अनुदान किसानों को प्राप्त होगा।



बड़े धूमधाम के साथ अपने पुत्र अद्दू चौहान का जन्म दिन मनाते चुन्नू खेड़ा निवासी रिंकू चौहान, साथ में उनके रिश्तेदार, मित्रगण और पड़ोसी

## लखनऊ की अपूर्वा सिंह टाइम्स फैशन वीक 2025 शो में करेंगी रैंप वॉक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ की एक्ट्रेस और मॉडल अपूर्वा सिंह, जो दिल्ली में ऑरा मिस इंडिया 2025 की फाइनलिस्ट, ऑरा मिस टैलेंटेड और उत्तर प्रदेश की दूसरी रनर-अप रह चुकी हैं, 14 तारीख को टाइम्स फैशन वीक 2025 (लखनऊ एडिशन) में शो ओपनर के तौर पर रैंप वॉक करेंगी। वह इस मशहूर फैशन वीक में फैशन डिजाइनर शैली दत्ता का कलेक्शन पेश करेंगी। इंटरनेशनल फैशन डायरेक्टर कपिल गोहरी इवेंट को डायरेक्ट करेंगे, जबकि अर्चित बैकस्टेज मैनेजमेंट संभालेंगे।

## साइ-मैक्स थियेटर का जयवीर सिंह ने किया उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को आंचलिक विज्ञान नगरी परिसर में नव स्थापित साइ-मैक्स फुल डोम थियेटर का विधिवत उद्घाटन कियाऔर उसे लखनऊ वासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. अजीत कुमार ससनी तथा राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के निदेशक विजय कुमार शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में राजधानी के विभिन्न स्कूलों के बच्चे तथा विज्ञान नगरी में आने वाले अन्य आगंतुक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के 700 से अधिक छात्र-छात्राओं तथा 300 से अधिक अभिभावकों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित अतिथियों और विद्यार्थियों ने साइ-मैक्स थिएटर में प्रदर्शित शो ऑस्ट्रेलियाई समुद्री जीवन और कोरल रीफ पर आधारित प्रेरक फिल्म का आनंद लिया।

विशाल डोम स्क्रीन पर जीवंत दृश्यों ने सभी को अद्भुत अनुभव प्रदान किया। मुख्य अतिथि जयवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस थियेटर के माध्यम से बच्चों और युवाओं को वैज्ञानिक एवं प्राकृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विज्ञान नगरी का यह आधुनिक साइ-मैक्स थियेटर प्रदेश के पर्यटन और शैक्षिक आकर्षण में एक नया आयाम जोड़ेगा। इस अवसर पर विज्ञान नगरी के परिसर में एनबीआरआई द्वारा विकसित एक वर्टिकल पार्क का उद्घाटन भी किया गया। अतिथियों ने विज्ञान नगरी के अन्य प्रदर्शनों का निरीक्षण किया और बच्चों से संवाद कर उन्हें विज्ञान के प्रति जिज्ञासु एवं जागरूक बने रहने का संदेश दिया।

## सास ने दामाद को किडनी दान करके दिया नया जीवन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मां जैसी ममता की एक मजबूत मिसाल सामने आई, जब 51-वर्षीय साधना देवी ने अपने 31-वर्षीय दामाद, कमलेश को जीवन देने के लिए अपनी किडनी दान कर दी।

कमलेश किडनी फेल्योर के अंतिम चरण से जूझ रहे थे। यह किडनी प्रत्यारोपण लखनऊ के मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, में किया गया और उत्तर प्रदेश में एडवांस्ड किडनी केयर के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, क्योंकि यह सर्जरी अत्याधुनिक दा विंची एक्सआई रोबोट की मदद से हुई। कमलेश लंबे समय से अनियंत्रित हाई ब्लड प्रेशर के कारण गंभीर किडनी डैमेज से पीड़ित थे। तीन साल पहले क्रॉनिक किडनी रोग का पता चलने पर उन्होंने एक अन्य हॉस्पिटल में अपना इलाज शुरू करवाया, लेकिन उनका स्वास्थ्य लगातार बिगड़ता चला गया। इसके बाद परिवार ने लखनऊ के मैक्स हॉस्पिटल का रुख किया और नेफ्रोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट के एसोसिएट डायरेक्टर - डॉ. वेंकटेश थम्मिशेट्टी से सलाह ली। हॉस्पिटल पहुंचते-पहुंचते उनकी हालत गंभीर हो चुकी थी और किडनी तेजी से जवाब दे रही थी, ऐसे में तुरंत ट्रांसप्लांट ही आखिरी विकल्प बचा था। परिवार में कोई उपयुक्त डोनर नहीं मिला, तो 51-वर्षीय सास साधना देवी ने खुद आगे आकर किडनी दान करने की पेशकश की। हॉस्पिटल की ट्रांसप्लांट टीम ने एक महत्वपूर्ण निर्णय



▸ मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ, में दिखाई दी प्रेम और मेडिकल सफलता की अनोखी मिसाल

लेते हुए दा विंची एक्सआई रोबोट की मदद से रोबोटिक असिस्टेड किडनी ट्रांसप्लांट करने का फैसला किया, जो अपनी सटीकता और बारीक सर्जिकल तकनीक के लिए जाना जाता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ, के डायरेक्टर यूरोलॉजी, एंड्रोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट और रोबोटिक यूरो-ऑन्कोलॉजी - डॉ. अदित्य के शर्मा, ने बताया कि इस मामले में डोनर की उम्र ज्यादा होने के बावजूद हमने बेहद सटीकता और न्यूनतम आघात के साथ सर्जरी की। डोनर को चौथे दिन ही काफी बेहतर हालत में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, वहीं रिसीपिएंट की रिकवरी भी बेहतरीन रही और आठवें दिन उन्हें भी छुट्टी दे दी गई। यह आने वाले समय की झलक है जब रोबोटिक ट्रांसप्लांट सर्जरी और भी सुरक्षित, सहज और मरीज के अनुकूल होगी।

## विशेष पर्वो पर एक घण्टे अधिक खुलेंगी मदिरा की दुकानें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के आबकारी विभाग ने क्रिसमस और नववर्ष के मद्देनज़र प्रदेशभर की सभी आबकारी फुटकर दुकानों का खोलने का समय बढ़ाने का निर्णय लिया है।

आबकारी आयुक्त कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार 24 और 25 दिसंबर को क्रिसमस पर्व तथा 30 और 31 दिसंबर को नववर्ष उत्सव के दौरान दुकानों के संचालन का समय सुबह 10 बजे से रात 11 बजे तक निर्धारित किया गया है।

इससे पूर्व या आम दिनों में आबकारी की फुटकर दुकानें सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक खुलती थी। यह निर्णय आबकारी अनुभाग-2, लखनऊ द्वारा शासनादेश संख्या 1332 ई-2/एसएस-2025-1733158 दिनांक 09 दिसंबर 2025 के अंतर्गत लिया गया है। आदेश में कहा गया है कि त्योहारों पर बढ़ती मांग और भीड़ को ध्यान में रखते हुए दुकानों का समय बढ़ाना आवश्यक है, जिससे व्यवस्था सुचारु बनी रहे। आबकारी आयुक्त डॉ. आदर्श सिंह ने सभी जिलाधिकारियों और लाइसेंस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई समय से कराई जाए। सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश की प्रति प्रेषित करते हुए संचालन, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के प्रभावी प्रबंधन के लिए तैयारी करने को कहा गया है।

वहीं त्योहारों पर भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासनिक और पुलिस विभाग को समन्वय कर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बिक्री की अवधि बढ़ने के बावजूद किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-लखनऊ**
**पताः-ए ब्लाक सर्वोदयनगर, इन्दिरानगर लखनऊ**
**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (द्वितीय)**

पत्रांक-2044 / ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/पत्रा0 सं0-01/अनु0 सह0/2025-26/ दिनांकः 08.12.2025

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड लखनऊ के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है. जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत हैः-

| क्र.सं. | जनपद का नाम | योजना को नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिक्योरिटी (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | लखनऊ | विधायक निधि | ग्राम पंचायत खटोला के मजरा रतौली में श्री गया प्रसाद के घर से (हरिश्चन्द्र के घर होकर) हरदेव बाबा मन्दिर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 11.06 | 0.23 | 860 | 03 माह |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः 15-12-2025 को दो पहर 12.00 बजे से।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारंभ करने की तिथि एवं समयः- 15-12-2025 को प्रातः 12.00 बजे से।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समयः-15-12-2025 को प्रातः 12.00 बजे से।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि / समयः-29-12-2025 को दोपहर 12.00 बजे तक।
6. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः 29-12-2025 को अपरान्ह 12.30 बजे ।
7. टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
8. निविदा आन-लाईन वैब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
9. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज 9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भाँति पढ़ लें।

www.upgov.in
Upid- 242273 Date-11.12.2025

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,**
**प्रखण्ड-लखनऊ**
**मो. 9455771557**


तैयारी

### पीपीपी मोड से आयुष इंफ्रास्ट्रक्चर होगा मजबूत

# वर्ष 2026 में आएगी नई आयुष पॉलिसी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

देश के आयुष सेक्टर में अपनी धाक जमाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार नई आयुष पॉलिसी लाने जा रही है। प्रदेश में आयुष उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पॉलिसी में निवेशकों को विभिन्न तरह की सहूलियतें दी जाएंगी। पॉलिसी में आयुष रिसर्च को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है ताकि प्रदेश को आयुष रिसर्च का हब बनाया जाए।

पॉलिसी का उद्देश्य प्रदेश में आयुष दवाओं की जांच और भर्ती के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करना है। नई पॉलिसी के तहत प्रदेश में आयुष अस्पतालों में मरीजों के इलाज की व्यवस्था को और भी बेहतर बनाया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश में आयुष विभाग को लगातार विकसित करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे। नई आयुष पॉलिसी में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कई प्रकार की सहूलतें दी जाएंगी। इसमें कैपिटल सब्सिडी के साथ-साथ लैंड परचेज में स्टांप ड्यूटी में छूट और ग्रीन फील्ड पर विशेष छूट देने की योजना है।

इसका उद्देश्य आयुष उद्योग के विस्तार में तेजी लाना और इसे एक वैश्विक स्तर पर प्रोत्साहित करना है।

प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि नई पॉलिसी का मकसद पूरे देश में आयुष क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की धाक बन सके और आयुष के क्षेत्र में निवेश करने वाले उद्योगपति उत्तर प्रदेश का रूख कर सकें। इसके लिए मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिये थे। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप मेडिकल क्षेत्र में आयुष की भूमिका को अहम बनाने के लिए नई आयुष पॉलिसी बनायी जा रही है।




इसमें आयुष की प्राचीन पद्धति पंचकर्म, नेचरोपैथी और वेलनेंस सेंटर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इससे प्रदेश में आयुष कारोबार को और बढ़ावा मिलेगा। नई पॉलिसी से न केवल आयुष कारोबार को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के एक और स्तर तक पहुंचाने में भी सहायक होगा। नई आयुष पॉलिसी में पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर अस्पतालों का निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

इसके अलावा, आयुष अस्पतालों के निर्माण के लिए नए कोर्स शुरू किए जाएंगे, जिनमें आयुर्वेद, योग और होम्योपैथी से संबंधित कोर्स शामिल होंगे।

इससे न केवल आयुष शिक्षा में वृद्धि होगी, बल्कि युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने बताया कि इस नई नीति का उद्देश्य रोगियों के उपचार के लिए सुगम स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाना, ओषधि गुणों को बेहतर करना और स्टाफ की भर्ती को ध्यान में रखते हुए इसे एक समग्र रूप से विकसित करना है। इसके साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर कार्यान्वयन के लिए नए विचारों को समाहित किया जाएगा, जो राज्य सरकार की मंशा को सही दिशा में बढ़ावा देंगे।

इस नई पॉलिसी के तहत, आयुष चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक स्तर पर प्रोत्साहित करने और उन्हें आयुष वेलनेस सेंटर के रूप में पेश करने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही, योग और पंचकर्म जैसे क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके तहत, स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में और भी व्यापक सुधार किए जाएंगे और प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। नई नीति के माध्यम से प्रदेश में आयुष कारोबार का विस्तार होगा और इसके साथ ही दुनिया भर में फैले इस उद्योग के कारोबार पर उत्तर प्रदेश की धाक जमाने का सपना भी पूरा होगा। आयुष के क्षेत्र में यह नीति न केवल प्रदेश के विकास में योगदान करेगी, बल्कि देश और दुनिया में उत्तर प्रदेश को एक अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करेगी।

# सिटी मजिस्ट्रेट ने संभाली कमान, डोर-टू-डोर खुद भरवाए एसआईआर फार्म

▸ **जिले में एसआईआर में डिजिटाइजेशन कार्य 99.92 फीसदी पार**

**प्रभाकर मिश्रा**

**शाहजहांपुर।** यूपी में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य जनपद में 99.92 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। इसमें 76.81 प्रतिशत मतदाताओं के गणना प्रपत्र ही भरकर वापस मिले हैं, जबकि 24 प्रतिशत मतदाताओं के नाम एएसडी (मृतक, शिफ्ट, डबल और अनुपस्थित मतदाताओं) की सूची में शामिल हैं। हालांकि अब चुनाव आयोग ने 15 दिन का समय और बढ़ा दिया है। इस अवधि में अब काम पूरा करना होगा। जो एएसडी वोटर अभी तक चिंहित किए गए हैं, उनकी बात करे तो कुल वोटरों 2315538 में से 535148 की संख्या है। अब इनका बीएलओ द्वारा गहनता से सत्यापन किया जा रहा है। जिससे की कोई वैद्य मतदाता मतदाता सूची में शामिल होने से रह न जाए। इसकी खुद जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह मानीटरिंग रोजाना कर रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार खुद शहर विधानसभा में शुक्रवार को एसआईआर फार्म भरवाकर जमा करवाने के लिए डोर टू डोर पहुंचे और उन्होंने मतदाताओं को आ रही दिक्कतों व समस्याओं को नोट किया। उनके साथ सुपरवाइजर व बीएलओ टीम भी मौजूद रही। वही लोदीपुर मोहल्ला में भी एसआईआर कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिससे कि समय से मतदाताओं का गणना प्रपत्र भरवाकर निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कराकर ैस् कार्य पूर्ण किया जा सके।





> एडीएम प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि एसआईआर में जनपद ने डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा कर लिया है। मैपिंग व एएसडी वोटर चिंहाकन कार्य तेजी से किया जा रहा है। घर घर बीएलओ पहुंच रहे हैं, फिर भी अगर किसी मतदाता को कोई दिक्कत आ रही है तो वह संबधित तहसील में स्थित बीआरसी केंद्र में जाकर समस्या समाधान करा सकता है।

**विधानसभावार डिजिटाइजेशन कार्य:** कटरा 99.94 फीसदी, जलालाबाद 99.98 फीसदी, तिलहर 100 फीसदी, पुवायां 99.98 फीसदी, शाहजहांपुर 99.68, ददरौल 99.99 फीसदी।
**विधानसभा वार चिन्हित एएसडी वोटर:** कटरा में 72854 वोटर, जलालाबाद में 76425 वोटर, तिलहर 75847 वोटर , पुवायां 97728, शाहजहांपुर 147554 वोटर, ददरौल 64740 वोटर कुल 5 लाख 35 हजार 1 सौ 48 वोटर एएसडी चिन्हित किए गए हैं यानी मृतक, सिफ्टेड, डबल और अनुपस्थित वोटर हैं।
**विधानसभा वार मेपिंग:** कटरा 82.04 फीसदी, जलालाबाद 83.78 फीसदी, तिलहर 79. 66 फीसदी, पुवायां 79.50 फीसदी, शाहजहांपुर 74.71 ददरौल 77.80 फीसदी हैं, जनपद की अब तक की कुल मेपिंग 79.59 हैं।

## देवर-भाभी को पीटने की चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** घर के बाहर गाली गलौज करने का विरोध करने पर देवर भाभी को पीटकर घायल करने के मामले में पीड़ित महिला ने तीन सगे भाइयों समेत चार के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना की वीडियो वायरल होने से अफरा तफरी का माहौल हो गया। नगर के मोहल्ला हिन्दुपट्टी निवासी शारदा पत्नी स्व रामऔतार ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 11 दिसंबर को रात करीब 8 बजे मोहल्ले के ही नाजिम, कासिम, रुवेद पुत्र सकील व नन्हे लल्ला पुत्र पप्पू उसके घर के दरवाजे पर आकर गालिया देने लगे। विरोध करने पर उक्त चारों ने उसे और उसके देवर भूरे पुत्र पूरनलाल को डन्डे से पीटने लगे। जिससे दोनों घायल हो गए। भीड़ एकत्र हो जाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया है।

## खबरें एक नजर में

### महापौर के बेटे ने ड्रैगन फ्रूट फॉर्म हाउस पहुंचकर ड्रैगन खेती को बारीकी से समझा




**शाहजहांपुर।** चिलौआ निवासी अंशुल मिश्रा के ड्रैगन फ्रूट फॉर्म हाउस पर शुक्रवार को नगर निगम की महापौर अर्चना वर्मा के बेटे विजय विक्रम सिंह, महापौर के निजी सचिव अनिल कुमार द्विवेदी और फर्रुखाबाद डाक विभाग से रोहित श्रीवास्तव, अरुण गुप्ता ने भ्रमण किया। ड्रैगन फरूट की खेती को बारीकी से समझा व ड्रैगन फ्रूट का टेस्ट भी लिया। जिसमें विजय ने जल्द ही अपने फार्म पर 1 एकड़ में ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू करने का विचार बनाया। फार्म के ड्रैगन फ्रूट, प्लांट्स और सहजन की फलिया भी भेंट की।

### मंडी से मोटरसाइकिल हुई चोरी

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जनपद के जलालाबाद की नवीन कृषि मंडी से सब्जी खरीदने गए युवक की मोटर साइकिल अज्ञात चोरों ने चोरी कर हुए फरार. पीड़ित के चाचा ने थाने में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की उठाई मांग। परशुरामपुरी जलालाबाद के मोहल्ला वर्क है निवासी संजय सिंह पुत्र स्वर्गीय लोचन सिंह जो की मूंगफली के व्यापारी है ने थाने में प्रार्थना पत्र देने के बाद शुक्रवार सुबह 10 :00 बजे बताया कि उनका भतीजा अमित कुमार नवीन गल्ला मंडी में स्थित सब्जी मंडी से शुक्रवार सुबह 8 :00 बजे मोटरसाइकिल से सब्जी खरीदने आया था.मंडी के पूर्वी गेट के पास उसने मोटरसाइकिल खड़ी कर दी और सब्जी खरीदने चला गया. सब्जी खरीद कर जब वह अपनी मोटरसाइकिल लेने के लिए पहुंचा तो देखा कि उसकी मोटरसाइकिल गायव मिली फिर उसने मंडी के दो-तीन चक्कर लगाए परंतु से कोई भी मोटरसाइकिल नहीं मिली। अज्ञात चोर उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। संजय सिंह ने बताया कि उसकी मोटरसाइकिल होंडा शाइन है। उन्होंने बताया कि उन्होंने वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो पता चला कि कमरे काफी दिनों से बंद चल रहे हैं पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है. आपको बता दें पिछले दो माह में मंडी समिति से करीब 10 मोटरसाइकिल ने चोरी हो चुकी है जिसके सीसी टीवी कैमरे मैं चोरों को मोटरसाइकिल ले जाते हुए भी देखा गया था परंतु पुलिस अभी तक एक भी चोर गिरफ्तार नहीं कर सकती है जिससे लोगों में काफी रोष व्याप्त है। वही इस संबंध में थाना प्रभारी राजीव तोमर ने बताया है की तहरीर मिली है और चोरों की पता लगाने के लिए हल्के की पुलिस को जांच पड़ताल के लिए लगाया गया है।

### गौवंश से टकराने पर बाइक सवार दंपती गंभीर घायल



**तिलहर - शाहजहांपुर।** पत्नी को मायके छोड़ने जा रहे युवक की बाइक सड़क पर गौवंश से टकरा गई। जिससे गर्भवती महिला व उसका पति गम्भीर रूप से घायल हो गया। दोनो को सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कलान कस्बा निवासी अमित कुमार पुत्र श्रीपाल 25 अपनी आठ माह की गर्भवती पत्नी रेखा 25 को बाइक से लेकर फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव सौलिया स्थित ससुराल छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान गुरुवार शाम साढ़े छह बजे मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव हैदलपुर के पास सड़क पर गौवंश आ जाने से बाइक टकरा गई। जिससे रेखा व अमित दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। 108 एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां से गंभीरावस्था में दोनों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उधर अंकित नामक युवक नगरिया मोड़ के समीप शाम सात बजे हाइवे क्रास करते समय बाइक डिवाइडर से जा टकराई। जिससे अंकित गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल अंकित 28 ने बताया कि वह पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुन्ना सिंह की गाड़ी चलाता है। वह शाहजहांपुर में एक शादी में शामिल होने जा रहा था।

### शाहजहांपुर से 24 आपदा मित्र प्रशिक्षण हेतु लखनऊ रवाना



**शाहजहांपुर।** जनपद से आपदा मित्र का दूसरा बैच लखनऊ के लिए सुबह 11 बजे एडीएम वित्त अरविंद कुमार के नेतृत्व में रवाना किया गया। जनपद से 100 आपदा मित्रों का प्रशिक्षण होना था, जिसमे से प्रथम बैच में 76 आपदा मित्र प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके थे। दूसरे बैच के लिए 7 से 11 दिसंबर तक आवेदन लिए गए थे। जिसमें 24 आपदा मित्रो का चयन कर भेज दिया गया है। इन आपदा मित्रों का 13 दिसम्बर से 12 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु मुख्यालय राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ भेजा गया । एडीएम वित्त अरविन्द कुमार ने चयनित आपदा मित्रों को बताया कि आपदा का प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत अपने-अपने क्षेत्र में आपदा प्रबंधन के बारें लोगों को जरूर बताये तथा विभिन्न से कैसे बचा जा सकता है इसके बारे में आम-जनमानस को जरूर अवगत कराये। इस मौके पर राज्य आपदा मोचन बल से आपदा मित्रो को लेने आए रजनीश कुमार, आपदा विशेषज्ञ अभिषेक श्रीवास्तव, कम्प्यूटर ऑपरेटर विशाल राना, मनीष गुप्ता, कमांडर आपदा मित्र इन्द्रजीत लोधी आदि मौजूद रहे।

### फर्जी आधार केंद्र के संचालन का मामला, तहसीलदार ने कोटेदार के घर से पकड़ा



**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के पल्हरई गांव में एक फर्जी आधार कार्ड केंद्र का भंडाफोड़ हुआ है। तहसीलदार अनुराग दुबे ने कोटेदार के घर से इस अवैध केंद्र का खुलासा किया, जहां फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाए जा रहे थे। इस मामले में दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। ये युवक हरदोई जिले के शाहबाद क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। वे गांव-गांव जाकर आधार कार्ड बनाने का काम करते थे। तहसीलदार अनुराग दुबे के अनुसार, यह फर्जी केंद्र ग्राम पंचायत पल्हरई के कोटेदार गुड्डू राठौर के घर पर संचालित था। मौके से रसीदें भी मिली हैं, जिन पर एक महीने पहले की तारीखें दर्ज थीं, जिससे अवैध गतिविधियों की पुष्टि हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए, तहसीलदार अनुराग दुबे ने तत्काल दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। उन्होंने अपनी तहरीर पर थाना जलालाबाद के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार तोमर को युवकों को सौंप दिया और मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। इस बात की जानकारी तहसीलदार अनुराग दुबे ने शुक्रवार सुबह 10 :00 बजे दी।

## घने कोहरे में जलालाबाद राजमार्ग खैरपुर चौराहे पर भीषण हादसा, धान से लदे दो ट्रक पलटे

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जलालाबाद राजमार्ग पर खैरपुर चौराहे पर घने कोहरे के कारण बड़ा सड़क हादसा हो गया। शुक्रवार सुबह भिंड (एम.पी.) से बरेली जा रहा धान से भरा ट्रक यूपी 75 एटी 4823 तेज रफ्तार कंटेनर से टकरा गया। हादसे के बाद कंटेनर लेकर चालक फरार हो गया। ट्रक चालक सलीम खान पुत्र उस्मान खान निवासी सुभाष नगर भिंड एमपी ने बताया कि ट्रक में धान की बोरियाँ लोड कर बरेली जा रहा था। इसी दौरान तिलहर की दिशा से तेज गति में आए कंटेनर ने ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। कंटेनर के भागते ही जलालाबाद की ओर से आ रहा घोड़ा ट्रक यूपी 38 टी 4839 खड़े ट्रक से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि धान से लदा घोड़ा ट्रक अनियंत्रित होकर वहीं सड़क किनारे पलट गया। दोनों ट्रकों में धान भरे हुए थे। हादसे में सड़क किनारे रखे खोखे, फल विक्रेता नवी जान, साजिद ट्रेलर, सब्बन चाय वाले की दुकानें धान की बोरियों के नीचे दबकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। पास खड़ी एक स्कूटी व दो मोटरसाइकिलें भी पूरी तरह मलबे में दबकर टूट गईं। घोड़ा ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौजूद लोगों ने बड़ी मुश्किल से उसे खींचकर बाहर निकाला। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव मौके पर पहुँचीं और यातायात को दुरुस्त कराया। कटरा थाना प्रभारी जुगल किशोर पाल पुलिस टीम के साथ पहुँचे और हाइड्रा मशीन मंगाकर पलटे ट्रकों को सीधा कराया। राजमार्ग पर बिखरी धान की बालियों को लेबर की मदद से हटाकर यातायात बहाल कराया गया।घटना के बाद कुछ देर तक हाईवे पर लंबा जाम लग गया, लेकिन पुलिस की तत्परता से यातायात सुचारू हो गया।



## हादसे में दो लोगों की मौत, एक घायल

▸ **अज्ञात वाहन से हुआ हादसा, पुलिस ने शव पीएम को भेजे**

**मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सुबह कटरा में बड़ा हादसा हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी, तीनों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टरों ने दो मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मृतक और घायल युवकों के परिजनों को जानकारी दी और शव को पीएम के लिए शाहजहांपुर भेज दिया, जबकि घायल का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है।

लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग के हुलासनगरा ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार तीन ग्रामीण गम्भीर रुप से घायल हो गये। बरेली के अस्पताल में भर्ती दो घायल ग्रामीणों की मौत हो गई। एक घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम भमौरी के मजरा गौटिया निवासी मोहित कुशवाहा, पप्पू मौर्य एवं ग्राम भमोरी के संजीत यादव थाना परौर ग्राम ककोडा एक ही बाइक से गए थे। शाम को घर वापस आते समय करीब 6 बजकर 30 मिनट पर लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुलासनगरा ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार तीनो ग्रामीण युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने पप्पू मौर्या 32 वर्ष एवं संजीत यादव 40 वर्ष को मृत घोषित कर दिया है। गंभीर घायल मोहित का इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हुए तीन ग्रामीणों में से दो के बरेली के अस्पताल में मरने की सूचना मिली है।



## महिला की संदिग्ध मौत, मुंह, नाक से बहता दिखा खून

▸ **मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी**

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के ग्राम उदियापुर में शुक्रवार सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध मौत से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। महज़ सात माह पूर्व हुई शादी के बाद हुई इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतका के मुंह व नाक से खून निकलने की जानकारी सामने आने के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस व फॉरेंसिक टीम मामले की बारीकी से जांच में जुटी है। हरदोई जिले के पिहानी थाना क्षेत्र के इटारा गांव निवासी आलोक द्विवेदी ने बताया कि उनकी 29 वर्षीय पुत्री शिखा की शादी 10 मई को उदियापुर निवासी वागेश शुक्ला से हुई थी। शुक्रवार सुबह दामाद की ओर से फोन आया कि शिखा को सांस लेने में तकलीफ हुई और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। लेकिन मायके पक्ष जब उदियापुर पहुँचा तो वहाँ का माहौल उनके संदेह को और गहरा कर गया। शिखा के मुंह व नाक से खून बहता देखकर परिजनों ने स्पष्ट तौर पर कहा कि यह सामान्य मौत नहीं हो सकती। परिजनों ने आरोप लगाया कि किसी प्रकार की हिंसा के कारण यह मौत हुई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर गंगा सिंह और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुँची। टीम ने घर के अंदर से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद मामले की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया मृतका के परिजनों से तहरीर का मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## एसएस कालेज में प्रतियोगिता के पोस्टर का हुआ विमोचन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

विश्व संवाद केन्द्र ब्रजपांत फिल्म आयाम की ओर से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गीतों पर आधारित गायन प्रतियोगिता 'स्वरों का स्पंदन' का आयोजन किया जा रहा है। एसएस कालेज में महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव डा. अवनीश मिश्रा, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डा. अनुराग अग्रवाल, संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डा. कविता भटनागर की उपस्थिति में प्रतियोगिता के पोस्टर का विमाचन किया गया। इस मौके पर डा. अवनीश मिश्रा ने कहा कि स्वरों का स्पंदन प्रतियोगिता हर एक स्वर में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करेगी। साथ ही शहर, गांव और गली में छिपी प्रतिभाओं को एक मंच पर लाने का काम करेगी। महानगर प्रचार प्रमुख डा. आलोक कुमार सिंह ने बताया संघ के गीतों पर आधारित प्रतियोगिता 'स्वरों का स्पंदन' स्वामी हरिदास जी की पावन स्थली हरिगढ़ में 23 दिसम्बर, मंगलवार को दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। यह प्रतियोगिता रेडिएंट स्टार्स इंग्लिश स्कूल, खैर रोड, हरिगढ़ में आयोजित की जायेगी। जिसमें प्रतिभागी गीत गंगा, राष्ट्र वंदना, मातृ वंदना, गीत सुधा व संघ के अन्य गीतों की एकल प्रस्तुति दे सकेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निर्धारित शुल्क जमा करके व गूगल फार्म भरकर पंजीकरण किया जा सकेगा। पंजीकरण की अन्तिम तिथि 15 दिसम्बर है। यह प्रतियोगिता तीन वर्गो में 6 से 14 वर्ष, 14 से 21 वर्ष, 21 से 40 वर्ष में आयोजित की जायेगी। प्रत्येक वर्ग में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही इन प्रतिभागियों के गीतों की एल्बम भी लांच की जायेगी। पोस्टर विमोचन के दौरान लोक पहल संपादक सुयश सिन्हा, डा. रूपक श्रीवास्तव, डा. अंकित अवस्थी, डा. सचिन खन्ना, पोथीराम, ब्रजलाली, अखंड प्रताप सिंह, डा. दीपक सिंह, डा. अजय वर्मा, अपर्णा त्रिपाठी, डा. मोहनी शंकर, डा. संतोष प्रताप सिंह, यशपाल कश्यप, दीपक साहू आदि मौजूद रहे।



## ट्रैफिक पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग, रिफ्लेक्टर न होने पर दिए निर्देश

▸ **मेन चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस होने से मिली जाम से निजात**

**जलालाबाद-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज**

जलालाबाद नगर के याकूबपुर स्थित महाराणा प्रताप चौक पर यातायात पुलिस ने वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया। यह अभियान दिसंबर माह में बढ़ते कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस दौरान बिना रिफ्लेक्टर लगी ट्रालियों और अन्य बड़े वाहनों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई भी गयी।

आपको बता दे कि जलालाबाद क्षेत्र के मुख्य चौराहों और महाराणा प्रताप चौक पर ट्रैफिक पुलिस तैनात की गई है। जिससे जाम की समस्या से भी निजात मिल सके। यातायात पुलिस के उप निरीक्षक देवेश कुमार और सुमित चौधरी ने बताया कि जिन वाहनों में रिफ्लेक्टर नहीं लगे हैं, उन्हें हिदायत दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, मानक से अधिक भार ढोने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की जा रही है।



## बहादुरगंज में नये पुरुष शौचालय निर्माण पर आपत्ति, महापौर से मिले व्यापारी

▸ **महापौर बोलीं व्यापारियों की आपत्ति पर अधिकारियों के साथ होगा मंथन**

**शाहजहांपुर।** बहादुरगंज क्षेत्र में प्रस्तावित नए पुरुष शौचालय को लेकर व्यापारियों की आपत्ति जताते हुए महापौर अर्चना वर्मा के आवास पर जाकर अपना शिकायती पत्र सौंपख। महापौर से व्यापारियों ने बहादुरगंज में नया शौचालय न बनाएं जाने की मांग रखी। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर अध्यक्ष मो. सलाउद्दीन अख्तर के नेतृत्व में व्यापारियों ने महापौर से मुलाकात की। व्यापारियों ने बताया कि बहादुरगंज में पहले से ही दो पुरुष शौचालय मौजूद हैं, एक पिंक शौचालय से मात्र दस मीटर की दूरी पर और दूसरा गल्ला मंडी में स्थित है। दोनों शौचालयों की स्थिति जर्जर है और तत्काल मरम्मत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नए निर्माण की बजाय मौजूदा सुविधाओं के सुधार पर ध्यान दिया जाना चाहिए। महापौर अर्चना वर्मा ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि बहादुरगंज में नया शौचालय को लेकर निगम अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। साथ ही पहले से संचालित दोनों शौचालयों का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इस दौरान राजेंद्र गुप्ता, सैयद अनवर मिया, रफ़ी ख़ान, नफीस ख़ान, मो. शाहिद, मो. नदीम, पवन गुप्ता, जुबैर ख़ान, फ़ैज़ ख़ान, एहतेशाम मंसूरी, आमिर विकास गुप्ता आदि व्यापारी रहे।

## बहनोई पर दो लाख रुपए हड़पने का आरोप

**पुवायां-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने अपने ही बहनोई पर खेत में खड़े पेड़ बेचकर रुपए हड़पने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव नहिलोरा खुर्द निवासी शिव लखन पुत्र रामविलास ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके माता-पिता बचपन में ही गुजर गए थे। जिसके बाद से वह अपने भाई राम लखन के साथ जनपद पीलीभीत के थाना बिलसंडा के गांव हररायपुर में अपनी बड़ी बहन के यहां रहने लगे। तथा गांव में उनकी जमीन को उसके बहनोई चरण सिंह पुत्र श्याम लाल सिंह ही ठेके पर करते थे। तथा ठेके का पैसा अपने पास रखते थे। लगभग 15 वर्ष पूर्व श्याम लाल सिंह तथा पातीराम पुत्र श्यामलाल ने उसके खेत में खड़े लगभग 100 पेड़ों की बिक्री कर दी और दो लाख रुपए अपने पास रख लिए और कहा कि जब शिव लखन और राम लखन अपने गांव नहीलोरा खुर्द वापस जाएंगे तो उनके लिए मकान बनवा देंगे। बहन के मरणोपरांत उन्होंने मुझे वह मेरे भाई को मारपीट कर घर से भगा दिया। जिसके बाद पीड़ित अपने भाई के साथ गांव आया तो उसने अपने दो लाख रुपए मांगे तो उन्होंने रुपए देने से इनकार कर दिया और कार्रवाई करने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे दी। पीड़ित ने कर्ज लेकर खेत पर जैसे तैसे अपने और अपने भाई के रहने के लिए कमरा बनाया। अब जब भी पीड़ित अपने पैसे मांगता है तो वह मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की।

## टूटा खड़ंजा, बजबजाती नालियां, जल जीवन मिशन योजना की खोलती पोल

▸ **ग्रामीणों को निकलने में हो रही परेशानी, गिरकर चोटिल हो रहे राहगीर**

**आयुष त्रिवेदी**

**खुटार-शाहजहांपुर।** विकासखंड में एक ऐसा गांव जो बयां कर रहा है राजनीतिक विकास की परिभाषा। आपको बताते चलें की विकासखंड खुटार की ग्राम पंचायत गुरघिया गांव की एक ऐसी गली जो राजनीतिक विकास तो बयां करती ही है साथ-साथ में सरकार की जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत चलाई गई योजना की भी पोल खोलती है। योजना के अंतर्गत खड़ंजे को खोदकर डाली गई पाइपलाइन के बाद में खड़ंजे की स्थिति अत्यंत जर्जर एवं खस्ताहाल है। गांव के स्थानीय ग्रामीणों की माने तो इस और ना ग्राम ही ग्राम प्रधान ना ही अधिकारी किसी का कोई ध्यान नहीं जा रहा है। जबकि पूरे गांव की रोड एवं नालियों का नवीनीकरण कराया जा रहा है। जबकि इस ओर किसी का कोई ध्यान नहीं जा रहा है। जिससे आने-जाने में काफी परेशानी होती है। व कई बार गिरकर चोट भी लग जाती है। आखिर इस तरह का भेद भाव क्यों आखिर क्यों विकास से इस मोहल्ले को अछूता रखा गया ना जाने कितने सवालों से घिरा है ये मोहल्ला क्या ग्राम पंचायत गुरघिया के इस मोहल्ले का विकास होगा यह भविष्य के गर्भ में है।

### क्या बोले ग्रामीण





गांव के परशुराम कश्यप ने बताया हमारे छोटे भाई के द्वारा ग्राम प्रधानी पद हेतु इलेक्शन लड़ा गया था जिसमें मेरे भाई उप विजेता रहे थे। जिसके बाद से अभी तक इस मोहल्ले में किसी भीप्रकार विकास कार्य को नहीं कराया गया। महेश कश्यप ने बताया ग्राम पंचायत गुरघिया इसी मोहल्ले का निवासी हूं और निवर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत खड़ंजे को खोदकर छोड़ दिया गया। बारिश मोहल्ले के अंदर अभी तक किसी भी प्रकार का कोई विकास का कार्य नहीं कराया गया नालियां चौक पड़ी हैं कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

## खबरें एक नजर में

### विधायक और एमएलसी को हिंदू युवा संगठन आज देगा ज्ञापन

**शाहजहांपुर।** शहर के टाउन हॉल में हिंदुओं के शादी विवाह में होने वाले कुआंवारा के कुआं को पाटकर एवं नगर निगम ही सरकारी भूमि को अवैध कब्जा कर बनाई गई अवैध मस्जिद पर बुलडोजर की कार्यवाही की मांग को लेकर हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन शनिवार को पुवायां विधायक चेतराम एवं शाहजहांपुर पीलीभीत विधान परिषद सदस्य डा. सुधीर गुप्ता को सौंपा जाएगा। यह जानकारी देते हुए संगठन के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने बताया कि उक्त अवैध मस्जिद को हटाने का आदेश साल 2012 में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय और कोर्ट के द्वारा किया जा चुका है। लेकिन अभी तक शाहजहांपुर जिला प्रशासन की ओर से कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं कराया गया। जिस वजह से हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के संरक्षक राजेश अवस्थी एडवोकेट के निर्देश में संगठन के कार्यकर्ता पदाधिकारी धरना प्रदर्शन करने और ज्ञापन देने के लिए बाध्य है।

### ग्राम प्रधान से जान का खतरा, एसपी से शिकायत

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** गांव अंडपुर निवासी सिप्टटर पुत्र कविता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेज कर शुक्रवार दिन के 3:00 बजे बताया ग्राम पंचायत समैचीपुर थाना मदनापुर के वर्तमान ग्राम प्रधान अगरवीर पुत्र रामसिंह उसे एवं उसके परिवार से रंजिश रखता है। जिस कारण वह उसके परिवारीजनों को आए दिन परेशान करता रहता है। इसी क्रम में प्रधान द्वारा प्रार्थी को ग्राम समैचीपुर निवासी सुआलाल पुत्र रामदत्त से एवं परिवारीजनों को एक मामले में उलझा दिया जिसके परिणाम स्वरूप ग्राम प्रधान ने प्रार्थी एवं उसके दो पुत्रों के विरुद्ध अपहरण का झूठा प्रार्थना पत्र दिलवाया गया। प्रार्थी एवं उसके परिवरीजनों को उक्त ग्राम प्रधान अगरवीर से जान माल की हानि की प्रबल संभावना है। यदि कोई अनहोनी की घटना होती है तो इसके लिए पूर्ण रूप से ग्राम प्रधान अगर वीर सिंह जिम्मेदार होंगे। परिवार अगरवीर की दहशत से अत्यन्त भयभीत है एवं ग्राम से पलायन करने के कगार पर है। अगरवीर द्वारा परिवारीजनों पर कई झूठे मुकदध्में लगवाकर शाररिक व मानिसक शोषण किया जा रहा है। पीड़ित ने एसपी से मदद की गुहार लगाई है।

### अर्चित का थल सेना में हुआ चयन



**सिंधौली-शाहजहांपुर।** कस्बे के मुड़िया मोड़ स्थित एम ए पब्लिक स्कूल के छात्र रहे अर्चित सिंह पुत्र रघुवीर सिंह निवासी चढ़ारी का भारतीय थल सेना में चयन होने पर एम ए पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने स्मृति चिन्ह पेज लगाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि आपकी ट्रेनिंग पूरी होने के बाद आप की पोस्टिंग भारत में कहीं भी हो सकती है आप जहां भी जाएंगे वहां पर अनुशासन बनाए रखना आपकी पहली प्राथमिकता होगी जिस प्रकार आप एक स्कूल में शिक्षक की देखरेख में अनुशासन में रहते हैं ठीक उसी प्रकार सेना में भी बहुत कड़ा अनुशासन होता है स्कूल परिसर में भारतीय सैनिक के रूप में हम सभी शिक्षक प्रबंध समिति आपका स्वागत एवं अभिनंदन करती है। कक्षा अध्यापक सकीम खान नीतीश कुमार त्रिवेदी जैद मंसूरी सुनील श्रीवास्तव आसना चौहान रीता चौहान इरम मंसूरी रोमाना खान सोनम मिश्रा मनीषा सिंह रीना निदा राजकुमार पाल जितेंद्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाओं ने अर्चित सिंह को शुभकामनाएं दी हैं अर्चित सिंह के साथ सौरभ गुप्ता दीपक गुप्ता भी मौजूद रहे।

# उपकर की ऑनलाइन फीडिंग व अधिष्ठान पंजीयन कराना अनिवार्य

**जिला टास्क फोर्स समिति, जिला स्तरीय बन्धुआ सतर्कता समिति बैठक संपन्न**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




एडीएम वित्त अरविंद कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला टास्क फोर्स समिति, जिला स्तरीय बन्धुआ सतर्कता समिति, जिला कार्यान्वयन समिति एवं जिला श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक श्रमायुक्त नासिर खां ने जिलाधिकारी द्वारा गठित जनपदीय टास्क फोर्स समिति द्वारा अवमुक्त कराएं बाल श्रमिकों के आयु परीक्षण में आ रही कठिनाईयों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जनपद में वित्तीय वर्ष में 93 बच्चों को कार्य से अवमुक्त कराया गया।। जिनमें 9 खतरनाक एवं 84 गैर खतरनाक श्रेणी के किशोर श्रमिक शामिल है। बन्धुआ श्रम की समीक्षा में सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि जनपद में विगत 4 वर्षों में बन्धुआ श्रम की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। एडीएम ने निर्देश दिया कि ईट भट्टों एवं होटल आदि पर बाल श्रम एवं मानव दुर्व्यापार की गहनता से जांच हो एवं दुकानों एवं कारखानों में श्रमिकों को शासन द्वारा निर्धारित देय न्यूनतम मजदूरी का भुगतान को आवश्यक कदम उठाएं जाए। गिग, एवं प्लेटफार्म श्रमिकों का ई-श्रम में अनिवार्य रूप से पंजीकरण हो। सहायक श्रमायुक्त ने कहा कि प्रत्येक निर्माण कार्य की कुल निर्माण लागत का 1 फीसदी उपकर जीएसटी सहित जमा किया जाना अनिवार्य है। सभी विभाग एवं कार्यदायी संस्थाओं द्वारा प्रत्येक कार्य के उपकर की ऑनलाइन फीडिंग तथा अधिष्ठान पंजीयन भी कराया जाना अनिवार्य है, जिसका संज्ञान न लिए जाने के कारण बोर्ड को राजस्व की हानि हो रही है। जिस पर एडीएम द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को उक्त कार्य तत्परता से करने के निर्देश दिये, और मानचित्र स्वीकृत करते समय ही उपकर की धनराशि की कटौती करते हुए सम्बन्धित को अधिष्ठान पंजीयन कराने के लिये अवगत कराने को निर्देशित किया। सहायक श्रमायुक्त ने बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्थाओं एवं उनके ठेकेदारों से अनुरोध किया कि वह कर्मकार प्रतिकर अधिनियम 1923 यथा संशोधित 2010 के अन्तर्गत भविष्य में घटित होने वाली किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए क्षतिपूर्ति, दुर्घटना हेतु बीमा पालिसी अवश्य ले ले। एडीएम ने सहायक श्रमायुक्त द्वारा उपरोक्त व्यक्त किये गये बीमा पालिसी को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने को निर्देश दिया तथा निजी निर्माण कार्य का उपकर में वृद्धि हेतु श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को अधिक निरीक्षण के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा लीड बैंक के मैनेजर, नगर पालिकाओं के ईओ, बिजली विभाग, सिंचाई विभाग, पीडब्लूडी, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, ओम प्रकाश, राजेश कुमार सिंह श्रम प्रवर्तन अधिकारी, पवन सिंह इण्टक सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# प्राथमिक शिक्षक संघ की मांग पर सांसद मिले केंद्रीय शिक्षा मंत्री से

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा सांसद अरुण कुमार सागर ने उत्तर प्रदेश में 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सेवाओं को संरक्षित रखते हुए टी.ई.टी. अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग पर सांसद सदस्य ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से मिलकर मुद्दे को गंभीरता से उठाया है। इसी क्रम में उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिलकर विस्तृत पत्र देकर शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है। गत् दिनों उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र जिला मंत्री देवेश बाजपेई के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षकों ने सांसद अरुण सागर के साउथ सिटी स्थित आवास पर जाकर मांग पत्र देकर बताया था कि प्रदेश में 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षक कई वर्षों से अपनी पुरानी सेवाओं को मान्यता न मिलने एवं टी.ई.टी. नियमावली में परिवर्तन के कारण कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नई नीति लागू होने के बाद कई अनुभवी शिक्षक न होने की वजह से अनावश्यक जटिलताओं में फंस गए हैं, जिससे उनके वेतन, पदोन्नति तथा सेवा सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ये सभी शिक्षक पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही नियुक्त किए गए थे और अपनी योग्यता, अनुभव तथा सेवा समर्पण के आधार पर विद्यालयों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ऐसे में उनकी सेवाओं को असुरक्षित करना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था के लिए भी हानिकारक है। सांसद अरुण सागर ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से अनुरोध किया है कि वे इस विषय पर संवेदनशीलता दिखाते हुए संबंधित विभागों तथा उत्तर प्रदेश सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करें, ताकि शिक्षकों को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि केंद्र सरकार इस मामले में सकारात्मक रुख अपनाएगी, जिससे हजारों शिक्षकों के हित सुरक्षित हो सकें। सांसद द्वारा उठाए गए इस कदम से जनपद के शिक्षकों में संतोष और उम्मीद की भावना देखने को मिल रही है।

# उड़ान एक उम्मीद संस्था ने चौडेरा में निःशुल्क नेत्र शिविर का कराया आयोजन

**शाहजहांपुर।** उड़ान एक उम्मीद संस्था ने ग्राम चौडेरा में डॉ. श्रॉफ़ गोला ग्राम सहदेवा का निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया। कैंप में आँखों में होने वाली बीमारियों की जांच तथा मोतियाबिंद के चिन्हित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था के साथ ही नज़र के चश्में भी उपलब्ध कराएं गये। मरीज़ों का ब्लडप्रेशर और मधुमेह की जांच भी की गई। लगभग 150 मरीजों का परीक्षण किया गया। जिसमे 55 चिन्हित किए गये, जिनको डा. श्रॉफ़ अस्पताल की वैन द्वारा ले जाया गया, अस्पताल में चिंहित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा और फिर स्वस्थ होने पर कैम्प स्थल पर वाहन द्वारा पहुंचाया जाएगा। अस्पताल में उनके रहने, खाने, ऑपरेशन और दवाइयों की सारी प्रक्रिया पूर्णतय निःशुल्क रहेगा। कैंप में एक बच्चा जो



खेलते समय गाय के मारने की वजह से एक आंख की रोशनी गवां बैठा था। उसके ईलाज के लिए संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने पूरा खर्च वहन करने की बात कही। बच्चे का परीक्षण करने पर पता चला कि उसका ऑपरेशन किया जाएगा। कैम्प में ग्राम प्रधान गीता देवी, प्रधानपति सुनील, सचिव नेहा देवी कुशवाहा का सहयोग रहा। इस अवसर पर संस्था की सहसचिव रश्मि गुप्ता, मीडिया प्रभारी अनीता गुप्ता रही। डॉ. श्रॉफ़ की टीम की तरफ़ से डॉ. अरीबाज़हीर, समीर अली, काजल, अंकित आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने आटा चक्की और कोल्हू का किया शुभारंभ

**शुक्रवार को परेड में सलामी लेने के बाद किया निरीक्षण**

**समृद्धि न्यूज।** साप्ताहिक शुक्रवार परेड में सलामी लेने के एसपी राजेश द्विवेदी द्वारा पुलिस लाइन में नवस्थापित आटा चक्की एवं तेल कोल्हू का उद्घाटन किया, परिसर का व्यापक निरीक्षण एवं अधिकारियों, कर्मचारियों को अनुशासन एवं पारदर्शिता संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड में एसपी राजेश द्विवेदी द्वारा सम्मिलित होकर परेड की सलामी ली गई। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला आरक्षियों को प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। परेड के निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों को अनुशासन, एकरूपता, समयपालन एवं जनसंपर्क में संवेदनशीलता बनाए रखने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी का व्यवहार ही विभाग की छवि को परिभाषित करता है, अतः हर परिस्थिति में अनुशासित एवं प्रोफेशनल आचरण अनिवार्य है। इसके बाद शुक्रवार परेड के उपरान्त एसपी द्वारा पुलिस लाइन परिसर में स्थापित आटा चक्की एवं तेल कोल्हू का विधिवत उद्घाटन किया गया। इन सुविधाओं के माध्यम से पुलिस



कर्मियों को शुद्ध खाद्य सामग्री एवं बेहतर कल्याणकारी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। उक्त उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी पुवायां, क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक एवं आरटीसी मेजर उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद एसपी द्वारा पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया गया, जिसमें डायल 112 कंट्रोल रूम, जी.डी. कार्यालय, हथियारागार, बैरकें एवं सुपर 22 का निरीक्षण शामिल रहा। अभिलेखों की व्यवस्था, कर्मियों की सुविधाएँ एवं रिस्पांस टाइम पर विशेष ध्यान देते हुए एसपी द्वारा आवश्यक निर्देश दिए। साप्ताहिक अर्दली रूम में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा उनके त्वरित निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर यथासंभव समाधान किया गया।

# 37 साल से फरार सजा याफ़्ता अपराधी गिरफ्तार

**मनोज प्रबल**

**मध्य प्रदेश में ककरौआ शक्ति पीठ से बाबा के वेष में रह रहा था राजेश रस्तोगी उर्फ राजू, 1986 में किया था चाचा पर एसिड अटैक**

**तिलहर -शाहजहांपुर।** एसिड अटैक मामले में आजीवन कारावास सजायाफ्ता और हाईकोर्ट से अपील में जमानत के बाद 37 साल से फरार चल रहे आरोपी को हाई कोर्ट से जारी वारंट के चलते एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने मध्य प्रदेश के एक शक्ति पीठ से बाबा के वेष में गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। गौरतलब है कि 39 साल पूर्व 23 अगस्त 1986 को तिलहर के मोहल्ला पक्का कटरा निवासी गंगाधीन (मुनीम) व ओमप्रकाश रस्तोगी अपनी सराफे की दुकान पर रिक्शा से जाने के दौरान सम्पत्ति बंटवारे के विवाद को लेकर राजेश उर्फ राजू पुत्र धनीराम ने हाथापाई करते हुए गंगाधीन व ओमप्रकाश पर एसिड अटैक कर दिया था। जिसमें ओमप्रकाश गंभीर रूप से झुलस गए तथा गंगाधीन पर भी एसिड पद गया था। उक्त घटना की ओमप्रकाश के बेटे संजय कुमार की तहरीर पर थाना तिलहर पर 28 अगस्त 1986 आरोपी राजेश उर्फ राजू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।



एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक उक्त मामले में न्यायालय एएसजे थर्ड द्वारा 30 मई 1988 को अभियुक्त राजेश उर्फ राजू आजीवन कारावास एवं हत्या के प्रयास में दोषी करार देते हुए सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई थी। आरोपी राजेश उर्फ राजू हाई द्वारा कोर्ट में अपील दायर कर जमानत के बाद से वर्ष 1988 यानि करीब 37 वर्षों से फरार चल रहा था। वह सजा से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदलता रहा। वह पहले जनपद लखीमपुर खीरी के गोला कस्बा में किराए पर रहा, तत्पश्चात मोहल्ला कपूरथला, लखीमपुर खीरी में स्वयं का मकान बनाकर रहने लगा। बाद में वह विभिन्न राज्यों के धार्मिक स्थलों पर 2-4 माह रुककर लगातार स्थान परिवर्तन करता रहा । इस दौरान न ही उसकी कुर्की हुई न ही उस पर इनाम घोषित हो सका। यहां बता दें कि हाईकोर्ट से जारी वारंट के चलते आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर जब विभागीय उच्चाधिकारी की तलबी की गई । तो महकमे में हड़कंप मच गया ।

आखिर थाना पुलिस हरकत में आ गई। और एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी के ककरौआ गायत्री शक्ति पीठ से बाबा के वेश में 12 दिसंबर 2025 को राजेश रस्तोगी उर्फ राजू 58 को गिरफ्तार कर तिलहर कोतवाली लाया गया। जिसके कब्जे से मोहल्ला कपूरथला, लखीमपुर खीरी तथा रामपार्क, निकट हनुमान मंदिर, लोनी गाज़ियाबाद के आधार कार्ड बरामद हुए। आरोपी की उसके बेटे कृष्ण मोहन उर्फ अनुज व स्थानीय लोगों ने पहचान की पुष्टि की। समाचार भेजे जाने तक आरोपी को सीजीएम कोर्ट में पेश किए जाने की प्रक्रिया जारी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओजी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, प्रभारी सर्विलांस सेल मनोज कुमार मय टीम के शामिल रहे ।

# सीएचसी के बंद किए गए इमरजेंसी गेट संख्या एक को खुलवाने की सीएमओ से अपील

**पूर्व सभासद पीर मोहम्मद अंसारी ने की जांच कर कार्रवाई की मांग**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सीएचसी के इमरजेंसी गेट संख्या एक को बंद किए जाने से आपात कालीन मरीजों व तीमारदारों परेशानी के मद्देनजर पूर्व सभासद पीर मोहम्मद अंसारी ने सीएमओ को शिकायती पत्र भेजकर जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पूर्व सभासद श्री अंसारी ने शिकायती पत्र में कहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित इमरजेंसी गेट संख्या एक जो कि आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है। उसे कुछ व्यक्तियों द्वारा दुर्भावनापूर्ण, गैर-कानूनी एवं बिना किसी सक्षम आदेश/ प्रशासनिक अनुमति के जबरन बंद कर दिया गया है। जिसके कारण न केवल आम नागरिकों, मरीजों, गर्भवती महिलाओं, दुर्घटना पीड़ितों एवं आपातकालीन रोगियों को निर्धारित समय पर चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बल्कि यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दिशानिर्देशों, अपातकालीन चिकित्सा सेवा संचालन नियमों तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों की अनिवार्य उपलब्धता से संबंधित वैधानिक प्रावधानों का भी स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कहा है कि इस अवैध गेट बंदी से आम जनमानस में भय एवं असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न हो रहा है। साथ ही आपातकालीन चिकित्सा सुविधा की उपलब्धता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हुए जीवन-रक्षक सेवाओं में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बंद किए गए इमरजेंसी गेट संख्या एक को तत्काल प्रभाव से खोले जाने के साथ ही अवैध रूप से बंद कराने वालों के खिलाफ विधिक एवं विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है।

# तीन परिवारों को पुलिस ने विखरने से बचाया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एसपी के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया। कुल 29 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई तथा 3 दम्पत्तियों को सकुशल विदा किया गया। थाना कोतवाली की दम्पत्ति का विवाह लगभग 02 वर्ष पूर्व हुआ था। प्रथम पक्ष ने बताया कि उसका पति उसकी बात नहीं मानता, अपने परिजनों के कहने पर चलता है, तथा विवाह में दिया गया सामान उसकी सास और ननद द्वारा उपयोग किया जाता है। आवेदिका के अनुसार उसे अपनी सैलरी में से कोई खर्च नहीं दिया जाता, जिस कारण वह पिछले 02 माह से मायके में रह रही है। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र में बुलाया गया। आपसी वार्ता कराई गई तथा समझाया गया। दोनों पक्ष साथ रहने हेतु तैयार हुए और आपसी सहमति से समझौता कर लिया गया। तत्पश्चात दोनों पक्षों को केंद्र से सकुशल विदा किया गया। इस दम्पत्ति का विवाह लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व हुआ था। प्रथम पक्ष ने बताया कि वह लगभग 7 माह की गर्भवती है। उसके पति ने उसके सभी जेवर बेच दिए, रिश्तेदारों से उधार



लिया हुआ है तथा उसे भोजन एवं खर्च नहीं देता। आवेदिका के अनुसार पति अपने चाचा, चाची के कहने पर चलता है, और वह पिछले 06 माह से मायके में रह रही है। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र में बुलाकर आपसी वार्ता कराई गई। उचित समझाइश के उपरान्त दोनों पक्ष साथ रहने को सहमत हुए और आपसी समझौता कर लिया गया। तत्पश्चात दोनों पक्षों को सकुशल विदा किया गया। इस अवसर पर परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी महिला उप निरीक्षक मधु यादव, परामर्शदाता शशि प्रवाह कौशल, अंशु राजानी, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता शर्मा, महिला आरक्षी मोनिका, महिला आरक्षी पिंकी, महिला आरक्षी बबीता देवी आदि मौजूद रहीं।

### दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न और मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव हवासपुर निवासी कोमल गुप्ता ने बताया कि उनकी शादी 25 जून 2023 को जैतीपुर निवासी अतुल कौशल पुत्र श्रीनिवास गुप्ता के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। उनके भाई ने शादी में करीब 5 लाख रुपये खर्च किए थे। दो लाख अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पीड़िता के साथ पति, सास, ससुर, ननद व अन्य ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। थाना प्रभारी गौरव त्यागी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# डीएम ने दिया सादगी-समानता का परिचय, बच्चों के साथ बैठकर किया तिथि भोज

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**डीएम ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवां, बसरवेड़ा बुजुर्ग में तालाब आदि को देखा**

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पुवायां अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवां, ग्राम बसखेड़ा बुजुर्ग में तालाब, नाली, सड़क एवं श्मशान घाट आदि समस्याएं एवं कृषि विभाग के राजकीय कृषि बीज सम्वर्द्धन प्रक्षेत्र नाहिल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम ने बीएसए दिव्या गुप्ता के साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवां के परिसर में मैथ पार्क का फीता काटकर उद्घाटन किया। मैथ पार्क में बच्चों द्वारा वृत्त, शंकु, त्रिभुज, कोण आदि मैथ के संबंध में बताया गया। विद्यालय परिसर में सहजन पेड़ का रोपण किया। नवम्बर माह में जन्म दिवस वाले छात्र दीपांशु, तरन्नुम, अनन्या, सिद्धि, अनुराग, शुभम, पलक, कमल, दिव्या एवं प्रिया ने डीएम के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया तथा डीएम ने बच्चों के साथ बैठकर तिथिभोज किया। विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था, खेलकूद व पठन-पाठन देखकर प्रशंसा की। बच्चों ने लर्निंग बाय डूइंग के तहत बनाई गई वस्तुएं डीएम को भेंट की। डीएम ने बसखेड़ा बुजुर्ग में तालाब, नाली, सड़क एवं श्मशान घाट आदि समस्याएं को देखा। गांव में बरसात के समय तालाबों से जलनिकासी की व्यवस्था न होने पर



जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिसका मौके पर जाकर निरीक्षण किया। गांव में दो तालाब है, जिनमें बरसात के समय भर जाने पर ग्रामीणों को समस्या होती है। डीएम ने समस्या का निरीक्षण करते हुए प्रधान को निर्देश दिए कि तय करें कि तालाब से पानी निकालने के लिए नाली बनाई जाए। तहसीलदार को निर्देश दिए कि तालाब सहित अन्य सरकारी जमीनों को सर्वे करा लें और अवैध अतिक्रमण हटवाना सुनिश्चित करें। खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि तालाबों की खुदाई एवं साफ सफाई कराएं तथा पानी निकासी के लिए नाली निर्माण करना सुनिश्चित करें। श्मशान घाट में टीन शेड डलवाने के लिए भी कहा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि एक माह में सारे कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए पुनः निरीक्षण करेंगे। डीएम ने कृषि विभाग के राजकीय कृषि बीज सम्वर्द्धन प्रक्षेत्र नाहिल का निरीक्षण किया। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने बताया कि यह कृषि फार्म 30 हेक्टेयर क्षेत्रफल का है, इसमें गेहूं की फसल है। कृषि फार्म में बीज उत्पादन किया जाता है, जोकि किसानों को बीज दिया जाता है। डीएम ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि आगामी वृक्षारोपण के सत्र में कृषि फार्म पर जामुन एवं सहजन के पेड़ों को लगाया जाए। इस अवसर पर एसडीएम पुवायां चित्रा निर्वाल, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, इंचार्ज प्रधानाध्यापिका पल्लवी, सहायक अध्यापक शबीह फातमा, अनुदेशक प्रतिभा पटेल सहित अन्य मौजूद रहे।

### तिथि भोज में शामिल हुए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह

**जन्मदिवस वाले छात्रों के साथ केक काट जन्मदिवस मनाया**



**शाहजहांपुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवां विकास खंड पुवायां में जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा विद्यालय में बने मैथ्स पार्क का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात जिला अधिकारी द्वारा सहजन का पौधा रोपण किया गया। नबंबर माह के जन्मदिवस वाले छात्रों के साथ केक काट जन्मदिवस मनाया। तत्पश्चात तिथि भोज में सम्मिलित हुए। विद्यालय की शिक्षिका पल्लवी के द्वारा विद्यालय के छात्रों के लिए मैथ्स पार्क बनवाया गया, जिससे बच्चे खेल खेल में मैथ्स की कई सारी ट्रिक को आसानी से सीख सकते है। मैथ्स पार्क में वैदिक गणित, पाइथागोरस प्रमेय, समांतर रेखाएं, शंकु, आयत, त्रिभुज आदि के मॉडल बने हुए है। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार शुक्ला, खंड विकास अधिकारी पुवायां, ग्राम प्रधान विनय कुमार सिंह, विद्यालय की शिक्षिका पल्लवी, शबीह फातमा, प्रतिभा पटेल, रजनी झा, योगेश निष्कर्ष, विजय आदि उपस्थित रहे।

## बचे बचपन

पश्चिमी देश, जिस सोशल मीडिया के गुणगान करते नहीं अघाते थे, अब उन्हें इससे बच्चों में पनपती विकृतियों की हकीकत समझ में आने लगी है। सुगबुगाहट तो ब्रिटेन से लेकर अमेरिका तक प्रतिबंधों को लेकर हो रही है, लेकिन इस दिशा में पहल करने का साहस आस्ट्रेलिया ने सुधारवादियों के दबाव में उठाया है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने कहा है कि वे बड़ी तकनीकी कंपनियों के अधिकार इसलिए वापस ले रहे हैं ताकि बच्चों के बच्चे होने के अधिकार और माता-पिता की मानसिक शांति के अधिकार की रक्षा हो सके। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया है कि यह सुधार जिंदगियां बदल देगा। साथ ही आस्ट्रेलिया के बच्चों को बचपन जीने का मौका देगा। आज दुनिया के तमाम देश मंथन कर रहे हैं यदि आस्ट्रेलिया यह पहल कर सकता है तो वे क्यों नहीं कर सकते। इनमें वे तमाम अभिभावक भी शामिल हैं जो अपने बच्चों की आत्महत्या के लिये सोशल मीडिया को जिम्मेदार मानते हैं। उल्लेखनीय है कि आस्ट्रेलिया में यदि सोशल मीडिया मंच 16 साल से कम उम्र के बच्चों के अकाउंट हटाने में असफल रहते हैं, तो उन्हें करीबन पांच करोड़ आस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना चुकाने के लिये बाध्य होना पड़ सकता है। आस्ट्रेलियाई सरकार क्रिसमस तक मूल्यांकन करेगी कि ये प्रतिबंध कितने कारगर साबित हुए हैं।

निःसंदेह, आस्ट्रेलिया की पहल ने पूरी दुनिया में सोशल मीडिया से बच्चों को दूर रखने की मुहिम को नई ऊर्जा दे दी है। कमोबेश, भारत जैसे देश भी सोशल मीडिया की असामाजिकता का दंश झेल रहे हैं। इसमें बच्चों के साथ ऑनलाइन बुलिंग से लेकर ऑनलाइन ठगी तक के तमाम मामले गाहे-बगाहे सामने आते रहते हैं। विडंबना है कि आज सोशल मीडिया पर प्रसारित वयस्कों की सामग्री से बच्चे जाने-अनजाने में परिचित हो रहे हैं। वे समय से पहले वयस्क हो रहे हैं। जिससे समाज में तमाम तरह की सामाजिक विकृतियां पैदा हो रही हैं। निःसंदेह, इससे आने वाले समय में घातक सामाजिक विद्रूपताएं पैदा हो सकती हैं। दरअसल, बच्चों के लगातार घंटों कथित सोशल मीडिया में सक्रिय रहने से उनमें तमाम शारीरिक व मानसिक विसंगतियां पैदा हो रही हैं। उन्हें संस्कार अब माता-पिता व शिक्षक नहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का दोहन करने वाले निहित स्वार्थी तत्व दे रहे हैं। जो कि भारतीय जीवन-मूल्यों व संस्कारों से मेल नहीं खाते। आज सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर इतनी अश्लील व द्विअर्थी सामग्री का प्रवाह है कि हमारे किशोर आपराधिक प्रवृत्तियों की ओर उन्मुख हो रहे हैं। सोशल मीडिया के घातक प्रभाव के चलते आज बच्चों के नायक बदल गए हैं। उनके आदर्श बदल गए हैं। उनका नजरिया बदल रहा है। सोशल मीडिया के कतिपय मंचों पर अश्लील सामग्री की उपलब्धता ने किशोरों में ब्रह्मचर्य के भारतीय मूल्यों को ताक पर रख दिया है। विडंबना यह है कि घंटों सोशल मीडिया पर बैठे रहने वाले बच्चे शारीरिक सक्रियता से दूर हो रहे हैं। जिससे उनमें मोटापा व अनेक गैर संक्रामक रोग पनप रहे हैं। वे किशोर अवस्था में मधुमेह आदि उन रोगों के शिकार बन रहे हैं जो कभी बड़ी उम्र के लोगों को हुआ करते थे। इस संकट का एक घातक पहलू यह भी है कि मोबाइल पर लगातार सोशल मीडिया के कार्यक्रम स्क्रॉल करने वाले बच्चों की मानसिक एकाग्रता बाधित हो रही है। जाहिर है इसका प्रभाव उनके शैक्षिक प्रदर्शन पर पड़ेगा। एक समय दुनिया के तमाम देशों में जिन भारतीय प्रतिभाओं का डंका बजता था, शायद भविष्य में ऐसा न हो। घंटों सोशल मीडिया पर बिताने वाले छात्रों से उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे अपनी पढ़ाई के लिये पूरी तरह एकाग्र हो सकेंगे। निरंतर कल्पना लोक में विचरण करने वाले बच्चे जब जीवन की हकीकत से जूझते हैं तो टूटने-बिखरने लगते हैं। गाहे-बगाहे आत्महत्या करने वाले किशोरों के डेटा का यदि गंभीरता से विश्लेषण किया जाए तो निश्चित रूप से हम सोशल मीडिया के घातक प्रभाव की हकीकत से रूबरू हो सकते हैं। आस्ट्रेलियाई पहल से सबक लेकर भारत के नीति-नियंताओं को भी इस दिशा में गंभीरता से पहल करनी चाहिए। इस दिशा में थोड़ी भी देरी की देश को भविष्य में बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

# भीड़भाड़ वाले प्रतिष्ठानों में सुरक्षा संकट



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं



वैश्विक स्तरपर भारत तेज़ी से शहरी विकास, बुनियादी ढांचे के विस्तार और जनसंख्या की बढ़ती आर्थिक भागीदारी के दौर से गुजर रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप देश के लगभग 780 जिलों में विशाल संख्या में मॉल, मल्टी-स्टोरी बिल्डिंगें, होटल, रेस्टोरेंट, नाइट क्लब, सिनेमाहॉल, सुपर बाजार, कोचिंग संस्थान, स्कूल, कॉलेज और मनोरंजन केंद्रों का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। इन स्थानों पर प्रतिदिन हजारों-लाखों नागरिक आते हैं, जो आधुनिक जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। लेकिन इसी विकास की यात्रा के भीतर एक गंभीर प्रश्न भी मौजूद है, भ्रष्टाचार,गैर-जवाबदेही, फायर-सेफ्टी की अनदेखी और प्रशासनिक निरीक्षण की कमी, जो कई बार बड़े हादसों का कारण बन जाती है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि हाल ही में गोवा के नाइट क्लब में लगी भयंकर आग, जिसमें 25 लोगों की मृत्यु हुई, इस समस्या का चरम उदाहरण है।इस हादसे ने यह उजागर कर दिया कि देश के अनेक जिलों में बड़ी संख्या में ऐसे व्यावसायिक प्रतिष्ठान सक्रिय हैं, जिनके पास न तो वैध फायर-सेफ्टी प्रमाणपत्र हैं, न बिल्डिंग बायलॉज की स्वीकृति, न ही नगर परिषद/महानगर पालिका/राज्य सरकार द्वारा जारी आवश्यक लाइसेंस। यह स्थिति केवल प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम नहीं है,बल्कि भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों, लाइसेंसों की अवैध खरीद- फरोख्त,और निरीक्षण एजेंसियों की मिलीभगत का दुष्परिणाम है। जिस प्रकार गोवा के नाइट क्लब को बिना उचित सुरक्षा प्रोटोकॉल के चलने दिया गया,उसी प्रकार देश के विविध हिस्सों में भीड़भाड़ वाले संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा मानकों का खुला उल्लंघन आम हो चुका है, जिसे रोकने के लिए अब कलेक्टर-स्तर पर स्वतः संज्ञान आधारित निरीक्षण व्यवस्था लागू करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है।

साथियों बात अगर हम भीड़भाड़ वाले प्रतिष्ठानों में सुरक्षा संकट और भ्रष्टाचार की संरचनात्मक भूमिका को समझने की करें तो, भारत में एक ओर जहां आधुनिक मॉल, कैफे, मल्टीप्लेक्स और मनोरंजन केंद्र शहरों की पहचान बन रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इन प्रतिष्ठानों की सुरक्षा स्थिति भयावह रूप से कमजोर पाई जाती है। कई जिलों में यह पाया गया है कि (1) फायर-सेफ्टी ऑडिट वर्षों तक नहीं हुए, (2) आपातकालीन निकास अवरुद्ध हैं, (3) फायर-अलार्म और स्प्रिंकलर कार्यरत नहीं (4) बिल्डिंग बायलॉज का पालन न्यूनतम, (5) ओवरलोडेड इलेक्ट्रिकल वायरिंग, (6) अवैध निर्माण और अवैध विस्तार, (7) बिना अनुमति नाइट क्लब, बार, बेसमेंट रेस्टोरेंट और कोचिंग केंद्र संचालन, (8)और सबसे चिंताजनक- भ्रष्टाचार के चलते फर्जी लाइसेंस जारी करना। भारतीय नगर प्रशासन या स्थानीय निकायों में भ्रष्टाचार नई बात नहीं है, लेकिन जब यह भ्रष्टाचार नागरिक जीवन के मूलभूत अधिकार, सुरक्षित वातावरण को खतरे में डाल दे, तब यह केवल रिश्वत का मसला नहीं रहता,बल्कि नागरिकों की हत्या नरसंहार जैसी परिस्थितियों को जन्म देने वाली संरचनात्मक विफलता बन जाता है। गोवा की घटना हो या दिल्ली के मुंडका फायर हादसा, मुंबई का कमला मिल फायर, सूरत का कोचिंग सेंटर मामला,हर घटना के पीछे एक सामान्य कारण दिखाई देता है : भ्रष्टाचार के बदले मिले फर्जी प्रमाणपत्र और नियमों के क्रियान्वयन में गहरी प्रशासनिक उदासीनता। भारत में नागरिक सुरक्षा अधिनियम, फायर सेवा अधिनियम, नगर बायलॉज और राष्ट्रीय भवन संहिता जैसे कानून मौजूद हैं, लेकिन जब इन कानूनों के पालन की जिम्मेदारी संभालने वाला निचला -मध्यम प्रशासन ही भ्रष्टाचार में संलिप्त हो जाए, तो सुरक्षा व्यवस्थाएँ केवल कागज़ी बनकर रह जाती हैं। इसलिए यह मॉडल अब अप्रभावी माना जा रहा है और आवश्यक है कि निरीक्षण का अधिकार सीधे जिलाधिकारी /कलेक्टर के हाथों में आए, जो जिले का सर्वोच्च कार्यपालिका अधिकारी होता है और भ्रष्टाचार- रोधी शक्तियाँ भी रखता है।

साथियों बात अगर हम कलेक्टर द्वारा स्वतः संज्ञान आधारित आकस्मिक निरीक्षण की अपरिहार्यता को समझने की करें तो, प्रत्येक जिले में कलेक्टर स्वयं आकस्मिक निरीक्षण करें, वह वर्तमान भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में एक अत्यंत व्यवहार्य, प्रभावी और नागरिक-हितकारी समाधान है। इसका कारण स्पष्ट है (1) कलेक्टर भ्रष्टाचार-रोधी शक्तियों से लैस होता है। (2) स्थानीय निकाय, नगर परिषद या निगम पर होने वाले राजनीतिक दबाव का प्रभाव कलेक्टर पर कम पड़ता है। (3) स्वतः संज्ञान लेने की शक्ति के कारण कलेक्टर किसी भी संस्था पर तात्कालिक जांच और कार्रवाई कर सकता है। (4) आकस्मिक निरीक्षण भ्रष्टाचार की रीढ़ तोड़ने वाला सबसे प्रभावी उपाय है। (5) कलेक्टर की प्रत्यक्ष निगरानी से स्थानीय अधिकारियों की जवाबदेही स्वतः बढ़ जाती है। देश में अक्सर देखा गया है कि फायर सेवा विभाग, नगर निगम या लाइसेंसिंग अधिकारी भ्रष्टाचार के कारण बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को नियमों के उल्लंघन के बावजूद 'क्लीन चिट' दे देते हैं। ऐसे में यदि कलेक्टर हर जिले में-मॉल, होटल, नाइट क्लब, बड़े रेस्टोरेंट मल्टीप्लेक्स सुपर बाजार, स्कूल/कॉलेज, कोचिंग सेंटर, और उच्च भीड़- घनत्व वाली इमारतों का स्वतः संज्ञान लेकर निरीक्षण करें, तो नागरिक सुरक्षा का स्तर कई गुना बढ़ सकता है कलेक्टर- स्तरीय निरीक्षण से यह भी सुनिश्चित होगा कि फर्जी सर्टिफिकेट रखने वाले प्रतिष्ठानों की तुरंत पहचान की जाए और उन पर दंडात्मक कार्रवाई हो। गोवा हादसा इसी बात का प्रमाण है कि यदि जिला प्रशासन सक्रिय रूप से ऐसे प्रतिष्ठानों पर समय- समय पर निगरानी करता, तो शायद 25 निर्दोष नागरिकों की जान बच सकती थी।

साथियों बात अगर हम भीड़- उपस्थितियों वाले संस्थानों पर अनिवार्य नियमित निरीक्षण : एक नई राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता इसको समझने की करें तो, प्रत्येक जिले में सभी ऐसे संस्थानों पर जहाँ बड़ी संख्या में आम जनता एकत्रित होती है, नियमित निरीक्षण व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। यह निरीक्षण त्रैमासिक, अर्धवार्षिक अथवा वार्षिक न होकर व्यवसाय के प्रकार, भीड़ की मात्रा, जोखिम स्तर और भवन संरचना के आधार पर होना चाहिए। उदाहरण के लिए, नाइट क्लब, बार, बेसमेंट रेस्टोरेंट मासिक निरीक्षण, मल्टीप्लेक्स, मॉल, भीड़भाड़ बाजार हर तीन माह में निरीक्षण, स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर सत्रारंभ से पहले अनिवार्य निरीक्षण होटल और गेस्टहाउस प्रत्येक छह माह में निरीक्षण इन निरीक्षणों में निम्न बिंदुओं की सुनिश्चितता आवश्यक है (1) फायर सेफ्टी उपकरणों की कार्यशीलता (2) आपातकालीन निकास मार्ग (3)भीड़ नियंत्रक तकनीक (4) इलेक्ट्रिकल वायरिंग की सुरक्षा(5) एलपीजी/गैस सुरक्षा(6) बिल्डिंग बायलॉज का अनुपालन (7) सुरक्षा कर्मियों की प्रशिक्षित टीम (8) सीसीटीवी और नियंत्रण प्रणाली, भारत में कई हादसों की मुख्य वजह यह रही है कि ऐसे निरीक्षण या तो कभी हुए ही नहीं, या निरीक्षण रिपोर्ट भ्रष्टाचार के कारण कागज़ में पास दिखाई गई। इसलिए, कलेक्टर-स्तरीय निगरानी के साथ-साथ डिजिटल पब्लिक इन्स्पेक्शन रजिस्टर की व्यवस्था भी बनाई जानी चाहिए ताकि जनता खुद जान सके कि उनके जिले के प्रतिष्ठानों ने कौन-कौन से सुरक्षा प्रमाणपत्र प्राप्त किए हैं।

साथियों बात अगर हम सुरक्षा नियमों के पालन की सार्वजनिक घोषणा इंडिया सेफ्टी चार्ट का अनिवार्य प्रदर्शन इसको समझने की करें तो, विश्व के कई देशों में, जैसे सिंगापुर, जापान, कनाडा और जर्मनी, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को एक पब्लिक सेफ्टी चार्ट प्रदर्शित करना अनिवार्य होता है। भारत में भी ऐसा मॉडल अपनाने का समय आ चुका है। इस भारत सुरक्षा चार्ट / इंडिया सेफ्टी कम्पलायंस चार्ट में निम्नलिखित जानकारी शामिल होनी चाहिए- (1) अंतिम फायर सेफ्टी प्रमाणन की तिथि (2) बिल्डिंग बायलॉज अनुपालन स्तर (3) इमरजेंसी निकास योजना (4) अग्निशमन उपकरणों की क्षमता व स्थिति (5) अधिनियमों के अंतर्गत उठाए गए सुरक्षा कदम (6)स्वच्छता और विद्युत सुरक्षा जांच की तिथि (7) कलेक्टर अथवा अधिकृत अधिकारी का डिजिटल सत्यापन, इस चार्ट को रेस्टोरेंट, मॉल, होटल, थिएटर, संस्थानों व नाइट क्लब के प्रवेश द्वार पर अनिवार्य रूप से लगाया जाना चाहिए, ताकि नागरिक स्वयं जान सकें कि जिस स्थान पर वे जा रहे हैं, वह सुरक्षित है या नहीं। यदि कोई प्रतिष्ठान इस चार्ट को प्रदर्शित नहीं करता, तो उसे स्वतः जोखिम-श्रेणी में रखा जाए और कलेक्टर कार्रवाई करें।

साथियों बात अगर हम लाइसेंस उल्लंघन, अवैध संचालन और गैर-अनुपालन पर कठोर कार्रवाई इसको समझने की करें तो,बिना अनुमति या नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर तत्काल लाइसेंस रद्द किया जाए,एक व्यावहारिक और नागरिक- अधिकार आधारित मांग है। भारत में कई बार देखा गया है कि अवैध ढंग से संचालित प्रतिष्ठान- (1) राजनीतिक संरक्षण, (2) पुलिस/नगर निकाय भ्रष्टाचार, (3)या सिस्टम की ढिलाई, के कारण वर्षों तक चलाते रहते हैं। जबकि वे हजारों लोगों की जान खतरे में डालते हैं। यदि कलेक्टर स्तर पर निम्न नीतियाँ लागू की जाएँ-(1)पहली बार में 10 लाख तक का जुर्माना+15 दिन का निलंबन (2) दूसरी बार में लाइसेंस का स्थायी रद्दीकरण(3)तीसरी बार में आपराधिक मुकदमा (आईपीसी 304, 336, 337, 338 के तहत) तो ऐसे अपराधों पर अंकुश लगेगा। नियमों का उल्लंघन केवल प्रशासनिक गलती नहीं है,यह सीधे-सीधे नागरिक जीवन को खतरे में डालने की साजिश है, जो गंभीर दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। कलेक्टर यदि इसपर कड़ाई से कार्रवाई करें, तो भ्रष्टाचार की श्रृंखला स्वतः टूट जाएगी।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार इन सभी हादसों की जड़ क़ा कारण है इसको समझने की करें तो, जनता जानती है,ऐसी लापरवाही बिना नीचे से ऊपर तक भ्रष्टाचार की मिलीभगत के संभव ही नहीं। यह एक संरचनात्मक समस्या है, जिसमें शामिल होते हैं-निरीक्षण अधिकारी,लाइसेंस जारी करने वाले अधिकारी, स्थानीय निकाय कर्मचारी, राजनीतिक दबाव, भ्रष्ट ठेकेदार और बिल्डर और कभी-कभी पुलिस जब भ्रष्टाचार नियमों का स्थान ले लेता है तो, (1) आग सुरक्षा कागजों में पास हो जाती है, (2) लाइसेंस रिश्वत के आधार पर जारी हो जाता है, (3) निरीक्षण रिपोर्ट फर्जी तैयार हो जाती है, (4) अवैध निर्माण को अनदेखा कर दिया जाता है, (5) और किसी दुर्घटना से पहले कोई कार्रवाई नहीं होती। गोवा का नाइट क्लब हादसा इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है, जहाँ, (1) अवैध विद्युत कनेक्शन, (2) फर्जी लाइसेंस, (3) ओवर-कैपेसिटी भीड़, (4) आपातकालीन निकास बंद, और (5) फायर सिस्टम गैर- कार्यशील, जैसी खामियाँ बाद में सामने आईं। यह सब केवल एक ही चीज़ की ओर इशारा करता है - भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता। इसलिए भारत को अब एक ऐसी प्रणाली अपनानी चाहिए जिसमें-भ्रष्टाचार का जोखिम न्यूनतम, निरीक्षण डिजिटल, लाइसेंसिंग पारदर्शी, और जिम्मेदारी शीर्ष स्तर पर निश्चित हो।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत वर्तमान में एक अहम मोड़ पर खड़ा है। आर्थिक विकास की तेज़ रफ्तार, शहरीकरण का विस्तार, और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की बढ़ती संख्या के बीच नागरिक सुरक्षा की चुनौती दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। गोवा नाइट क्लब की आग में 25 लोगों की दर्दनाक मृत्यु इस बात की चेतावनी है कि यदि हम भ्रष्टाचार, प्रशासनिक लापरवाही और निरीक्षण तंत्र की विफलताओं को तुरंत ठीक नहीं करते, तो ऐसे हादसे भविष्य में भी सामने आते रहेंगे इसलिए आवश्यक है कि कलेक्टर-स्तरीय स्वतः संज्ञान अनिवार्य नियमित निरीक्षण, सार्वजनिक सुरक्षा चार्ट का प्रदर्शन, उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई, भ्रष्टाचार-विरोधी तंत्र का सशक्तिकरण उपायों को लागू किया जाए।

विचार

# हिन्दुओं की आस्था को रौंद कर आगे बढ़ने की कट्टरपंथी सोच



संजय सक्सेना

हिन्दुस्तान मुसलमानों की जहनियत में पिछले चार-पाँच दशकों से काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और संविधान से चलता है, लेकिन अब देश के मुसलमानों में भारत के प्रति वैसी वफादारी नहीं दिखती जैसी उनके मन में शरीयत के प्रति है। कहने को तो शरीयत कुरान की ही सोच है, लेकिन हकीकत यह है कि कट्टरपंथियों ने शरीयत में कुरान के कई संदेशों को अनदेखा कर दिया है। इसलिए देश में कभी वंदेमातरम और भारत माता की जय पर बवाल होता है तो कभी हिन्दुओं के प्रति घृणा फैलाई जाती है। उनकी भावनाओं को आहत किया जाता है।उत्तर प्रदेश के एक छोटे से कस्बे में, तीन साल पहले की वह सुबह भूलना मुश्किल है। ईद की नमाज़ के बाद सड़क पर उमड़ी भीड़ अचानक नारों से गूंज उठी। 'भारत माता की जय' बोलने वाले हिंदू पड़ोसियों को घेर लिया गया। पत्थर चले, गाड़ियां जलाई गईं। वजह? बस एक पुरानी मस्जिद के पास लगे राष्ट्रगान के पोस्टर। स्थानीय मुस्लिम युवाओं का कहना था कि वे 'काफिरों के नारे' नहीं बर्दाश्त करेंगे। पुलिस ने बाद में पकड़े गए 40 लोगों में से ज्यादातर को जमानत मिल गई, लेकिन वह घटना पूरे इलाके में दरार डाल गई। आज भी वह कस्बा दो खेमों में बंटा है। यह एक छोटी सी मिसाल है उस बदलाव की, जो आजादी के बाद भारत के मुसलमानों की सोच में आया है।

बात 1947 की है, जब आजादी की दहलीज पर खड़ा भारत दो टुकड़ों में बंट गया। मुहम्मद अली जिन्ना की ज़िद्द ने पाकिस्तान को जन्म दिया, इस्लाम के नाम पर। हिंदुओं, सिखों के लिए बचा भारत। बंटवारे का सिद्धांत साफ़ था, मुसलमान पाकिस्तान जाएँगे। लेकिन लाखों मुसलमानों ने इनकार कर दिया। उनका तर्क था, हम भारत से मोहब्बत करते हैं। यहाँ लोकतंत्र है, संविधान बनेगा, कानून राज करेगा। शरीयत की हुकूमत नहीं चाहिए। नेहरू, पटेल जैसे नेताओं ने इन्हें आश्वासन दिया। नतीजा? 1947 में भारत में 3.5 करोड़ मुसलमान रह गए, जबकि पाकिस्तान चला आधा करोड़। आज यह संख्या 20 करोड़ के पार पहुँच चुकी है। तत्पश्चात पहले दो दशक शांतिपूर्ण गुज़रे। मुसलमानों ने भारतीय सेना में हिस्सा लिया, बॉलीवुड सितारे बने, खिलाड़ी हुए। लेकिन 1970 के बाद हवा बदली। खाड़ी युद्धों ने पैसे लाए, सऊदी से वहाबी विचारधारा घुस आई। मदरसों की संख्या 1981 में 900 से बढ़कर 2023 तक 2.7 लाख हो गई। इनमें से 25 हज़ार से ज़्यादा बिना पंजीकरण के चलते हैं। आजकल शरीयत की माँग, 'ग़ज़वा ए हिंद' के नारे सुनाई देते हैं। सोशल मीडिया पर हिंदू देवताओं के खिलाफ नफरत भरी पोस्टें वायरल होती हैं। वंदे मातरम, भारत माता की जय जैसे नारे तक असंवैधानिक बता दिए जाते हैं। तुष्टिकरण की सियासत करने वाले नेताओं और राजनीतिक दलों द्वारा इस तरह की गतिविधियों से मुंह मोड़ लिया जाता है।

भारतीय राजनीति में यह सब कई दशकों तक साफ दिखता है। हिन्दू वोटरों को जाति के नाम पर बाँट दिया जाता था और मुस्लिमों को एकजुट किया जाता रहा, लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव से भारत की सियासत की तस्वीर काफी बदल गई। अब मुस्लिमों की तरह हिन्दू भी एकजुट होकर वोटिंग करने लगे हैं। यही वजह थी कि 2014 में देश में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनी। इसके बाद यही पैटर्न कई विधानसभा चुनाव में भी दिखाई दिया, जहाँ हिन्दू बहुमत में भाजपा को समर्थन देते हैं, वहाँ मुसलमान एकजुट होकर विरोध करते हैं।परंतु गैर भाजपाई दलों ने हिंदुओं को बांटने की कोशिश छोड़ी नहीं। कभी बीजेपी के खिलाफ यादव-मुस्लिमों को एकजुट करने की कोशिश होती तो कभी दलित-मुसलमानों को एक बैनर तले लाने की नाकाम कोशिश की जाती। 2019 लोकसभा में 27 फीसदी मुस्लिम बहुल सीटों पर विपक्ष ने सिर्फ़ इसलिए जीत हासिल की क्योंकि वोट ट्रांसफर हुआ। भाजपा को हराने का एकमात्र मकसद तुष्टिकरण वाली पार्टियां ही सत्ता में रहें। यही पैटर्न पश्चिम बंगाल, बिहार, यूपी के विधानसभाओं में दिखा। 2022 यूपी चुनाव में 17 फीसदी मुस्लिम वोटों ने भाजपा को 60 से ज़्यादा सीटें कम करा दीं। दुनिया भर के मुसलमानों से भारत के मुसलमानों की तुलना करें तो भारत का मुसलमान सबसे सुरक्षित और सुविधाजनक जिंदगी जीता है। पहला, लोकतंत्र। भारत में हर नागरिक को वोट का हक़।

पाकिस्तान में 2024 चुनावों में 40 फ़ीसदी वोटिंग हुई, सेना ने असल में सरकार बनाई। बांग्लादेश में हसीना की हुकूमत ने विपक्ष को कुचल दिया। अफगानिस्तान में तालिबान ने महिलाओं को घर से निकलने पर पाबंदी लगा दी। भारत में मुस्लिम महिलाएँ चीफ जस्टिस तक बनीं।

दूसरा, धार्मिक आज़ादी। संविधान के अनुच्छेद 25-28 हर मजहब को मानने, प्रचार करने का हक़ देते हैं। भारत में 4 लाख से ज्यादा मस्जिदें, 2.7 लाख मदरसे। केंद्र सरकार ने 2023 में 5 हज़ार करोड़ मदरसों के आधुनिकीकरण के लिए दिए। सऊदी में गैर इस्लामी पूजा पर कोड़े लगते हैं। मिस्र में कॉप्टिक चर्च सीमित। भारत में हिंदू मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण, लेकिन वक्फ बोर्ड स्वायत्त।

तीसरा, वक्फ संपत्ति। आज 32 राज्य के वक्फ बोर्डों के पास 9.4 लाख एकड़ जमीन, करीब मूल्य 1.2 लाख करोड़ रुपये की है। दुनिया में ऐसा कोई उदाहरण नहीं। पाकिस्तान का वक्फ बोर्ड भ्रष्टाचार में डूबा। भारत में यह संपत्ति मुस्लिम कल्याण के लिए आरक्षित। हालांकि, 58 हज़ार संपत्तियों पर विवाद, लेकिन कानूनी सुरक्षा बरकरार।

चौथा, व्यक्तिगत कानून। भारतीय मुसलमानों को शरीयत आधारित विवाह, तलाक, उत्तराधिकार का हक़ है। हज सब्सिडी 2018 तक 7000 करोड़ खर्च होती है। ट्रिपल तलाक पर कानून बना, लेकिन बहुविवाह वैध है। हिंदुओं पर 1955 से साझा कानून। ईरान में शरीयत सख्त, लेकिन भारत जैसी छूट नहीं।

पाँचवाँ, अभिव्यक्ति। भारत में मुसलमान सड़कों पर सीएए के विरोध में 100 दिन धरना देते हैं। 2020 दिल्ली दंगों में 50 से ज़्यादा प्रदर्शन होते हैं। पाकिस्तान में ब्लासफेमी कानून पर 1500 मुकदमे, 80 हत्याएँ। भारत में ओवैसी जैसे नेता संसद में सरकार को ललकारते हैं।

छठा, शिक्षा और रोजगार। अल्पसंख्यक कोटा से एएमयू, जामिया में 50 फ़ीसदी आरक्षण। 2023 में यूपीएससी में 20 मुस्लिम आईएएस, भारतीय सेना में 3 फ़ीसदी मुस्लिम अधिकारी। राष्ट्रपति अब्दुल कलाम, जाकिर हुसैन जैसे उदाहरण। यूएई में हिंदू मंदिर 2023 में बना, लेकिन भारत जितनी आजादी नहीं।

सातवाँ, न्यायपालिका। मुस्लिम जज सुप्रीम कोर्ट में। 2024 तक 10 फीसदी हाईकोर्ट जज। बाबरी मस्जिद केस में 10 साल सुनवाई, शांति से फैसला। तुर्की में आया सोफिया मस्जिद बनी, लेकिन भारत जैसा धैर्य नहीं।

बहरहाल, इन सुविधाओं के बावजूद समस्या कहाँ? 2023 एनसीएपी डेटा में आतंकी मॉड्यूल में 80 फ़ीसदी भारतीय मुस्लिम। आईएसआई से फंडिंग वाले 500 से ज्यादा मदरसे। 'ग़ज़वा ए हिंद' के 10 हज़ार से ज्यादा प्रचारक। पाकिस्तान के लिए सहानुभूति, 26/11 हमले पर भी कुछ मौलानाओं ने इसे विद्रोह कहा। संविधान कहता है, भारत सर्वोपरि। लेकिन जब पड़ोसी दुश्मन देशों के हित साधे जाते हैं, काफ़िरों से नफ़रत फैलाई जाती है, तो चिंता बढ़ती है। 75 सालों में भारत ने सब दिया, वोट, मस्जिदें, कानून। अब ज़िम्मेदारी मुस्लिम समाज की है। क्या वे शरीयत छोड़कर संविधान अपनाएँगे? या ग़ज़वा के ख्वाब देखते रहेंगे? लब्बोलुआब यह है कि भारत के बहुसंख्यक समाज को भी सावधान रहना होगा। नफरत का जवाब नफरत नहीं। लेकिन तुष्टिकरण बंद। कट्टरपंथ पर जीरो टॉलरेंस। जब तक मुसलमान खुद न कहें, हम पहले भारतीय, फिर मुसलमान, तब तक दरारें बढ़ेंगी। भारत का भविष्य एकता पर टिका है, नफरत पर नहीं। यह बात उन मुसलमानों को आगे बढ़कर बतानी होगी जो देश का भला चाहते हैं।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

साहित्य

## ख्वाबों का तकिया



श्याम सिंह बिष्ट

तकिए के नीचे
कुछ ख्वाब पलते हैं
और मिलते हैं
रोज सपनों में
कभी कराते हैं
एहसास मखमली सा
कभी रुदन शोर
सुनते हैं मेरे ह्रदय का
पसर जाती है जब
तनहाइयां चारों ओर
घिरा हुआ होता है अंधेरा
तब छोड़ देती है रूह मेरी
मेरे इस शरीर का
हुआ पड़ा होता हूं
मैं निर्जीव ना जाने किस
अवस्था में फिर भी ये ख्वाब
याद दिलाते है मुझे
अपना अतीत, वर्तमान
और सजीव होने का
मुझे एहसास कुछ ख्वाब बुने हुए
मेरे बुनाई जैसे कुछ दबे हुए ही
रह जाते हैं अब भी इस
तकिए के नीचे



## राशिफल

**मेषः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं। घर में खुशहाली रहेगी।

**वृषभः-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। व्यग्रता महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगी।

**मिथुनः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**कर्कः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। भविष्य के प्रति मन में चिन्ताएं उत्पन्न होंगी। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी।

**सिंहः-** किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा। शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा।

**कन्याः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आन्तरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**तुलाः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकता है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगा।

**वृश्चिकः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरुरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्वबुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**धनुः-** कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह अभाव रहेगा। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करें। छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें।

**कुंभः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

**मीनः-** सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीतिज्ञों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लानपरवाही न बरतें।

# खाने-पीने की चीजों के दामों पर सरकार का अंकुश जरूरी

*नीरज कौशल*

महंगाई के मुद्दे ने दुनिया में कई चुनावों के नतीजे तय किए हैं। अमेरिका में कोविड के बाद महंगाई को काबू में न रख पाने की कीमत जो बाइडेन और डेमोक्रेट्स को व्हाइट हाउस खोकर चुकानी पड़ी थी। डोनाल्ड ट्रम्प ने कीमतें घटाने का वादा किया था, लेकिन उलटे उन्होंने टैरिफबढ़ा दिए, जिससे महंगाई और बढ़ी। उनका कोर वोटर इससे नाखुश है। ऐसे में कई विश्लेषकों का मानना है कि मिड-टर्म चुनावों में रिपब्लिकंस का प्रदर्शन कमजोर रह सकता है क्योंकि ट्रम्प प्रशासन महंगाई घटाने में नाकाम रहा है। सच पूछो तो राजनेता महंगाई से डरते हैं। अमेरिका में अंडे की कीमतें- और भारत में प्याज के दाम- उनकी धड़कनें बढ़ा देते हैं। बहुतों का मानना है कि 1998 में प्याज की ऊंची कीमतों ने ही अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार गिराने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत में सब्जियों की कीमतों में उतार-चढ़ाव तो खासा बदनाम है। यहां कुछ ही महीनों- और कभी-कभी तो कुछ ही हफ्तों में- टमाटर या प्याज की कीमतें दस गुना तक बढ़ या घट जाती हैं।

उदाहरण के तौर पर, दिल्ली में पिछले नवंबर में प्याज 100 रुपए किलो बिक रहा था और हाल में वह 13 रुपए किलो पर बिका। टमाटर पिछले अक्टूबर में 65 रुपए किलो था, अब 35 रुपए किलो है। हम अकसर बढ़ी हुई कीमतों पर ही ध्यान देते हैं, जबकि हालिया रुझान दिखाता है कि कीमतों का पेंडुलम दोनों दिशाओं में बराबर झूलता है। किसी भी व्यवसाय में आउटपुट-कीमतों में ऐसी अस्थिरता कारोबारी को हैरान-परेशान कर सकती है। कीमतों में उतार-चढ़ाव कम करने के लिए सरकार क्या कर सकती है? दो सरल उपाय हैं : वैश्विक स्रोतों से खरीद और फूड प्रोसेसिंग। पाठकों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि औद्योगीकृत देशों में फल-सब्जियों की कीमतें साल भर काफी स्थिर रहती हैं। इसका कारण यह है कि वे घरेलू फसल पर निर्भर नहीं रहते। वे वैश्विक सप्लाई चेन से जुड़े रहते हैं और जिस भी गोलार्ध में मौसम अनुकूल हो, वहां से आयात करते हैं। दक्षिणी और उत्तरी गोलार्ध की काउंटर-सीजनैलिटी (एक के ऑफ-सीजन के समय दूसरे का ऑन-सीजन) के कारण उन्हें साल भर आपूर्ति मिलती है। यही कारण है कि अमेरिका में लोगों को सालभर ताजे टमाटर मिलते हैं। ऑफ-सीजन में वे चिली या मैक्सिको से टमाटरों का आयात कर लेते हैं। वास्तव में शायद ही ऐसा कोई मौसमी उत्पाद है, जो अमेरिकी ग्रॉसरी स्टोर्स में ऑफ-सीजन में भी उपलब्ध न होता हो। जब कैलिफोर्निया या फ्लोरिडा की आपूर्ति कमजोर पड़ती है तो मैक्सिको, कनाडा, चिली, ग्वाटेमाला या कोस्टा रीका उसकी भरपाई कर देते हैं। दक्षिणी गोलार्ध की सस्ती मजदूरी, कम परिवहन लागत और उनका विशाल कोल्ड-स्टोरेज नेटवर्क अमेरिकी सुपरमार्केट की शेल्फों पर साल भर स्थिर कीमतें बनाए रखते हैं। लेकिन भारत में



उपभोक्ताओं की रक्षा के नाम पर आयात-नियंत्रण और किसानों की रक्षा के नाम पर निर्यात-नियंत्रण ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि बड़े पैमाने पर फलों और सब्जियों के व्यापार तथा भंडारण के लिए आवश्यक वैल्यू चेन विकसित ही नहीं हो पाई। नतीजा यह है कि खाने-पीने की चीजों की कीमतें लगातार ऊपर-नीचे होती रहती हैं। फूड प्रोसेसिंग की बात करें। अधिकांश पश्चिमी देशों में प्याज और टमाटर का बड़ा हिस्सा प्रोसेस कर लिया जाता है- सूखे प्याज-टमाटर, कैन में स्टोर किए हुए स्लाइस या फिर प्याज-टमाटर की प्यूरी के रूप में। 2016 के आंकड़ों पर आधारित एक अध्ययन बताता है कि अमेरिका में 33 प्रतिशत टमाटर प्रोसेस होते हैं, चीन में 14 प्रतिशत, जबकि भारत में यह अनुपात सिर्फ 0.3 प्रतिशत ही है। एक अन्य अध्ययन का अनुमान है कि अमेरिका में फलों और सब्जियों का एक-तिहाई से अधिक हिस्सा प्रोसेस होता हैय जबकि भारत में यह 5 प्रतिशत से भी कम है। इस साल भारत में प्याज और आलू की भरपूर पैदावार ने महंगाई को नकारात्मक दायरे में पहुंचा दिया है। दुनिया बढ़ती कीमतों से चिंतित है, लेकिन भारतीय उपभोक्ता नहीं। बहरहाल, यह याद रखना जरूरी है कि ये हालात तेजी से उलट सकते हैं। कीमतें जब बहुत नीचे चली जाती हैं, तो किसान अगले साल वही फसल उगाने से कतराते हैं और इसी से कीमतों में उछाल की पृष्ठभूमि तैयार हो जाती है।

आपूर्ति और मांग के बीच यह विसंगति कीमतों में अस्थिरता को तंत्र की स्थायी विशेषता बना देती है। ऐसे में आयात कीमतों को स्थिर रखने में कारगर हो सकते हैं। भारत के लिए जरूरी है कि बाजार से नियंत्रण घटाए, विश्व-व्यापार बढ़ाए और भंडारण व प्रोसेसिंग पर गंभीरता से निवेश करे। भारत में सब्जियों की कीमतों में उतार-चढ़ाव खासा बदनाम है। इससे बचने के लिए सरकार क्या कर सकती है? दो सरल उपाय हैं रू वैश्विक स्रोतों से खरीद और फूड प्रोसेसिंग। इससे ऑफ-सीजन में भी हमारे ग्रॉसरी स्टोर्स भरे रहेंगे।

*(ये लेखिका के अपने विचार हैं)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### रिठारी गांव में पल्स पोलियो को लेकर बच्चों ने रैली निकाली



**कुरारा, हमीरपुर।** दिसंबर विकास खंड क्षेत्र के रिठारी गांव में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों व बच्चों द्वारा आगामी पल्स पोलियो अभियान के लिए रैली निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया क्षेत्र के रिठारी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के छात्रों द्वारा आगामी 14 दिसंबर को होने वाले पल्स पोलियो अभियान के लिए गांव में रैली निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक बी एल ओ कमल किशोर, पूर्व प्रधान बालेंद्र श्रीवास, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन प्रजापति, सहायिका किरण, अनीता वर्मा इंचार्ज प्रधानाध्यापक, रचना प्रकाश, संगीता देवी, अंजलि श्रीवास्तव, रामकरण कोटेदार आदि मौजूद रहे।

### एलटीटी टर्मिनस एक्सप्रेस की चपेट में आकर युवक की मौत



**मौदहा (हमीरपुर)।** रागौल–अकोना रेलवे स्टेशन के बीच बीती देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें खंडेह गांव के एक युवा मजदूर की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर पहुँचे रेलवे कर्मचारियों ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात ट्रेन संख्या 04115 सूबेदारगंज–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस की चपेट में आने से उदयभान (32 वर्ष) पुत्र हरिशंकर वर्मा, निवासी खंडेह, की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना इतनी गंभीर थी कि युवक की मौत मौके पर ही हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही खंडेह गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के घर पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी और परिजनों को सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। उदयभान अपने पीछे पत्नी और छोटे बच्चों को रोता–बिलखता छोड़ गया।गांव के पूर्व प्रधान कामता प्रसाद के अनुसार मृतक की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर थी और घरेलू कलह के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया होगा।

### श्री श्री 1008 जगदीश पुरी महंत की स्मृति में चल रहे दंगल में 62 कुश्तियां हुई



**गोहांड हमीरपुर।** नगर गोहांड में श्री श्री 1008 जगदीश पुरी महंत की स्मृति में चल रहे दूसरे और आखिरी दंगल में आज 62 कुश्तियां हुई जिस में आखरी कुश्ती 1लाख 25हजार की भी देखने को मिली कुश्तियों में खेमराज झांसी ने सौरभ लखनऊ को पटकनी दी मानिक ग्वालियर व रजक बांदा की कुश्ती बराबरी पर रही विनय धौहल अब्बू चित्रकूट को हराया प्रीतम हरदोई ने छोटू नेपाल को चारों खाने चित कर दिया विजय कामी पहलवान भारत केसरी दिल्ली ने रिंका पहलवान भारत केसरी पंजाब को 1 लाख 21 हजार रुपए की कुश्ती में हरा दिया अंत में 125000 की कुश्ती में कौशल पहलवान मध्य प्रदेश केसरी ग्वालियर व हरेंद्र पहलवान मथुरा केसरी के बीच बराबर पर छूटी दंगल का समापन पूर्व चेयरमैन जितेंद्र राजपूत उर्फ राजू ठेकेदार ने किया उनके साथ हरेंद्र ठेकेदार कछवा, जगत प्रधान जखेडी ,पप्पू प्रधान अंदौरा, जयपाल कछवा, डॉ महेंद्र , अमर सिंह इटैलिया, उपेंद्र राजपूत ,अभी राजपूत, प्रवेश राजपूत आदि लोग उपस्थित रहे दंगल की अध्यक्षता देवपुरी महंत ने की कुश्ती रेफरी रामसेवक पहलवान तेजपाल रहे और एनाउंसर करण सिवनी रहे एवं समस्त दंगल कमेटी के सभी सदस्य व एसआई वीरेंद्र प्रसाद जरिया का पुलिस बल तैनात रहा इसी के साथ दंगल का समापन हुआ और अगले 4 दिनों तक मेला चलेगा।

### अंकुर कुमार ने रक्तदान कर बचाई प्रशांत द्विवेदी की जान



**हमीरपुर।** जिला अस्पताल में भर्ती गौरा देवी निवासी तेजप्रताप के पुत्र प्रशांत द्विवेदी को खून की जरूरत पड़ने पर बुंदेलखंड रक्तदान समिति के सदस्य अंकुर कुमार ने B+ पॉजिटिव 1 यूनिट रक्तदान करके बचाई जान। बुंदेलखण्ड रक्तदान समिति रक्तदानी महादानी का दिल से आभार व्यक्त करती है जुनून है रक्तदान का।

### डीएम ने समाज कल्याण, प्रोबेशन कार्यालय सहित कई कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने आज शुक्रवार को कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन कार्यालय, कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं कार्यालय जिला युवा कल्याण अधिकारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभागीय अभिलेखों, लाभार्थी सूचियों तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचे। उन्होंने सभी लंबित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने तथा कार्यालय में व्यवस्थित और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारी व कर्मचारियों को कार्य प्रणाली में सुधार लाने और जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने जिला प्रोबेशन कार्यालयके पास स्थित ओपन जिम का सुंदरीकरण कराने तथा साफ– सफाई, बैठने के लिए ब्रैंच आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कर्मचारीयों के कार्य पटल/डेस्क कार्यालय में चस्पा किये जाएँ। जिलाधिकारी ने बिल्डिंग के रिनोवेशन तथा भवन की रंगाई पुताई करने के निर्देश जिला युवा कल्याण अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ बलराम कुमार, स्टेनो कैम्प कार्यालय राजीव शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।

### एसपी ने मिशनशक्ति केद्र कुलपहाड़ का किया औचक निरीक्षण



**कुलपहाड़/महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र कुलपहाड़ का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मिशन शक्ति के प्रभावी क्रियान्वयन, पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक शिकायत पर संवेदनशील व पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह द्वारा देर रात्रि में थाना कुलपहाड़ स्थित मिशन शक्ति केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य मिशन शक्ति केन्द्र की कार्यप्रणाली, उपलब्ध सुविधाओं एवं महिलाओं से संबन्धित शिकायतों के निस्तारण की वास्तविक स्थिति का आकलन करना है। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी मिशन शक्ति केन्द्र एवं प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ को मिशन शक्ति के प्रभावी क्रियान्वयन, पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक शिकायत पर संवेदनशील व पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इस अवसर पर महिला बीट अधिकारियों की बीट बुक का भी अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक ने बीट बुक को अपडेटेड रखने, महिला बीट अधिकारियों द्वारा नियमित क्षेत्र भ्रमण करने तथा क्षेत्रीय महिलाओं से सतत संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, उपनिरीक्षक योगेश रावत आदि पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## पल्स पोलियो अभियान

# रैली को डीएम ने झंडी दिखाकर किया रवाना

- पल्स पोलियो अभियान के दौरान सचिव जिला विधिक प्रधिकरण अधिकारी भी रहे उपस्थित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**





एसएनआईडी पल्स पोलियो अभियान के क्रम में आज दिनांक-12.12.2025 को कलेक्ट्रेट प्रांगण से पल्स पोलियो रैली का शुभारम्भ जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त अपर / उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला सर्विलांस अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला कुष्ठ रोग अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, अपर शोध अधिकारी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, डीसीपीएम, अर्बन कोर्डिनेटर डब्लूएचओ, यूनीसेफ, जेएसआई प्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त अन्य अधिकारी/कर्मचारी, शिक्षा विभाग के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं तथा लगभग 500 स्कूली बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिलाधिकारी द्वारा समस्त जन समुदाय से अपील की गयी कि जनपद में कोई भी 0-5 वर्ष तक के बच्चे पल्स पोलियों की दवा पीने से वंचित न रह जायें। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा भी पल्स पोलियों कार्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी दी तथा सभी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संदेश दिया कि सभी लोग तन्मयता से कार्य करते हुये शतप्रतिशत बच्चों को पोलियों की दवा पिलाये जनपद में लगभग 139118 बच्चों को दवा पिलाई जानी है, जिस हेतु 598 बूथ एवं 335 घर-घर टीमें तथा 11 मोबाइल 20 ट्रांजेट टीमें बनायी गयी है। शीत श्रखला को मेनटेनेंस रखने का संदेश भी दिया गया।रैली कलेक्ट्रेट प्रांगण से चलकर शहर के मुख्य स्थानों से होते हुये कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, में समापन किया गया। समापन उपरान्त स्कूली बच्चों एवं स्टाफ को स्वल्पाहार वितरित किया गया।

## डीएम ने की जनसुनवाई, 80 शिकायतें प्राप्त हुईं, अधिकांश का निस्तारण



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए जनसुनवाई में लगभग 80 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## बीएलओ ने बीएलए के साथ बैठक कर मांगा सहयोग



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के श्रीगायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के बूथ में शुक्रवार को कस्बे के सभी बीएलओ ने राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त किए गए बीएलए के साथ बैठक करके निर्वाचन आयोग द्वारा समय अवधि बढ़ाने पर सभी से सहयोग मांगा है। शुक्रवार को कस्बे के बीएलओ रामकुमार वर्मा, अरविंद कुमार, भरत कुमार, गीता देवी, आलोक कुमार, सत्येंद्र कुमार ने सुपरवाइजर रामरूप साहू के साथ मिलकर राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त किए गए बीएलए दिगपाल सिंह चंदेल, गीता ओमर, जगमोहन, सुमित कुमार,अंकित सिंह के साथ बैठक करके आयोग द्वारा समय अवधि बढ़ाने की जानकारी देते हुए कहा कि बाहर रह रहे लोग शेष बचे हुए हैं। ऐसे लोगों को लाकर कार्यवाही पूर्ण कराकर सहयोग प्रदान करें। बीएलए ने पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया है। साथ ही प्रशासन से मांग की है कि आखिरी दो दिन बीएलओ को बूथ पर बैठने के निर्देश दिए जाए,ताकि छूटे हुए वोटर वहां पहुंच कर अपने आवेदन भर सकें

## साइकिल सत्याग्रह पर उतरे ग्राम सचिव, निजी वाहन का किया बहिष्कार

- 10 सूत्री मांगों पर अड़े सचिव, 12वें दिन आन्दोलन जारी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम पंचायत सचिवों ने अपनी मांगों को मनवाने के लिए शुक्रवार को भी साइकिल सत्याग्रह का एक अनूठा तरीका अपनाया। सचिव अब शासन की ओर से दिए जाने वाले साइकिल भत्ते के अनुसार उससे ही सभी सरकारी कार्य, फील्ड विजिट और गांवों में भ्रमण कर रहे हैं ग्राम पंचायत अधिकारी संघ और ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के आह्वान पर चलाए जा रहे शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन के तहत बुधवार से सभी ग्राम सचिवों ने निजी वाहनों का उपयोग पूरी तरह से बंद कर दिया। सचिवों का कहना है कि जब उन्हें वाहन खर्च का उचित प्रावधान नहीं मिलता तो वे भी उसी अनुसार साइकिल का ही प्रयोग कर रहे हैं। उनका कहना है कि वे साइकिल सत्याग्रह के जरिये सीधे सरकार को संदेश देना चाहते हैं।





### 10 सूत्री मांगों पर अड़े सचिव

ग्राम सचिवों की ओर से 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन शुरू किया गया है। बीते 1दिसम्बर ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी विकास खंड कार्यालय के बाहर एकत्र हुए थे और खंड विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा था। ग्राम सचिवों की मांग है कि ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को तत्काल वापस लिया जाए। विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्यों का अतिरिक्त बोझ न डाला जाए इसके अलावा सेवा संबंधी विसंगतियों का जाए। जल्द निस्तारण हो। विभागीय ढांचे में सुधार किया जाए। सचिवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। कार्य के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

**इन्होंने दिखाई एकजुटताः** साइकिल सत्याग्रह आंदोलन में नितेश चन्देल, शिवमूरत सिंह, नीरज पटेल, हरी बाबू, अरविन्द कुमार, प्रियंका पटेल, स्वाति शर्मा, भूपेन्द्र कुमार, अरविन्द पाल, सहित काफी संख्या में ग्राम सचिवों ने एकजुटता दिखाई है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिससे ग्रामीण विकास कार्यों पर असर पड़ सकता है।

### मुकदमें का वारंटी गिरफ्तार

**महोबकंठ/महोबा।** एसपी प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम जिसमें उपनिरीक्षक देवीशंकर मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने सिविल जज जूनियर डिवीजन एफ टी सी महिला कोर्ट महोबा के द्वारा निर्गत परिवाद धारा 498ए/323/506 भादवि व 4 डीपी एक्ट थाना महोबा से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त सतेन्द्र पुत्र भइयालाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम सतौरा थाना महोबकंठ को ग्राम सतौरा से गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित करते हुये न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## गौ-आश्रय स्थलों की निगरानी के लिए बनाए गये वार रूम का डीएम ने किया उद्घाटन



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा जनपद में संचालित समस्त गौ-आश्रय स्थलों की निगरानी हेतु बनाये गये वार रूम का विधिवत उ?द्घाटन किया गया। जनपद की समस्त गौशालाओं की निगरानी विकास भवन में स्थापित वार रूम से की जायेगी। वार रूम से ही सभी गौशालाओं की मानीटरिंग होगी। जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि समस्त गौशालाओं में कम से कम 3 कैमरा लगे होने चाहिये, जिसमें एक कैमरा प्रवेश द्वार पर, एक कैमरा भूसा चारा गोदाम की तरफ तथा एक कैमरा गौवंशों को फोकस करते हुये लगा होना चाहिये। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. रंजन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, अर्थ एवं संख्याधिकारी एवं उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## आल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट में बनारस ने वेस्ट सेंटर रेलवे (जबलपुर) को 3-1 से दी शिकस्त

- दूसरे मुकाबले में रामपुर ने बक्सर को 2-0 से हराया



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के रहमानियां खेल ग्राउंड में चल रहे मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के अंतिम फेज में शुरू हुए ऑल इंडिया हांकी टूर्नामेंट मे शुक्रवार को दो मुकाबला खेले गए। हॉकी टूर्नामेंट का पहला मुकाबला रामपुर और बक्सर के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सासंद प्रतिनिधि शादाब हुसैन बिट्टू ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर राष्ट्रगान पढ़कर मुकाबला शुरू कराया। जिसमे रामपुर ने 42वें एवं 50वें मिनट में दो गोल कर बक्सर को 2-0 से एकतरफा मुकाबले में पराजित कर दिया। रामपुर के बासू को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ दी मैच से सम्मानित किया गया। इसके बाद दूसरा मुकाबला WCR जबलपुर और बनारस इंडिपेंडेंट के मध्य खेला गया, जिसमे बनारस ने शुरू से ही खेल में अपनी पकड़ मजबूत बनाते हुए पहले क्वार्टर के चौथे मिनट में पहला गोल दागकर मुकाबला अपने पक्ष में डाल लिया। इसके बाद 22वें मिनट में जबलपुर ने अपना पहला गोल कर मुकाबला 1-1 से बराबर कर रोमांचक मोड़ पर ला दिया। इसके बाद बनारस ने वेस्ट सेंटर रेलवे जबलपुर के ऊपर 43वें व 46वें मिनट में लगातार दो गोल दागकर मुकाबला 3-1 से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश पा लिया। इस दूसरे मुकाबले के मुख्य अतिथि बबलू पठान ने बनारस की ओर से दो गोल दागने वाले मोनू को मैन ऑफ दी मैच की ट्राफी देकर सम्मानित किया। मुकाबले में रैफरी की भूमिका बृजेश कुशवाहा, रफीक अहमद व अमित गुप्ता जबकि स्कोरिंग जज अहसानुल हक व टेक्निकल अम्पायर की भूमिका प्रिंस मौर्या ने निभाई। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह, शहर काजी करामत उल्ला साहब, आसिफ, फरमान, साजू, कमरूद्दीन, खकान सहित समस्त कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

## तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




**पनवाड़ी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी बीरेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम उपनिरीक्षक पवन गौड़,कांस्टेबल राममिलन के नेतृत्व में टीम ने देखभाल क्षेत्र भ्रमणशील रहते हुए चेकिंग के दौरान अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामप्रकाश अनुरागी उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम गहावरा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर को हरपालपुर मोड़ तिराहे के पास बने यात्री प्रतीक्षालय के सामने कस्बा व थाना पनवाड़ी से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान अभियुक्त वीरेन्द्र के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर व एक जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ जिसके सम्बन्ध में थाना पनवाड़ी पर मुकदमा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए न्यायालय महोबा भेजा गया।

## एसपी ने किया साप्ताहिक परेड एवं पुलिस लाइन का निरीक्षण

- प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन, व्यवहार-कुशलता एवं पुलिस सेवा के नियमों से संबंधित बिंदुओं पर किया ब्रीफ

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई। तदोपरांत परेड की सघन जांच-पड़ताल करते हुए पुलिस कर्मियों की परेड कराई गई। पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रखने हेतु परेड के उपरांत दौड़ लगवाई गई। प्रशिक्षण हेतु आए नवचयनित रिक्रूट आरक्षीगण की पीटी/परेड का निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन, व्यवहार-कुशलता एवं पुलिस सेवा के नियमों से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ब्रीफ किया गया। फिटनेस ड्रिल के दौरान नवचयनित आरक्षियों का शारीरिक परीक्षण भी लिया गया। परेड उपरांत ट्रेनिंग उस्ताद को निर्देशित किया गया कि वे रिक्रूट आरक्षियों को सभी आवश्यक प्रशिक्षण बिंदुओं से समुचित रूप से अवगत कराएँ। साप्ताहिक परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। पुलिस लाइन स्थित मैस का गहन निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को परखा गया। पुलिस कर्मियों एवं प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों हेतु उपलब्ध भोजन व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। इसके अतिरिक्त क्वार्टर गार्द, बैरक, परिवहन शाखा एवं पुलिस लाइन परिसर की अन्य इकाइयों का क्रमवार निरीक्षण किया गया। निर्माणाधीन भवनों एवं परिसर की स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित कर्मचारियों को साफ-सफ़ाई एवं समुचित व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निर्देशित किया गया कि पुलिस लाइन परिसर में उच्च स्तर की स्वच्छता, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं की निरंतरता सुनिश्चित की जाए। साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अर्दली रूम लिया गया तथा गार्द रजिस्टरों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह व प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# गरीबी रेखा के ऊपर दर्ज हो गए पसवारा गांव के ग्रामीण

- पंचायती राज विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पुरस्कार के लिए डाटा फीड कर गरीबी रेखा से ऊपर दिखाए गांव के ग्रामीण
- कागजी खानापूर्ति से विपरीत नजर आ रहे जमीनी हालत
- सीडीओ ने सत्यापन के लिए गठित की जिलास्तरीय टीम

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**





पंचायती राज विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पुरस्कार के लिए कबरई विकासखंड के पसवारा गांव का ऑनलाइन डाटा फीड कर गांव के बाशिंदों को गरीबी रेखा से ऊपर दिखाया गया है यानी कि गांव में अब कोई भी गरीब नही है। जबकि खाद एवं रसद विभाग के अधिकारी भी गाँव में एक सैकड़ा से ज्यादा गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले राशन कार्ड धारकों के रहने का दावा कर रहे हैं। जब न्यूज 24 टीम ने ऑनलाइन डाटा और जमीनी हकीकत की पड़ताल की तो धरातल पर स्तिथियाँ कागजी खानापूर्ति के बिल्कुल विपरीत नजर आई। मामला संज्ञान में आने के बाद प्रशासनिक अधिकारी फीड डाटा की सत्यता के लिए जिलास्तरीय टीम गठित कर सत्यापन कराने की बात कह रहे हैं। दरअसल पंचायती राज विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पुरस्कार के लिए गांवों का डाटा फीड किया जा रहा है। जनपद में भी विभागीय कर्मियों द्वारा डाटा फीडिंग कर कबरई विकास खंड के पसवारा गांव को गरीब मुक्त कर दिया गया है।

### जिलास्तरीय टीम गठित कर कराया जाएगा डाटा सत्यापितः सीडीओ

**महोबा।** मामले को लेकर मुख्य विकास अधिकारी कहते हैं कि ग्राम पंचायत पसवारा के ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा मुख्यमंत्री पुरुस्कार के जो ऑनलाइन डाटा फ़ीड किये गए हैं वह डाटा इस प्रकार है कि इसमें सारे लोग गरीबी रेखा से ऊपर हैं अभी जिलास्तरीय टीम द्वारा इसको सत्यापित कराया जाएगा इसके बाद आगे डाटा भेजा जाएगा।

दरअसल पसवारा गांव की कुल आबादी 7000 है जबकि ग्राम पंचायत में मतदाताओं की संख्या 2282 है हालांकि ग्राम प्रधान द्वारा गांव के विकास के लिए भरपूर प्रयास किया गया जिसमें उन्होंने अपने कार्यकाल में 54 लोगो को आवास, 124 शौचालय,122 किसानों को किसान सम्मान निधि, 61 लोगों को विधवा पेंशन सहित विधवा,विकलांग लोगों को भी आर्थिक मदद में भरपूर सहयोग किया है। इस गांव में खनन पहाड़ संचालित है,जिसमें 50 से अधिक ग्रामीण मजदूरी करने जाते हैं जबकि 200 से अधिक लोग दैनिक मजदूरी के लिए शहर जाते हैं,वर्तमान में लगभग आधी आबादी गांव छोड़कर मजदूरी करने के लिए पलायन कर चुकी है उसके बावजूद भी पंचायती राज विभाग द्वारा ऑनलाइन डाटा फीडिंग में गांव को गरीब मुक्त दर्शाया गया है जबकि इस वर्ष फसल लगभग पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। गांव के राजू रैकवार कहते हैं कि 4 माह पूर्व उनका मकान गिर गया था और उनके पास रहने को मकान नहीं था इसलिए वह पंचायत भवन में रहकर अपना गुजारा कर रहे हैं उनके पास बच्चों का आधार कार्ड न होने के कारण बच्चों को स्कूलों में एडमिशन नहीं मिल पा रहा है उनके परिवार के हालत बेहद खराब हैं। इसके अलावा ग्रामीण रानी और धीरेंद्र बताते हैं हम गरीबों की कोई सुनवाई नही होती है हम लोगों का सरकारी योजनाओं का कोई लाभ नही मिलता है मेहनत,मजदूरी कर के पेट पालते हैं। ग्राम प्रधान कहती हैं कि हमारे यहां 70 प्रतिशत लोगो के पास कोई रोजगार नही है और वह रोजमर्रा का काम कर अपना गुजारा चला रहे हैं। यहां के 40 प्रतिशत लोग ईटा-भट्टा में मजदूरी करने जाते हैं इसके अलावा लोग दैनिक मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं।

### गांव में दर्ज हैं एक सैकड़ा से ज्यादा अंत्योदय राशन कार्ड धारकः डीएसओ

**महोबा।** जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार तिवारी बताते हैं कि कबरई विकासखंड के पसवारा गांव में अंत्योदय कार्ड धारकों की संख्या 112 है जबकि 681 पात्र राशन कार्ड धारक हैं सभी को शासन द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे निःशुल्क राशन का नियम अनुसार वितरण किया जाता है।

**कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़,जनपद महोबा**

पत्रांक-339/एन.पी.के./नीलामी पत्रा./2025-26 दिनांक- 12.12.2025

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा कबाड़ की खुली नीलामी हेतु दिनांक 22.12.2025 को कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ में पूर्वाह 11 बजे से बोली करायी जानी है। जो भी इच्छुक व्यक्ति उक्त कबाड़ को लेना चाहते है वे दिनांक 19.12.2025 को अपरान्ह 2 बजे तक अपने स्क्रैप डीलर के जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन की प्रमाणित छायाप्रति व जमानत धनराशि मू. 10000.00 (दस हजार मात्र) जमा करके बोली में भाग ले सकते है। समस्त नियमों व शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(प्रवेन्द्र कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत, कुलपहाड़
जनपद-महोबा

(वैभव अरजरिया)
अध्यक्ष
नगर पंचायत, कुलपहाड़
जनपद-महोबा

# जरूरतमंदों को सेवानिवृत्त कर्मचारी ने बांटे कम्बल

**गरीबों की सेवा से बड़ा कोई दूसरा पुनीत कार्य नहीं, इसमें सभी लोगों को आगे आने की जरूरत है: जिलाध्यक्ष**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



सेवानिवृत्ति कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की उप शाखा हैदरगढ़ व ग्राम प्रधान अभय प्रताप सिंह गुड्डू के द्वारा गुरुवार को विकास क्षेत्र त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत मौहम्मदपुर के धौरहरा में ठंड से बचाने के लिए सैकड़ो जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। वही कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

धौरहरा में सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश एवं ग्राम प्रधान अभय प्रताप सिंह गुड्डू के संयुक्त सहयोग से दिव्यांग जनों व वृद्धजनों गरीबों को हो रही ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरित किए गये। कार्यक्रम में पहुंचे सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, सर्वजीत यादव, मंत्री अशोक कुमार सोनी, मुन्नी सिंह, आरजी निगम, सुरेंद्र वर्मा, सुशीला बाजपेई, केतकी देवी, रजनी श्रीवास्तव, चंद्रशेखर, श्याम सुंदर वर्मा, राम यज्ञ सरोज तहसील अध्यक्ष, मोहम्मद रजा तहसील मंत्री, विमल सिंह संगठन मंत्री, सूर्यवख्स यादव तहसील सदस्य दमयंती यादव सहित सभी सदस्यों का स्वागत है ग्रामीणों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने कहा कि गरीबों की सेवा से बड़ा कोई दूसरा पुनीत कार्य नहीं है इसमें सभी लोगों को आगे आने की जरूरत है यह हमारे संगठन की तरफ से एक छोटा सा प्रयास है हमारा मकसद है कि जो भी जरूरतमंद लोग हैं उनकी इसी तरह सेवा की जाए। हम लोगों द्वारा आगे भी इसी तरह जरूरतमंदों की सेवा की जाती रहेगी। इसी तरह संगठन के सभी पदाधिकारियों द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम में अपने-अपने विचार रखे गए। इस मौके पर ग्राम प्रधान अभय प्रताप सिंह गुड्डू ने कहा कि सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के इस सराहनीय कार्य की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है क्योंकि गरीबों जरूरतमंदों की सेवा से करने से ईश्वर भी प्रसन्न होते हैं मनुष्य की सेवा करना ही ईश्वर (नारायण) की सच्ची सेवा होती है हम संगठन के सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं कि उनके द्वारा जरूरतमंदों की सेवा लिए ऐसे सराहनीय काम किये जा रहे हैं। इस मौके पर अंकित सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## दबंगो ने दलित मां-बेटी को पीटा, केस दर्ज

**आरोप है कि विपक्षियों ने पीड़ित कमलेश कुमारी की (पंचायत सहायक )बेटी ने मना किया तो उसे पीटा**

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के भेतमुआ गांव निवासी कमलेश कुमारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पुश्तैनी घर मे बाउंड्रीवाल का निर्माण करवा रही थी तभी विपक्षी गंगा प्रसाद अनुज अंकुल आदि दीवार गिराने लगे। आरोप है कि विपक्षियों ने पीड़ित कमलेश कुमारी की (पंचायत सहायक )बेटी ने मना किया तो उसे भी मारा पीटा। कोतवाली प्रभारी अभिमन्यु मल्ल ने बताया केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## स्वतंत्रता संग्राम के नायक वीरा पासी के नाम पर किया तिराहा का उद्घाटन



**बछरावां,रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

विकास क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मसंद खेड़ा मजरे पहनासा में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बछरावां लक्ष्मीकांत रावत (अपना दल) एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि धर्मराज रावत ने संयुक्त रूप से 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में राणा बेनी माधव के सेनापति के रूप में अंग्रेजों के खिलाफ हुई लड़ाई में राणा को जेल से छुड़ाने में शहीद हुए महाबली वीरा पासी (मूल नाम शिवदीन पासी) के नाम पर तिराहा का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर पासी समाज के जिलाध्यक्ष देशराज पासी, विजय चौधरी (जिला महासचिव अपना दल), किसान यूनियन के पदाधिकारी आकाश मिश्रा, पिंटू बाजपेई, राजू तिवारी, राजकमल रावत, उदय सिंह, दिलीप सिंह, सोनू राजवंशी, सनी पासी, उत्तम रावत एवं ग्राम प्रधान पहनासा धर्मराज रावत सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य जन एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जब तक व्यवहारिक समस्याओं का समाधान नहीं, तब तक ऑनलाइन उपस्थिति नहीं



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश को शिक्षकों की प्रमुख मांगों को पूरा किए बिना लागू किए जाने के आदेश को अव्यवहारिक बताया है , उन्होंने कहा परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कमेटी का गठन किया गया था उसकी बैठक भी हुई लेकिन शिक्षकों की मूल समस्याओं पर शासन ने ध्यान न देते हुए शिक्षकों का ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने का आदेश जारी किया है उन्होंने बताया कि शिक्षकों को आकस्मिक अवकाश के अलावा 30 ईएल ,14 हाफ डे सीएल, चिकित्सा सुविधा आदि लागू करने की मांग की है ताकि विपरीत परिस्थितियों में शिक्षक समय से स्कूल न पहुंचने तो इन छुट्टियों का प्रयोग कर सकें। लेकिन अभी तक इन मांगों पर कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है, ऑनलाइन उपस्थिति हेतु शिक्षकों को कोई समस्या नहीं है परन्तु शिक्षकों की व्यावहारिक मांगो एवं अन्य आवश्यक मांगों पर शीघ्र अतिशीघ्र विचार कर आवश्यक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

## ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड त्रिवेदीगंज के सभागार में आज क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख कांति की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें मुख्य और विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रमशः विधायक दिनेश रावत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने ग्राम प्रधानों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों से निस्वार्थ भाव से कार्य करने तथा ग्रामीण क्षेत्र में विकास करने की बात कही। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील सिंह ने कहा कि पहले की सरकारों में क्षेत्र पंचायत की बैठक की सिर्फ कागजों पर हुआ करती थी लेकिन जब से भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार बनी है तब से विकास की सभी योजनाओं में पूरी पारदर्शिता के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं। क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रवेश सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष प्रहलाद शरण जायसवाल पूर्व ब्लाक प्रमुख गोमती यादव जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंह आनंद पूजा दीक्षित पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष सचिन सिंह प्रधान अभय प्रताप सिंह प्रधान अजय प्रताप सिंह प्रधान भानु बाजपेई सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## निस्वार्थ गौ सेवा का वीडियो वायरल, बना चर्चा का विषय

**बछरावां,रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

जहां एक ओर सरकार के द्वारा गौशालाओं के ऊपर खर्च किए जा रहे करोड़ों रुपए की राशि को जिम्मेदारों के द्वारा बर्बाद करते हुए गोवंशों को भयावह स्थिति में मरने के लिए छोड़ दिया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर क्षेत्र से एक ऐसा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो वास्तव में निस्वार्थ सेवा के भाव को प्रदर्शित कर रहा है। विदित हो कि क्षेत्र में एक निजी वाहन में घायल गोवंश को बैठाकर इलाज के लिए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी के साथ वायरल हुआ। वायरल वीडियो के विषय में जब पड़ताल की गई तो यह पता चला यह वायरल वीडियो बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां मौरावा मार्ग पर बिशुनपुर गांव के पास गौ रक्षक दल को एक अज्ञात वाहन से गोवंश के घायल होने की सूचना प्राप्त हुई। इसके पश्चात गौ रक्षक दल के अध्यक्ष ओमप्रकाश उर्फ राजू नायक अपनी टीम के साथ अपने निजी वाहन से घटनास्थल पर पहुंचे और किसी प्रकार की कोई सरकारी सुविधा का इंतजार न करते हुए उन्होंने तत्काल गोवंश को अपनी निजी गाड़ी की डिग्गी में बैठाया और उसके पश्चात उन्होंने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। उनके साथ इस मौके पर अंशु पाल, मनोज पाल और शिवम सिंह भी मौजूद रहे। उक्त वीडियो वायरल होने के पश्चात क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, लोग गौ रक्षक दल के सदस्यों को इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद देते हुए नजर आ रहे हैं।

## खाद्य पदार्थों में मिलावट के दोषी को पाँच साल की सजा

**बाराबंकी।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा खाद्य पदार्थ की कालाबाजारी से सम्बन्धित अभियुक्त को 05 वर्ष का साधारण कारावास व दो हजार रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। पुलिस महानिदेशक उप्र लखनऊ द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए कार्य योजना के तहत थाना बड्डूपुर पर खाद्य पदार्थ की कालाबाजारी के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0-200/2005 धारा 3/7 ई0सी0एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त रियाबुद्दीन उर्फ रियाजुल पुत्र मो0 जहीर नि0 शाहपुर भगौली थाना बड्डूपुर को उपरोक्त धाराओं न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट-17 जनपद बाराबंकी द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 05 वर्ष का साधारण कारावास व दो हजार- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### जिलाधिकारी ने किया मतदेय स्थलों का निरीक्षण



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी संजय चौहान ने विधानसभा गौरीगंज अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय पचेहरी के बूथ संख्या 335, 336 और 337, मॉडल प्राइमरी स्कूल मिश्रौली के बूथ संख्या 343 तथा विधानसभा अमेठी के प्राथमिक विद्यालय कुड़वा के बूथ संख्या 28, 29 व 32 का स्थलीय निरीक्षण किया। सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ और बीएलए की संयुक्त बैठकें आयोजित की जा रही हैं जिससे किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल होने से वंचित न रहे और किसी अपात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल न हो जिससे स्वच्छ एवं पारदर्शी मतदाता सूची बनाई जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय नॉलेज शेयरिंग कार्यशाला आयोजित



**सलोन,रायबरेली।** ब्लॉक संसाधन केंद्र राजापुर में दो दिवसीय नॉलेज शेयरिंग कार्यशाला के पहले दिन की कार्यशाला का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी सुधा वर्मा के निर्देश पर किया गया ।इस कार्यशाला का उद्देश्य शैक्षिक नवाचारों के माध्यम से संप्राप्ति में वृद्धि,नामांकन वृद्धि,अभिभावक संपर्क,विषयवार कक्षा शिक्षण में नवीन गतिविधियों का समावेश करना है। परिषदीय विद्यालयों के अनेक शिक्षकों ने अपने अपने नवाचारों के माध्यम से विचारों को साझा किया ।सेवानिवृत्त शिक्षक मो. इस्माइल खान ने अपने शैक्षिक अनुभवों के माध्यम से नवाचारों से अवगत करवाया। इस मौके पर तबस्सुम नाज़,मो. वसीम,इंद्रेश गुप्ता,सबीहुल हसन,नरेंद्र कुमार सिंह,अजीत सिंह,प्रियंवदा पाण्डेय,पूनम सिंह,अनामिका द्विवेदी,गरिमा शर्मा,स्वास्तिका सिंह,कुलसुम,अचला कुशवाहा,वंदना कुशवाहा,तलत एजाज,श्रवण कुमार,ए आर पी गौरव शर्मा उपस्थित रहे।

### अधेड़ को बाइक सवार ने मारी टक्कर, रेफर

**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत शिवगढ़ मार्ग पर शुक्रवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले एक अधेड़ को पीछे से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल बाइक सवार सुरेश कुमार पुत्र माता प्रसाद उम्र 50 वर्ष निवासी शिवगढ़ रोड कस्बा बछरावां शुक्रवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। जैसे ही वह उक्त मार्ग पर अपने घर से थोड़ा आगे बढ़े, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों के द्वारा तत्काल घटना की सूचना उनके भाई वीरेंद्र कुमार को दी गई। मौके पर पहुंचे उनके भाई वीरेंद्र कुमार एवं अन्य परिजनों के द्वारा इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा उनका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## रायपुर नेरुवा में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन



**शिवगढ़, रायबरेली।** विकास क्षेत्र शिवगढ़ की ग्राम पंचायत रायपुर नेरुवा के बहुउद्देशीय पंचायत भवन में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही निस्तारण किया गया गौरतलब हो कि शुक्रवार को बहुउद्देशीय पंचायत भवन रायपुर नेरुवा में ग्राम प्रधान रतिपाल रावत की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत सचिव अंजली वर्मा, कृषि रक्षा अधिकारी ऋषि चौरसिया , समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे इस दौरान चौपाल में मौजूद ग्रामीणों द्वारा दो शिकायती पत्र दिए गए जिनका मौजूद कर्मचारियों ने मौके पर ही निस्तारण कर दिया।

## ये छोटे वैज्ञानिक होंगे भविष्य के महान वैज्ञानिक: सिद्धार्थ सिंह

**बीएमपीएस लालगंज में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन**



**लालगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का जबरदस्त प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने विद्या देवि मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ प्रदर्शनी स्थल पर फीता काटकर किया। बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों का अवलोकन करते हुए छात्र-छात्राओं से उनके मॉडल से संबंधित जानकारी प्राप्त की,उन्होंने कहा यह छोटे वैज्ञानिक ही भविष्य का आधार साबित होंगे इसलिए छात्र-छात्राओं को अपनी आंतरिक प्रतिभा को समझना चाहिए। अभिभावकों को भी अपने बच्चों की आंतरिक प्रतिभा को समझते हुए उनका उत्साह वर्धन करना चाहिए साथ ही विज्ञान अध्यापकों से यह अपेक्षा है कि बच्चों की हर विज्ञान विषय संबंधी उत्सुकता और शंका का अवश्य ही सही समाधान करना चाहिए। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 9 और 10 के छात्र-छात्राओं ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग,सोलर सिस्टम,स्मार्ट सिटी, स्मार्ट गांव,एयर प्यूरीफायर,न्यूक्लियर रिएक्टर,हाइड्रोलिक सिस्टम आदि मॉडलों का प्रदर्शन कर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का लोहा बनवाया। कार्यक्रम का संयोजन प्रशांत दुबे,शिवम शुक्ला, अविनाश साहू ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन,अजय त्रिवेदी,बुधराज, मृत्युंजय सिंह,प्रदीप सिंह,अर्चना सिंह,प्रीति श्रीवास्तव,रविंद्र प्रताप सिंह सहित कक्षा 9 और 10 के समस्त छात्र-छात्राएं और अध्यापक उपस्थित रहे। यह जानकारी बीएमपीएस के पीआरओ यशबहादुर यादव ने दी।

## अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन ने दी 24 घंटे की मोहलत



**बिसवां,सीतापुर।** सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जाकर बक्से और फर्नीचर की दुकानों का संचालन कर दुकानदारों को शुक्रवार को तहसील प्रशासन एवं नगर पालिका प्रशासन और भारी पुलिस व बुल डोजर के साथ हटाने पहुंचा। जिससे दुकानदारों मे हड़कंप मच गया। बताते चले बाबा गुलजार शाह मेला मैदान से सटी जमीन पर काफी अरसे से नगर के लोग बक्सा और फर्नीचर बनाने का काम करते आ रहे है। नायब तहसीलदार विनोद शर्मा एवं ई ओ नीलम चौधरी व भारी पुलिस बल के साथ बुलडोज़र के साथ हटाने पहुँचे। दुकानदारों के अनुरोध पर प्रशासन ने 24 घंटे की मोहलत देते हुए किसी प्रकार की तोड़फोड़ की कार्यवाही नही की। अधिशाषी अधिकारी नपा नीलम चौधरी ने बताया सभी कब्जेदारों को नोटिस दे दी गई है। कब्ज़ा हटाने को कहा गया है । वहां नगर पालिका के और से टैक्सी स्टैंड बनाये जाने के जमीन प्रस्तावित है। यदि स्वयं कब्ज़ाधारी लोगो के द्वारा कब्ज़ा नही हटाया जाता तो नपा कब्ज़ा हटाए जाने का काम करेगी।

## डेढ़ किलो गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को गठित टीम द्वारा ग्राम - गौरीगंज,पल्टी का पुरवा, जमुनीपुर, पाण्डेय का पुरवा व चिरईतारा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र- गौरीगंज में थाना-गौरीगंज के अंतर्गत ग्राम-पल्टी का पुरवा से कुल-1.50किलो ग्राम अवैध गाँजा बरामद किया गया तथा धारा 8/20 एनडीपीएस के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। साथ ही ग्राम वासियो को गाँजा व अवैध शराब के पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई व आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यवाही में पंकज विवेक आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- गौरीगंज व आबकारी स्टॉफ अजीत कुमार सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, रामबिलास व प्रीति पाल महिला आबकारी सिपाही सम्मलित रहे।

## बच्चों ने आयोजित किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बिसवां, सीतापुर समृद्धि न्यूज।**




सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल में जारी वार्षिकोत्सव के द्वितीय दिवस पर हिन्दी मीडियम के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभिभावक संगीता सिंह रहीं, जबकि अध्यक्षता अभिभावक मीना बानो ने की। कार्यक्रम की शुरुआत वाणी वंदना तथा सेठ देवेश्वर दयाल, सेठ जय दयाल इंटर कॉलेज एवं सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल के पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ मेहरोत्रा के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। विद्यालय प्रबंधक एवं वरिष्ठ राजनीतिज्ञ महेश चंद्र मेहरोत्रा 'बबुआ जी' ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करने का सर्वोत्तम माध्यम हैं। बच्चों ने नाटक, प्रहसन, नृत्य नाटिका और विभिन्न लोक नृत्यों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति के दौरान बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था, और सभी कार्यक्रमों ने उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सह-प्रबंधक आनंद कुमार खत्री, प्रधानाचार्य विवेक सिन्हा, उपप्रधानाचार्य शीबा खान, हिन्दी मीडियम इंचार्ज रामकुमार कश्यप सहित शैलेन्द्र बाजपेई, रीतू मिश्रा, गीता वर्मा, यस श्रीवास्तव, खुशनुमा, तूबा सहित समस्त स्टाफ, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आपदा मित्र प्रशिक्षण हेतु 30 प्रतिभागी लखनऊ रवाना

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** राज्य आपदा मोचन बल, लखनऊ द्वारा आयोजित आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए शुक्रवार को 30 आपदा मित्रों को अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बस द्वारा रवाना किया। 12 दिवसीय इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को सर्पदंश से बचाव, प्राथमिक चिकित्सा, आकाशीय बिजली से सुरक्षा, डूबने की घटनाओं से बचाव, सड़क दुर्घटनाओं में सहायता सहित विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के तरीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। रवानगी के दौरान अपर जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद सभी आपदा मित्र जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में तैनात रहकर आपदा के समय त्वरित सहायता उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित आपदा मित्र आपदा के दौरान कवच की तरह कार्य करेंगे, जिससे जरूरतमंद लोगों को तुरंत सहायता मिल सकेगी।

## कृषि अधिकारी ने बताया खरपतवारों से बचाने का उपाय

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

रबी सीजन की गेहूँ फसल को सुरक्षित रखने के लिए जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि बुवाई के बाद खेतों में तेजी से उगने वाले खरपतवार फसल की वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं, जिससे उपज में 15 से 20 प्रतिशत तक की कमी आ जाती है। उन्होंने बताया कि संकरी पत्ती वाले खरपतवार जैसे गेहूँसा, जंगली जई आदि के नियंत्रण के लिए सल्फोसल्फ्यूरान 75 प्रतिशत डब्लू (13.5 ग्राम सक्रिय तत्व + 500 मि.ली. साल्वेंट) अथवा फिनोक्साप्राप-पी-ईथाइल 10 प्रतिशत ईसी की 400 मि.ली. मात्रा को 150-200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें। चौड़ी पत्ती वाले जैसे बथुआ, सैजी, कृष्णनील, सत्यानाशी, जंगली गाजर आदि के नियंत्रण के लिए मेटसल्फ्यूरान मिथाइल 20 प्रतिशत डब्लूपी( 8 ग्राम सक्रिय तत्व + 200 मि.ली. साल्वेंट) अथवा 2,4-डी सोडियम साल्ट 80 प्रतिशत की 250 ग्राम मात्रा का उपयोग करने की सलाह दी है। इनका छिड़काव पहली सिंचाई के 30 से 35 दिन बाद फ्लैट फैन नॉज़ल से किया जाए।

## 18 दिसम्बर को जनपद आयेंगी डॉ. प्रियंका मौर्या



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम 18 दिसंबर को प्रस्तावित है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 10:30 बजे सर्किट हाउस गौरीगंज, तदोपरांत 11 से 1 बजे तक तहसील गौरीगंज सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की सुनवाई करने के पश्चात 1:30 बजे जिला अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर 3 से 6 बजे तक कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं वृद्धाश्रम का निरीक्षण करेंगी।

## पल्स पोलियो अभियान को लेकर निकाली गई जन जागरूकता रैली



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिले में 14 दिसंबर को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता हेतु शुक्रवार को जिला मुख्यालय सहित सभी सीएचसी पर रैलियां निकाली गई। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से छात्राओं द्वारा निकाली गई जन जागरूकता रैली को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार 14 दिसंबर से पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है अभियान के दौरान जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने सभी से अपील की है कि 14 दिसंबर को अपने जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक जरूर पिलवाएं।

## मेरा लक्ष्य गरीब बच्चों को उचित शिक्षा मुहैया कराना: हेमंत सिंह

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



शिक्षा समाज का दर्पण और मुख्य आधार है ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा से जोड़कर उनको देश के लिए उन्नत व्यक्ति बनाना मेरा उद्देश्य है यह बात सिविल पब्लिक कान्वेंट स्कूल रामनगर के प्रधानाचार्य श्री मुनीश कुमार के बेटे प्रबंधक हेमंत सिंह द्वारा जारी बयान में कहा गया। उन्होंने बताया कि मैंने बीटेक करने के बाद सर्वप्रथम टेक्निकल जाब के विषय में सोचा था लेकिन मेरे पिताजी द्वारा पिछले 25 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय चलाया जा रहा था मैं डिग्री करके जब वहां पहुंचा तो मैंने उस पिछड़े क्षेत्र में बच्चों की कंडीशन देखकर यह निर्णय लिया कि इन बच्चों के लिए अपना जीवन समर्पित कर शिक्षा व्यवस्था से इन्हें बेहतर इंसान बनाऊंगा जिससे हमारा भारत भविष्य का विश्व गुरु बने उन्होंने बताया कि सिविल कान्वेंट पब्लिक स्कूल लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के उन्नत शिक्षा व्यवस्था के लिए कार्यरत है और आने वाले समय में इन सभी बच्चों को आधुनिक शिक्षा और टेक्नोलॉजी से जोड़कर कार्य किया जाएगा तथा कंप्यूटर शिक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में कंप्यूटर लगवाएं इससे बच्चों का सामग्र विकास हो सके। हेमंत ने बताया कि ग्रामीण बच्चों में बहुत ज्यादा हुनर है बस उनको एक मंच की आवश्यकता है जो मैं देने का प्रयास कर रहा हूं।

# विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण, प्रधानाचार्य ने बसों को किया रवाना

▸ अजय तिवारी एवं अंकित त्रिवेदी ने विभिन्न करियर संभावनाओं पर विद्यार्थियों को दिया मार्गदर्शन




जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहपुर जसोदा के छात्र- छात्राओं का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. विष्णुकांत गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर 4 बसों को रवाना किया। जिसमें 100 छात्र, 160 छात्राएँ एवं स्टाफ सहित कुल 270 लोग विश्वविद्यालय के लिए रवाना हुए। मार्ग में विद्यालय प्रशासन द्वारा बच्चों के लिए जलपान एवं मध्यान्ह भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के इनोवेशन फाउंडेशन, लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंसेज़, लाइफ साइंसेज़ एंड बायोटेक्नोलॉजी, होटल मैनेजमेंट सहित प्रमुख विभागों का अवलोकन किया। विभागाध्यक्षों डॉ. वर्षा गुप्ता, अशीत श्रीवास्तव, डॉ. आलोक, डॉ. अजय तिवारी एवं अंकित त्रिवेदी ने विभिन्न करियर संभावनाओं पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। भ्रमण को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों व स्टाफ, जिनमें सस्मित कुमार द्विवेदी, संदीप कुमार शर्मा, रचना वर्मा सहित अन्य का विशेष सहयोग रहा। विद्यार्थियों ने इसे ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायक अनुभव बताया।

**विद्यार्थियों ने जताया उत्साह**

जलालाबाद। भ्रमण के अंत में विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में मिली जानकारी को ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और भविष्य निर्माण में सहायक बताया। विद्यालय प्रशासन ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## तिब्बे यूनानी फ्री मेडिकल कैंप में पहुंचे मरीज



छिबरामऊ, कन्नौज। फातहे बिलग्राम मिशन द्वारा अयूब हाउस आजाद मकतब पाठशाला के पास मोहल्ला बिरतिया में सुबह 11 बजे से शाम 5:30 बजे तक फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। हुजूर अनीसुल मशाइख हजरत मौलाना पीर सैयद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी जैदी बिलग्रामी की सरपरस्ती में यह कैंप लगा, जिसमें भारी संख्या में मरीज पहुंचे। बरेली शरीफ के मशहूर तिब्बे यूनानी खानदानी हकीम अब्दुल हक ने मरीजों को देखा। हजरत ने नगरवासियों से अधिक से अधिक मरीजों को कैंप में लाने की अपील की थी। इसके बाद भारी संख्या में मरीज पहुंचे और मर्ज के हिसाब से दवाइयां दी गई। इस दौरान कैंप इंचार्ज फैसल बास्ती सहित लोगों की मौजूदगी में मरीजों को देखा गया।

# समस्याओं पर अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग सदस्य ने की बैठक

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।



अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंदे ने नगर पालिका सभागार में सफाई कर्मियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

नगर पालिका के ईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि यहां 41 नियमित और 146 संविदा सफाई कर्मी कार्यरत हैं। कर्मियों ने बताया कि उन्हें समय पर वेतन मिल रहा है। आयोग सदस्य ने कहा कि यदि किसी का उत्पीड़न हो या कोई परेशानी हो तो वे उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करें, ताकि समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने जोर दिया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप एससी-एसटी और गरीब वर्ग को मुख्यधारा में लाना लक्ष्य है। इस मौके पर सफाई मजदूर संघ अध्यक्ष किशनलाल वाल्मीकि, कैलाश चंद्र, सफाई प्रभारी अमरदीप सहित सभी कर्मी मौजूद रहे। इसके बाद विकासखंड कार्यालय में एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी और बीडीओ दीपांकर आर्य से चर्चा की गई। यहां पता चला कि सौ शैय्या संयुक्त राजकीय चिकित्सालय में संविदा सफाई कर्मियों को निर्धारित 422 रुपये प्रतिदिन की जगह केवल 6500 रुपये मासिक मानदेय मिल रहा है। इस पर आयोग सदस्य के पीआरओ सुधीर चौधरी ने मोबाइल पर सीएमओ को निर्देश दिए कि सर्किट हाउस कन्नौज में होने वाली बैठक में अस्पताल के सीएमएस और संविदा एजेंसी सुपरवाइजर को बुलाया जाए। आयोग सदस्य ने गुरसहायगंज नगर पालिका में भी सफाई कर्मियों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की।



## ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण की मांग

छिबरामऊ (कन्नौज)। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भाजपा विधायक के माध्यम से उनकी अनुपस्थिति में भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी को सौंपा गया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिलीप कश्यप ने बताया कि पत्रकारिता क्षेत्र में कार्यरत पत्रकार विभिन्न कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से गंभीरता पूर्वक कदम उठाने की मांग की गई है। ज्ञापन में पत्रकारों की सात सूत्रीय मांगों का उल्लेख किया गया है, जिनमें सुरक्षा, सुविधाएं एवं अन्य मुद्दे शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री शीघ्र ही इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करेंगे। इस अवसर पर महमूद मंसूरी, नीलू कुमार, गौरव कुमार, शिवम दुबे, महेश गौड़ सहित कई ग्रामीण पत्रकार उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 452 ग्रामीणों ने लिया लाभ



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

राज्य आयुष सोसाइटी, लखनऊ के पब्लिक हेल्थ आउटरीच कैंप कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम करनौली में आयोजित आयुष विभाग के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 452 ग्रामीणों ने लाभ लिया।

शिविर का संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. विजय कुमार यादव तथा जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में किया गया। दीप प्रज्वलन से शिविर का शुभारंभ करते हुए ग्राम प्रधान पति यदुनाथ सिंह यादव ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, क्योंकि इससे लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श अपने ही गांव में सहज रूप से प्राप्त होता है। कार्यक्रम में आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी तथा योग पद्धति के विशेषज्ञ चिकित्सकों और प्रशिक्षकों ने विभिन्न रोगों से संबंधित जांच, परामर्श, उपचार एवं औषधि वितरण की निःशुल्क सेवाएँ प्रदान कीं। इसके साथ ही ग्रामीणों को विशेष रूप से मौसमी बीमारियों से बचाव, सही आहार, जीवनशैली में सुधार तथा योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ के बारे में जागरूक किया गया।

आयुष विभाग की टीम में आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. रमन वर्मा व फार्मासिस्ट ललित अवस्थी, यूनानी चिकित्सक डॉ. मो. साकिब व फार्मासिस्ट कमरुद्दीन खान, होम्योपैथ चिकित्सक डॉ. कोमल राठौर व फार्मासिस्ट विनय प्रताप, तथा योग प्रशिक्षक शिव प्रताप शामिल रहे। टीम द्वारा कुल 452 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक औषधियाँ एवं परामर्श उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ आदित्य निरूपण सिंह, रिजवान सहित आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथ विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आवास विकास कालोनी में सीवेज निकासी की समस्या का हुआ निस्तारण



छिबरामऊ, कन्नौज। आवास विकास कालोनी में लंबे समय से चली आ रही सीवेज और पानी निकासी की समस्या का नगरपालिका ने सफलतापूर्वक समाधान कर दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के दौरान निकासी का कोई रास्ता न छोड़े जाने से सीवेज पानी मैनहोल से बाहर निकलकर बदबू फैला रहा था। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने समस्या को गंभीरता से लिया और टेलीफोन एक्सचेंज से ऊंची पुलिया तक हाईवे किनारे नाली खुदवाई। एनएचएआई कर्मचारियों के शुरुआती विरोध के बावजूद, हालात समझाने पर उन्होंने सहयोग किया। नाली में पाइपलाइन बिछाकर सीवेज पानी की निकासी शुरू कर दी गई, जो हाईवे के नीचे बड़ी पुलिया से होते हुए धमें का ताल गांव की ओर जाएगी। काशीराम कालोनी के पीछे बन रहे सीवेज पंप स्टेशन में पानी को शुद्ध कर छोड़ा जाएगा। पालिकाध्यक्ष दुबे ने कहा कि यह कार्य पूर्ण होने से आवास विकास कॉलोनी निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। यह कदम स्वच्छता और बेहतर नागरिक सुविधाओं की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## आपकी पूँजी-आपका अधिकार अभियान के तहत लगा जागरूकता शिविर

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। भारत सरकार के आपकी पूँजी- आपका अधिकार अभियान के तहत विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में जिले के विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड संस्थाओं, एनबीएफसी और अन्य वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निष्क्रिय पड़े बैंक खातों, बीमा दावों, म्यूचुअल फंड यूनिट्स, पीएफ, और अन्य वित्तीय संपत्तियों के वैध लाभार्थियों को उनकी पूंजी वापस दिलाना था। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने उद्घाटन करते हुए बताया कि अब तक 236,794 खातों से 59 करोड़ 23 लाख रुपये वापस करने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि यह अभियान नागरिकों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि शिविर में 1,000 निष्क्रिय खातों को पुनर्जीवित किया गया और लगभग 7 करोड़ रुपये लाभार्थियों को हस्तांतरित किए गए। अधिकारियों ने यह भी बताया कि नागरिक ष्ठ्वरूपोर्टल के माध्यम से अपनी निष्क्रिय पूंजी की जानकारी प्राप्त कर ऑनलाइन दावा कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, डी.डी.ओ. नरेंद्र देव द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह सहित अन्य अधिकारीगण और बैंक प्रतिनिधि रहे।

## जालौन-उरई मार्ग पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू कराने की उठाई मांग

जालौन,उरई। जनपद में अभी तक इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू नहीं हुआ है। उरई जालौन मार्ग पर कम किराए में इलेक्ट्रिक बसें चलाने की मांग मुख्यमंत्री से की गई है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा इलेक्ट्रिक बसों का भी संचालन कर रहा हैं। जो न सिर्फ पर्यावरण प्रदूषण पर रोक लगाने में कारगर हैं बल्कि इनका किराया भी कम हैं। इस प्रकार की बसें पुखरायां से कानपुर तक चलाई जा रही हैं। इसके अलावा अधिकांश शहरों में भी इन बसों का संचालन हो रहा है। नगर के विपुल दीक्षित, अफ्जाल, वैभव, विनय, प्रतीक, विनोद आदि ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि जालौन से उरई तक प्रतिदिन सैंकड़ों लोगों का आना जाना होता है। कुछ लोग स्वयं के वाहन से जाते हैं तो कुछ सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करते हैं।

# राशन कार्ड से जुड़ी सेवाओं के लिए अब नहीं लगाने पड़ेंगे दफ्तर के चक्कर

▸ विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन सुविधा शुरू, 15 दिनों में होगा निस्तारण

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्र ने जनपद के सभी राशन कार्डधारकों को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश ने आमजन की सुविधा के लिए विभागीय वेबसाइट के पब्लिक डोमेन पर कई नई ऑनलाइन सेवाएँ शुरू की हैं। आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग, जवाहर भवन लखनऊ के निर्देशानुसार अब राशन कार्ड से संबंधित प्रमुख कार्य घर बैठे ऑनलाइन किए जा सकेंगे। अधिकारी ने बताया कि विभाग की वेबसाइट पर राशन कार्ड विभाजन, यूनिट स्थानांतरण, राशन कार्ड स्थानांतरण, राशन कार्ड समर्पण, यूनिट निरस्तीकरण तथा मृत्यु की स्थिति में मुखिया परिवर्तन जैसी सेवाएँ उपलब्ध करा दी गई हैं। आवेदक अपने राशन कार्ड नंबर और उससे लिंक मोबाइल नंबर के माध्यम से लॉगिन कर आधार आधारित ओटीपी सत्यापन पूरा करने के बाद इन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। नई व्यवस्था के लागू होने से अब राशन कार्डधारकों को अनावश्यक रूप से आपूर्ति कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सभी आवेदन ऑनलाइन जमा होते ही संबंधित सक्षम अधिकारियों के लॉगिन पर स्वतः प्रदर्शित हो जाएंगे और निर्धारित प्रक्रिया अनुसार 15 दिवस के भीतर इनका निस्तारण किया जाएगा। विभाग का कहना है कि यह व्यवस्था पारदर्शिता बढ़ाने और आमजन को सुगम व त्वरित सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मनु पाल को किया सम्मानित



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

हांगकांग इंटरनेशनल बॉल्स क्लासिक टूर्नामेंट 2025 में महिला सिंगल्स और पेयर्स (डबल्स) में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाली कन्नौज की प्रतिभाशाली लॉन बॉल्स खिलाड़ी मनु कुमारी पाल का भव्य सम्मान किया गया। यह भारत की इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पहली पदक जीत है, जिसमें मनु ने झारखंड की रेशमा कुमारी के साथ पेयर्स में शानदार तालमेल दिखाया।

इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी ने कहा कि मनु पाल जैसी विलक्षण प्रतिभाएं हमारे समाज की वास्तविक प्रेरणा और गर्व हैं। नगर पालिका छिबरामऊ के अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि मनु ने न केवल कन्नौज बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि युवाओं को खेल की ओर प्रेरित करेगी। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने मनु को शुभकामनाएं दीं और आगे की सफलताओं की कामना की।

## भागवत कथा में भक्तों से गौपालन करने की अपील

जालौन,उरई। क्षेत्रीय ग्राम मलकपुरा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथाव्यास सुबोधानंद महाराज ने गोवर्धन पूजा का वर्णन किया। भागवताचार्य सुबोधानंद महाराज ने कहा कि गोपिकाएं 56 प्रकार का भोजन रखकर नाच गाने के साथ उत्सव मना रही थीं। कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के ही दिन देवों के स्वामी इंद्र का पूजन होता है। इसे इंद्रोज यज्ञ कहते हैं। इससे प्रसन्न होकर इंद्र व्रज में वर्षा करते हैं, जिससे प्रचुर अन्न पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि इंद्र में क्या शक्ति है। उनसे अधिक शक्तिशाली तो हमारा गोवर्धन पर्वत है। इसके कारण ही वर्षा होती है।

**सूचना**

मैंने अपने छोटे भाई पवन कुमार शर्मा व उसकी पत्नी रजनी शर्मा के क्रिया कलाप ठीक न होने के चलते अपने सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे और मेरा व मेरी पत्नी नीलम देवी तथा मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का कोई सरोकार नहीं होगा।

**विजय कुमार शर्मा पुत्र गेन्दन लाल शर्मा निवासी-4/17, नवाब न्यामत खां पश्चिम, कोतवाली फर्रुखाबाद**

# फैमिली आईडी कार्य की सुस्ती पर सीडीओ ने दिये निर्देश

कुठौंद,जालौन समृद्धि न्यूज।



मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह द्वारा विकासखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण कर फैमिली आईडी कार्यक्रम की सुस्त रफ्तार को लेकर पंचायत सचिवों संग समीक्षा बैठक की तत्पश्चात अस्थाई गौशाला सलेमपुर कालपी का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा।

मुख्य विकास अधिकारी का कार्यक्रम पूर्व नियोजित कार्यक्रम नहीं था ठीक 12 बजे उन्होंने विकासखंड कार्यालय में दस्तक दी उनको देखकर पटेल सहायकों में हड़कंप मच गया उन्होंने पटलों का निरीक्षण किया स्थापना लिपिक के कार्य संतोष व्यक्त किया। तत्पश्चात मनरेगा पटल का निरीक्षण किया जिस पर एनआरपी लिपिक राजकुमार के द्वारा फाइलों के रखरखाव को देखकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रशस्ति पत्र देने की बात कही। इसके बाद सचिवों संग समीक्षा बैठक की जिसमें फैमिली आईडी की धीमी दफ्तर को लेकर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त कर तीन दिन में संतोषजनक स्थिति ले जाने के निर्देश दिए यदि तीन दिन में कार्य प्रगति पर नहीं पाया जाता है तो संबंधित सचिवों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित कर दी जाएगी। एनआरएलएम की प्रगति के बारे में भी उन्होंने पड़ताल की जिस पर गौरव व रवि यादव द्वारा संतोष जनक जवाब मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण उपरांत सीडीओ ने गौशाला निरीक्षण का मन बनाया ग्राम पंचायत सलेमपुर कालपी की अस्थाई गौशाला का निरीक्षण कर वहां पर के लिए हराचारा, पानी, चोकर, प्रकाश व्यवस्था सर्दी से बचाव के इंतजामात को देखकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने उन्होंने गायों को माला पहन कर अपने हाथों से गुढ़, बिस्कुट खिलाकर उनका शुभ आशीष प्राप्त किया ग्राम प्रधान दिलीप कुमार दुहौलिया के द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर वह गदगद दिखे।

उन्होंने स्मृति वाटिका को देखकर के अपने अंतःकरण से वृक्षों की सुंदरता व स्वच्छता देखकर के मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा यहां पर प्रकृति एवं गौ संरक्षण तथा संवर्धन का संगम तो है ही साथ ही यहां पर बना सामुदायिक शौचालय स्वच्छता का संदेश देता नजर आ रहा है।

# दूसरे चरण में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य हुआ शुरू



उपभोक्ता के घर स्मार्ट मीटर लगाता कर्मचारी।

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

स्थानीय नगर के उपभोक्ताओं के घरों तथा प्रतिष्ठानों में दो महीने बाद दूसरे चरण में एसडीओ धर्मेंद्र सिंह सचान की मौजूदगी में कार्यदाई संस्था के द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने के लिए कार्य शुरू किया गया। शुक्रवार को नगरीय क्षेत्र में 8 हजार घरेलू कनेक्शन स्थापित है। जिसमें कार्यदाई संस्था जीनस प्राइवेट कंपनी के द्वारा प्रथम चरण में 6 हजार से अधिक घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। दो माह से स्मार्ट मीटर को लगाने का कार्य बंद चल रहा था। उच्च अधिकारियों के निर्देशन में शुक्रवार को द्वितीय चरण का कार्य शुरू हुआ। मोहल्ला आलमपुर व टरननगंज के कई उपभोक्ता अपने कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाने पर आपत्ति जता रहे थे। इसी को दृष्टिगत रखते हुए एस डी ओ धर्मेंद्र सिंह सचान मौके पर तथा उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए समझाया गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रानीपुर गौर विकास खण्ड कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांक:मीमो/ ग्रा0पं0/15वां वित्त/ राज्य वित्त टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 12/12/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रानीपुर गौर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13/12/2025 से 19/12/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 19/12/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 100 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ज्ञानसिंह के घर से तालाब तक नाला व क्रास निर्माण कार्य | 3.44 लाख | 2 प्रतिशत | 100 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (कमलेश कुमार यादव) ग्रा0पं0 रानीपुर गौर, कायमगंज ग्राम विकास अधिकारी (शशीदेव सिंह)

**कार्यालय ग्रा0पं0 नटवारा वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0**

पत्रांक:02/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 12/12/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत नटवारा विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 13/12/2025 से दिनांक 19/12/2025 को अपरान्ह 04:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 19/12/2025 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 13/12/2025 से दिनांक 19/12/2025 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | प्रवीन के घर से रविन्द्र के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 2.00 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (रामलड़ैते) ग्रा0पं0 नटवारा, वि0ख0 शमशाबाद सचिव (दिलीप कुमार)

# ट्रेन में यात्रा के दौरान नकदी जेवरातों से भरा बैग चोरी

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

यात्रा के दौरान नगदी तथा जेवरात से भरा छोटा बैग चोरी होने की घटना के प्रकरण में पीड़ित व्यक्ति के द्वारा कालपी कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध में वादी नरेंद्र कुमार वर्मा पुत्र महादेव प्रसाद निवासी मोहल्ला उदनपुरा कस्बा कालपी हाल मुकाम कली बिल रोड बड़ोदरा गुजरात ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि वह बड़ोदरा से अपनी पत्नी के साथ बैंड ट्रेन में यात्रा करके बांद्रा से झांसी 6 दिसंबर 2025 को पहुंचा था सुबह 7.30 बजे झांसी बस स्टेशन से रोडवेज बस से बैठकर कालपी के लिए आया था प्रार्थी के साथ एक छोटी अटैची व एक बड़ी अटैची व दो बैक थे पूर्वाहन 11.30 बजे दिन को कालपी में उतरा तो देख के प्रार्थी की बड़ी अटैची चौन के समीप ब्लेड से कटी हुई थी प्रार्थी ने अटैची खोलकर देखा कि प्रार्थी का छोटा बैक जो अटैची में रखा था गायब है उक्त बैग में प्रार्थी 20000 नगद दो अदत सोने की चूड़ी मंगलसूत्र सोने की अंगूठी पायल एटीएम कार्ड आधार कार्ड रखा हुआ था। जो चोरी हो गया। कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

# अभाविप के 65वें प्रांत अधिवेशन की तैयारियां तेज, हुआ भूमि पूजन

▸ 21 से 24 दिसम्बर तक अधिवेशन में शामिल होंगे 1500 कार्यकर्ता

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उरई (अभाविप) कानपुर प्रांत के 65वें प्रांत अधिवेशन की तैयारियों का शुभारम्भ उरई में विधिवत भूमिपूजन के साथ हुआ। राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई के ग्राउंड में वैदिक मंत्रोच्चारण और परंपरागत धार्मिक विधि-विधान के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक श्रीराम, अभाविप कानपुर प्रांत अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश मिश्रा, प्रांत मंत्री शिवाराजे बुंदेला, प्रांत संगठन मंत्री मनीष राय सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। आगामी अधिवेशन को लेकर प्रांत सह मंत्री चित्रांशू सिंह द्वारा जानकारी दी गई कि यह प्रांत अधिवेशन 21 से 24 दिसम्बर तक उरई में भव्य रूप से आयोजित होगा जिसमें कानपुर प्रांत के सभी 21 संगठनात्मक जिलों से लगभग 1500 विद्यार्थी एवं शिक्षक कार्यकर्ता भाग लेंगे। अधिवेशन में संगठनात्मक विस्तार, शिक्षा सुधार, राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विविध विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उद्देश्य हैकृयुवा वर्ग में राष्ट्र निर्माण के प्रति सक्रिय भूमिका और जिम्मेदारी की भावना को और अधिक सशक्त बनाना। भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए प्रांत प्रचारक श्रीराम जी ने कहा कि अभाविप ने सदैव राष्ट्रभक्ति, सेवा और संगठन शक्ति के बल पर युवाओं को सकारात्मक दिशा दी है। उन्होंने उरई को वीर अभई एवं महर्षि वेदव्यास की पावन भूमि बताते हुए कहा कि यहां आयोजित होने वाला यह प्रांत अधिवेशन युवा शक्ति को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि अभाविप की विचारधारा और कार्यशैली आज भी युवाओं को उद्देश्यपूर्ण जीवन की ओर अग्रसर करती है। कानपुर प्रांत अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अभाविप केवल एक छात्र संगठन भर नहीं बल्कि युवा चेतना का सशक्त मंच है।

**कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद फर्रुखाबाद।**

पत्रांक: 490/न0पं0 कम्पिल/ 2025-26 दिनांक 08/12/2025

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामकिशोर पुत्र सोनपाल नगर पंचायत कम्पिल में नियमित सफाई कर्मचारी के रूप में तैनात थें इनकी मृत्यु 03.04.2025 को हो गई थी जिसके उपरान्त उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली के नियमों के अनुसार रमन कुमार पुत्र रामकिशोर द्वारा मृतक आश्रित नौकरी हेतु एक आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया आज दिनांक 08.12.2025 तक किसी और अन्य पारिवारिक सदस्य द्वारा कोई आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः सभी पारिवारिक सदस्यों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त रमन कुमार पुत्र स्व0 रामकिशोर का एक मात्र आवेदन पर कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय को 10 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। नियत समय पर यदि निकाय को कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है व अन्य किसी पारिवारिक सदस्य द्वारा कोई अन्य आवेदन प्राप्त नही होता है। तो नियमावली के अनुसार मृतक आश्रित रमन कुमार पुत्र स्व0 रामकिशोर के आवेदन पर नियमानुसार व विधि सम्मत अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, कम्पिल, फर्रुखाबाद**



# स्कूटी सवार बीएलओ को डंपर ने रौंदा, 20 मीटर तक घसीटा, मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- सूचना मिलने पर एसडीएम सदर व क्षेत्राधिकारी नगर पहुंचे
- परिजनों ने चालक को पकड़ने व डिवाइडर बनवाने की रखी मांग
- अधिकारियों के लिखित आश्वासन पर परिजनों ने खोला जाम



मृतका का फाइल फोटो



घटनास्थल पर रोते बिलखते मृतक के परिजन

स्कूटी से डियूटी करने जा रही महिला बीएलओ को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। तकरीबन 50 मीटर तक बीएलओ को डंपर ने सड़क पर घसीटा। इसके बाद बीएलओ की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है।

घटना की सूचना परिजनों को दी गयी। पहुंचे परिजनों ने जाम लगा दिया और चालक को पकड़ने की मांग की। घटना की जानकारी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दी गयी। सूचना पर एसडीएम सदर रजनीकांत पाण्डेय व सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय व कादरीगेट थाना पुलिस पहुंचे और परिजनों को समझाया बुझाया, लेकिन परिजन नहीं माने। परिजनों ने कहा कि जेएसएम कॉलेज बघार के सामने से बघार तक डिवाइडर बनवाया जाये। लिखित आश्वासन मिलने पर परिजन जाम खोलने को तैयार हुए। जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद के ग्राम गोसरपुर की मूल निवासी 40 वर्षीय अर्चना सिंह पत्नी संजीव सिंह वर्तमान में नेकपुर एसआर कोल्ड के निकट रह रही थी। उनकी ड्यूटी वर्तमान में बीएलओ कार्य में लगाई गई थी। अर्चना सिंह शुक्रवार को स्कूटी से इटावा-बरेली हाईवे पर बघार की तरफ जा रही थी। इस दौरान जेएसएम कॉलेज के निकट पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने अर्चना सिंह को टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर गयीं और डंपर उन्हें रौंदता हुआ निकल गया। घटना के बाद डंपर चालक ने डंपर को रोकने की जगह उसको तेजी से भगाया। जिससे डंपर के नीचे फंसी अर्चना सिंह 50 मीटर तक घिसटती हुई चली गई और उनकी दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मृतका अर्चना के परिजन मौके पर पहुंचे। आक्रोशित परिजनों नें हाईवे पर जाम लगा दिया। परिजनों ने डिवाइडर बनवाने की मांग रखी और कहा की जिलाधिकारी व सांसद मौके पर आएं, तभी जाम खुलेगा। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार, एसडीएम सदर रजनीकांत पांडेय, सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय, कोतवाल फतेहगढ़ रणविजय सिंह, थानाध्यक्ष कादरीगेट कपिल कुमार आदि मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। परिजन चालक को पकड़ने तथा जेएसएम कॉलेज बघार के सामने से बघार तक डिवाइडर बनवाने की मांग पर लिखित आश्वासन पर जाम खोलने को तैयार हुए। बताते चलें कि मृतका अर्चना सिंह मोहम्मदाबाद के गुड़गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत थीं।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरुक



महिलाओं को जागरुक करतीं महिला कांस्टेबिल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरुक किया गया तथा उन्हें हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गयी। महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा दिनांक 12 दिसंबर 2025 को नवाबगंज थाना क्षेत्र में शिमशन शक्ति अभियान 5.0 का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत बालिकाओं और महिलाओं को विभिन्न सरकारी हेल्पलाइन नंबरों तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा दल ने उपस्थित लोगों को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी। इनमें महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वुमन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 शामिल थे। दल के सदस्यों ने यह भी बताया कि इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कब और कैसे करना है, ताकि महिलाएं और बालिकाएं आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाना और उन्हें अपनी सुरक्षा तथा अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

# प्रेम-प्रसंग में की पति की हत्या, पत्नी व प्रेमी को पुलिस ने पकड़ा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस से वार्ता करते पीड़ित परिजन

कोतवाली क्षेत्र के गाँव घसिया चिलौली निवासी शिवमंगल कोरी उम्र 22 वर्षीय पुत्र सतीश चन्द्र का शव दिनाँक 10 दिसम्बर 2025 को संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला था। मृतक की पत्नी संजना ने बताया की वह सुबह खाना बना रही थी, तभी उसके पति शिवमंगल ने कमरे मे पंखे से लटक कर फाँसी लगा ली थी। घटना की जानकारी होने पर तम्बाकू की गोदाम मे काम कर रहे मृतक के पिता सतीश चन्द कोरी घर पर पहुँचे, तो उन्होंने देखा की उनके बेटे शिवमंगल का शव बेड पर पड़ा था और उसने पास में उसकी पत्नी सजना और पड़ोस का अनुज जाटव पुत्र हरिराम था। जैसे ही गाँव वाले आये, तभी अनुज घर से भाग गया। गाँव वालों ने उसे भागते हुए देखा। सतीश को आंशका है कि उनके पुत्र शिवमंगल कि हत्या बेटे की पत्नी सजना ने अनुज के साथ मिलकर कर दी है। मौके पर पहुँची पुलिस ने शिवममंगल के शव का पन्चनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया था। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव करीब समय 4:30 बजे गाँव पहुँचा। परिजनों ने शव को गाँव के पास एक ग्राउन्ड में टेन्ट लगाकर रख लिया और अन्तिम संस्कार करने से इनकार करने लगे। मृतक के पिता सतीश ने कोतवाली में तहरीर देकर बहू संजना और पड़ोसी अनुज जाटव पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया। परिजनों के अंतिम संस्कार न करने की सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन द्विवेदी, कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर, उपनिरीक्षक अयुब, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल पुष्पेन्द्र, कांस्टेबिल विनीत कुमार, कांस्टेबिल सचिन कुमार पहुँचे और मृतक के परिजनों से बातचीत की, लेकिन परिजन नहीं माने। कड़ी मशक्कत के साथ निष्पक्ष कार्यवाई के अश्वासन के बाद परिजन राजी हुए और लगभग 22 घन्टे बाद समय करीब 3 बजे शव को ढाई घाट पर अन्तिम संस्कार के लिए लेजा गया। वहीं परिजनों ने बताया कि जिस कमरे मे तख्त पर शिवमंगल का शव मिला उसी तख्त के नीचे मृतक के सिर के बाल भी पड़े थे। उन्होंने माँग की फॉरेंसिक टीम जॉच में शामिल करे। पुलिस ने मृतक की पत्नी सजना और पड़ोसी अनुज जाटव को पकड़कर थाने भिजवाया। ग्रामीणों की चर्चा के अनुसार मृतक की पत्नी का गाँव के अनुज के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसी को लेकर पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी।

# सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



ज्ञापन सौंपते सफाई कर्मचारी

सफाई मजदूर संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर टाउन हॉल पार्क में धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष को संबोधित ज्ञापन अधिशासी अधिकारी को सौंपा।

यह प्रदर्शन उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ फर्रुखाबाद के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष राजू शुक्ला की देखरेख में शुक्रवार को दोपहर 3 बजे शुरू हुआ। लगभग 50-60 पदाधिकारी और कार्यकर्ता टाउन हॉल थाना क्षेत्र मऊदरवाजा पर एकत्रित हुए और एक सभा की। इसके बाद दोपहर 3:45 बजे कर्मचारियों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार को उनके कार्यालय में जाकर सौंपा। यह ज्ञापन नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल को संबोधित था। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो वे तत्काल निर्णय लेकर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन के साथ मुख्यमंत्री से मिलने लखनऊ जाएंगे। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि सफाई मजदूर संघ फर्रुखाबाद ने आज ज्ञापन दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सफाई कर्मचारियों की छोटी-छोटी समस्याओं का जल्द ही निस्तारण किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### टेंट हाउस का समान खोलते समय दीवार गिरी, तीन मजदूर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटरा महमत खाँ निवासी शाकेव की गुरुवार को बारात के लिए टेन्ट लगाया गया था। शुक्रवार को मजदूर कच्ची दीवार पर खड़े होकर टेन्ट खोल रहे थे, उसी दौरान अचानक शाकेव की पुरानी दीवार भरभरा कर गिर पड़ी। जिसकी चपेट में आने से सौरभ उम्र 22 वर्षीय पुत्र सुभाष चन्द्र व अनुज कुमार उम्र 20 वर्षीय पुत्र सोवरन राजपूत निवासीगण अताईपुर जदीद के साथ नगर के मोहल्ला चिलाँका निवासी रंजीत उम्र 22 वर्षीय पुत्र प्रकाश दब गये। दीवार गिरते ही मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने दौड़कर मलबे में दबे टेन्ट हाउस के मजदूरों को बाहर निकालकर उन्हें आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

### रेलवे पुलिस ने रेहड़ी एवं ठेली सहित माल को किया जब्ता

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** रेलवे स्टेशन के किनारे लगी रेहड़ी और ठेलियों जिन पर फल-फ्रूट और शेखपुर मेले में बिकने वाले फेमस सेव के लड्डू बेचे जा रहे थे। जिन्हें रेलवे पुलिसु ने अपने कब्जे में ले लिया। इसके अलावा अन्य सामान को भी जब्त कर ट्रैक्टर में भरकर पुलिस ले गयी। इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हलचल मच गई है।

### गर्म चाय के ऊपर गिरने से बच्ची झुलसी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव दूंदेमई सलेमपुर निवासी नाहिद 5 पुत्री निगत अपने भाई जैनुल के साथ खेल रही थी। उसी दौरान अचानक जैनुल ने अपनी बहन निगत को धक्का दे दिया। जिससे चूल्हे पर बन रही चाय के ऊपर निगत जा गिरी। जिससे वह झुलस कर गम्भीर घायल हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।


### जुआ खेल रहे व्यक्तियों को पुलिस ने पकड़कर भेजा जेल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** उप निरीक्षक भूकेन्द्र सिंह मय हमराह कांस्टेबिल लोकेश के साथ क्षेत्र में गशत कर रहे थे, तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि शेखपुर मेले में मिक्की माउस के पास दो व्यक्ति जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने दविश देकर दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया। पकड़े गये पहले व्यक्ति ने अपना नाम राजीव पुत्र राजकुमार वर्मा निवासी दीन दयाल बाग थाना कादरीगेट बताया। जिसकी जामा तालाशी से पहने हुये पैण्ट की बायीं जेब से चार अदद पासे व 60 रूपये बरामद हुये तथा दूसरे व्यक्ति से नाम दिलीप पुत्र सोहन लाल निवासी शमसाबाद थाना शमसाबाद बताया।

### जवाबी रिपोर्ट में सात को तीन-तीन साल परिवीक्षा अवधि पर मिली जमानत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जबाबी रिपोर्ट में सात लोगों को कोर्ट ने तीन.-तीन साल परिवीक्षा अवधि पर जमानत दे दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के बराकेशव गांव निवासी धर्मेंद्र ने जनपद कन्नौज के पंची यादव, गांव के रामवीर, रामपाल व सुनील के खिलाफ 26 अगस्त 2012 को जातिसूचक गाली-गलौज कर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जबकि दूसरी तरफसे रामनाथ सिंह ने दिलीप कुमार, मनोज कुमार, विश्वनाथ व सुरेश के खिलाफ 12 सितम्बर को गाली-गलौज कर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की विवेचक ने विवेचना पूरी कर दोनों मामलों में न्यायालय में आरोप-पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई के दौरान सुरेश की मौत हो गई। अभियोजन पक्ष की ओर से हरिनाथ सिंह व अनुज कटियार ने दलीलें दीं। मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट अभिनितम उपाध्याय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। गवाह व सबूतों को मद्देनजर रखते हुए पंची यादव, रामवीर, रामपाल व सुनील को दलित उत्पीड़न के मामले में दोष मुक्त कर दिया है, जबकि गाली गलौज कर मारपीट में तीन-तीन साल परिवीक्षा अवधि पर जमानत दे दी है। वहीं दूसरी तरफ गाली-गलौज कर मारपीट में दिलीप कुमार, मनोज कुमार व विश्वनाथ को दोषी करार देते हुए तीन -तीन साल परिवीक्षा अवधि पर जमानत दे दी है।

### तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उवैश खान उर्फ लालू के रूप में हुई है। जो ग्राम रुदायन थाना कम्पिल का निवासी है। यह गिरफ्तारी शुक्रवार को हुई। पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एक व्यक्ति की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक 12 बोर का अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी उवैश खान उर्फ लाला के खिलाफमुकदमा अपराध संख्या 198/2025 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। थानाध्यक्ष नितिन कुमार ने बताया कि मामला दर्ज करने के बाद आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया।

## शौच करने गयी किशोरी से युवक ने किया दुष्कर्म

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** शौच करने गई किशोरी से युवक ने दुष्कर्म किया। किशोरी की चीख पुकार की आवाज सुनकर स्वजनों को घटना की जानकारी हुई। पीड़िता ने स्वजनों के साथ थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया कि उसकी सत्रह वर्षीय पुत्री शुक्रवार की अल सुबह करीब पांच बजे घर के निकट ही खेतों में शौच करने गई थी। खेत में पहले से घात लगाए गांव का ही एक युवक व उसके साथी बैठे थे। युवक किशोरी को पकड़कर खेत पर बनी झोपड़ी में ले जाकर दुष्कर्म किया अन्य दो साथी झोपड़ी के बाहर बैठे रहे। किशोरी के शोर मचाने पर स्वजन जाग गए। स्वजन आनन-फानन में भागकर झोपड़ी के पास पहुंचे, तो आरोपित मौके से फरार हो गए। शुक्रवार देर शाम पीड़िता ने स्वजनों के साथ थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। किसी को भी हिरासत में नही लिया गया है।

# नवजात शिशु को बेचने का सनसनीखेज मामला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां एक पति ने अपने ससुराल पक्ष पर नवजात शिशु को बेचने का गंभीर आरोप लगाया है। पति की लिखित शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव ऊगरपुर निवासी प्रशांत पुत्र सुधीर ने नवाबगंज थाने में एक प्रार्थना पत्र दिया है। प्रशांत के अनुसार उसकी शादी नवाबगंज क्षेत्र के गांव मंझना निवासी कोमल पुत्री रामचंद्र से हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ही दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। जिसके चलते कोमल ने ग्राम न्यायालय में एक वाद भी दायर कर रखा है। जो अभी विचाराधीन है। प्रशांत ने पुलिस को बताया कि इस वैवाहिक विवाद के बीच ही उसकी पत्नी कोमल ने हाल ही में सात दिसंबर को एक बच्चे को जन्म दिया। प्रशांत ने अपने प्रार्थना पत्र में गंभीर आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी कोमल और उसकी बड़ी बहन काजल पत्नी मुकेश निवासी जनपद बुलंदशहर मिलकर इस नवजात शिशु को किसी को बेचने का प्रयास कर रही हैं। जैसे ही प्रशांत को इस बारे में जानकारी मिली, वह तुरंत नवाबगंज थाने पहुंचा और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रार्थना पत्र स्वीकार कर लिया है और मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मौके पर जाकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपों की सत्यता की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गाली-गलौज व मारपीट में महिला को 3 साल परिवीक्षा अवधि पर छोड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज कर मारपीट करने के मामले में एससीएसटी एक्ट अभिनितम उपाध्याय ने महिला को दोषी ठहराया। दोषी को तीन साल की परिवीक्षा अवधि पर छोड़ दिया गया है। थाना क्षेत्र के बढ़पुर निवासी सोनी देवी ने पड़ोस की महिला सुनीता बाथम के खिलाफ गाली-गलौज मारपीट व दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि 20 मार्च 2015 को सुनीता बाथम ने जाति सूचक गाली-गलौज कर मारपीट की थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच की विवेचक ने विवेचना पूरी कर न्यायालय में आरोप-पत्र दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की ओर से हरिनाथ सिंह व अनुज कटियार ने दलीलें दीं। मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट अभिनितम उपाध्याय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनी। गवाह व सबूतों को मद्देनजर रखते हुए दलित उत्पीड़न में महिला को दोष मुक्त कर दिया, जबकि गाली गलौज मारपीट करने के मामले में तीन साल परिवीक्षा अवधि पर छोड़ा दिया है।



पुलिस हिरासत में वारंटी

## पुलिस ने दो फरार वारंटियों को पकड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजेपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। राजेपुर थाना प्रभारी सुदेश कुमार ने पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। जिसके बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार किए गए वारंटियों की पहचान अशोक कुमार उम्र करीब 45 वर्ष पुत्र श्रीपाल सिंह और नन्हें उम्र करीब 53 वर्ष पुत्र श्रीपाल के रूप में हुई है। ये दोनों डबरी थाना राजेपुर के निवासी हैं। दोनों वारंटी काफी समय से जारी वारंट के बाद से फरार चल रहे थे। पुलिस टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वारंटियों के ठिकानों पर निगरानी बढ़ा दी थी। मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया। राजेपुर थाना प्रभारी सुदेश कुमार ने बताया है दोनों वारंटी को न्यायलय में पेश किया है।

# एसआईआर के संबंध में एसडीएम ने ली बैठक, दिये निर्देश

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**




बैठक लेते एसडीएम कायमगंज

उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय को और मजबूत करना है, ताकि क्षेत्र में ही रहे एसआईआर की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो सके।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल जनता की नब्ज के सबसे करीब होते हैं, इसलिए उनकी ओर से मिलने वाले सुझाव प्रशासन के लिए अत्यंत मूल्यवान होते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता सबसे अहम है। किसी भी विषय पर अनावश्यक देरी या जानकारी छुपाना उचित नहीं माना जाएगा। एसडीएम ने सभी दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे एसआईआर में पूरा सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि तहसील प्रशासन किसी भी पार्टी के प्रति पक्षपात नहीं बरतेगा। सभी दलों को समान महत्व और समान अवसर दिया जाएगा। एसआईआर के तहत आने वाली शिकायतों व सुझावों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर समेत भाजपा से देवेंद्र दुबे, कांग्रेस से एजाज अहमद, सपा से साहब उर्फ भइया खां, बसपा से धर्मेन्द्र कुमार राणास, अपना दल से वरुण गंगवार मौजूद रहे।

# मौसम ने ली करवट, कोहरे की चादर से ढका शहर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



आसमान में छायी कोहरे की चादर

मौसम के करवट लेते ही कोहरे की चादर से शहर ढक गया। कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार थम सी गयी। वाहन रेंगते नजर आये। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह आसमान कोहरे की चादर से ढका दिखायी दिया। वहीं सर्दी का सितम भी शुरु हो गया है। कोहरे के कारण वाहन चालक हेड लाइट जलाकर चलते दिखायी दिये। वहीं लोगों को भी कहते सुना गया कि सर्दी ने दस्तक दे दी है। सुबह का न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। स्कूल जाने वाले बच्चों को भी सुबह अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ी। ग्रामीण इलाकों में भी ठंड का असर स्पष्ट दिखा। जहां कई स्थानों पर लोग अलाव जलाकर ठिठुरन से बचते नजर आए। किसानों ने सुबह ही खेतों में पहुंचकर अपनी फसलों का जायजा लिया। उनके अनुसार यह मौसम आलू, सरसों और गेहूं की फसलों के लिए अनुकूल माना जा रहा है।

## कार सवार दबंगों ने युवक को पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कार सवार दबंगों ने युवक को रोककर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया। जानकारी के अनुसार पीड़ित शादाब सिद्दीकी पुत्र हिकमत्तुला निवासी ग्राम जरारी थाना जहानगंज का रहने वाला हूँ। पीड़ित अपनी कार से मोहनपुर थाना कमालगंज शादी में दिनांक 11.12.25 को समय करीब 6 बजे शाम जा रहा था, तभी कोटिया चौराहे पर गंगाइच रोड पर अब्दुल हसीव पुत्र नन्हकू निवासी ग्राम अलाउद्दीनपुर थाना कमालगंज व दो अज्ञात व्यक्ति अपनी कार अरर्टिगा संख्या-यू.पी.30एबी 4727 को रोड पर खड़ी किये था। जैसे ही पीड़ित पहुँचा, तभी उक्त अब्दुल हसीव एवं उसके दो अज्ञात साथियों ने पीड़ित को गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। जिससे पीड़ित के शरीर पर चोटें आयीं। उपरोक्त तीनों व्यक्ति आइन्दा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 436 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, 6 का हुआ निकाह

- डीएम व जिला पंचायत अध्यक्ष ने युगल जोड़ों को दी भविष्य की शुभकामनायें

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**



एक दूसरे को जयमाला डालते युगल जोड़े

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शुक्रवार को 436 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। इनमें 6 जोड़ों का निकाह हुआ, जबकि रजिस्ट्रेशन 469 जोड़ों ने कराया था, जिसमें से 8 ने निकाह के लिए रजिस्ट्रेशन किया था।

कमालगंज ब्लाक क्षेत्र स्थित एक विश्वविद्यालय परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। जहां सुबह से ही जोड़े पहुंचने लगे थे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस तैनात रही। एक ओर जहां वैदिक मंत्रों के साथ विवाह संपन्न कराए जा रहे थे, तो दूसरी ओर निकाह की रस्में अदा की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव और सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल ने दीप प्रज्वलित कर किया। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। यह आयोजन गरीबों की कन्याओं के विवाह के लिए संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत किया गया। जनपद के सात ब्लॉकों से कुल 469 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनका सत्यापन करने के बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की गई। योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को 1 लाख रुपए दिए जाते हैं। विधायक सुशील शाक्य ने बताया कि सरकार की ओर से प्रति विवाह 1 लाख रुपए खर्च किए जाते हैं। जिसमें से 60,000 रुपए वर-वधू के खाते में भेजे जाते हैं। 25,000 रुपए का गृहस्थी का सामान दिया जाता है और 15,000 रुपए कार्यक्रम के आयोजन पर खर्च किए जाते हैं। प्रशासन द्वारा विवाह समारोह में भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। जहां जोड़ों के परिजनों को खाने की थालियां वितरित की गईं। गृहस्थी के सामान के रूप में कंबल, गद्दा सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं भी प्रदान की गईं। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने नव युगल को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# पुलिस ने चेकिंग के दौरान भैसों से भरे ट्रक को पकड़ा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



डीसीएम में भरी भैसें

शुक्रवार को राजेपुर में एक डीसीएम से 24 भैंसें बरामद की गईं। इन भैंसों को अमानवीय तरीके से ठूंसकर ले जाया जा रहा था। जिनमें से कई मरणासन्न अवस्था में थीं। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम रामपुर जोगराजपुर निवासी गुलशन कुमार मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे, तभी उन्होंने भैंसों से लदे एक संदिग्ध डीसीएम ट्रक को देखा। गुलशन ने ट्रक को रोककर अंदर देखा तो पाया कि जानवरों को बेहद खराब तरीके से भरा गया था। उन्होंने तुरंत 112 नंबर पर इसकी सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को कब्जे में लिया और राजेपुर थाने ले गई। ट्रक चालक की पहचान फर्रुखाबाद के रामसहायपुर निवासी मो0 अन्सार पुत्र अशफाक के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार ट्रक से कुल 24 भैंसें बरामद हुई हैं। जिनमें से कई की हालत गंभीर है। राजेपुर थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में तहरीर मिल गई है और मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में सात दिवसीय 19 सिनर्जी फेस्ट का शुभारंभ

▸ क्रिकेट व बैडमिंटन तथा वॉलीबॉल की हुई प्रतियोगितायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में सभी बैच के स्नातक छात्रों के लिए आयोजित सात दिवसीय खेल सप्ताह का शुभारंभ कॉलेज के प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम में जिला आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विजय कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

स्वागत प्राचार्या डॉ0 नीतू श्री, डॉ0 रीता सिंह, डॉ0 अरुण पांडे आदि ने किया। स्वागत भाषण में प्राचार्या डॉ0 नीतू श्री ने छात्रों को खेल को अनुशासित और खेल भावना से


कबूतर उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यअतिथि

खेलने के लिए प्रेरित किया। खेल में प्रतिभाग करने वाले 5 हाउस-एपीजे अब्दुल कलाम, स्वामी विवेकानंद, भगत सिंह तथा चंद्रशेखर आजाद हाउस है। खेल सप्ताह के कार्यक्रम को सभी हाउस के द्वारा फ्लैग मार्च के द्वारा प्रारंभ किया गया। पहला क्रिकेट मैच सुभाष चंद्र बोस और भगत सिंह हाउस के बीच में हुआ। जिसमें भगत सिंह हाउस ने टॉस जीता। टॉस जीतने के बाद उन्होंने बॉलिंग करने का निर्णय लिया। क्रिकेट मैच के प्रथम चरण में विजेता भगत सिंह हाउस रहे। मैच के मैन ऑफद मैच अखिलेश प्रताप रहे। दूसरा मैच एपीजे अब्दुल कलाम हाउस और चंद्रशेखर हाउस के बीच


खिलाड़ी से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि

में हुआ।

जिसमें विजेता एपीजे अब्दुल कलाम टीम रही, जो 25 रन से विजय रही। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रोहित सिंह रहे। खेल की श्रृंखला में अगले मैच में बैडमिंटन गर्ल्स सिंगल में इशिता, श्रुति, मोहिनी, करीमा यह प्रथम चरण के मैच में विजेता रही। अगला वॉलीबॉल मैच भगत सिंह हाउस व सुभाष चंद्र हाउस के बीच हुआ। जिसमें सुभाष चंद्र हाउस ने टॉस जीता। जिसके परिणाम स्वरुप सुभाष चंद्र हाउस हाउस 9/21 और 14/21 से विजयी रही।

## शेखपुर मेले में हुई मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर रूस्तमपुर में चल रहे मेले के दौरान हुई मारपीट में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार बीते दिन शेखपुर मेले में कमेटी सदस्य रानू द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग की जा रही थी। पिछली रंजिश को लेकर दानिश निवासी मोहनपुर दिनारपुर एवं जीशान निवासी नगला दाऊद सरैया एवं 5 अन्य से 6 अज्ञात लोगों के साथ आकर रानू के साथ गाली गलौज करने लगे थे। मना करने पर पिस्टल की बट एवं धारदार हथियारों से उक्त लोगों ने हमला कर दिया था। रानू का भाई पास में ही रोटी एवं दाल चावल का होटल लगाए हुए था। सूचना पर मौके पर पहुंचा एवं उनके साथ शेखपुर रूस्तमपुर के ही अन्य लोग थे। जिन्हें देखकर उक्त लोग गाली-गलौज करते हुए मौके से भाग गए थे। पुलिस को इस मामले में सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सीएचसी कमालगंज पहुंचाया था। शुक्रवार को पुलिस ने तहरीर के आधा पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# सदन में सांसद मुकेश राजपूत ने मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी का विस्तार करने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सांसद मुकेश राजपूत ने लोकसभा के संसद सत्र में नियम 377 के अन्तर्गत मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी का विस्तार एवं हवाई अड्डा बनाने की मांग की। उन्होंने भारत सरकार के केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से मांग की जनपद फर्रुखाबाद की हवाई पट्टी मोहम्मदाबाद का विस्तार किया जाये।

पीठासीन अधिकारी संध्या राय के समक्ष उन्होंने मांग रखी की फर्रुखाबाद में पूर्व में हवाई पट्टी बनी है, उसका विस्तार हो और प्रति दिन आने-जाने के लिए हवाई जहाज उतरे, जिससे जनपद के लोग अन्य राज्यों में जाकर अपना व्यापार एवं जनपद के विस्तार में सहयोग कर


संसद में मांग करते मुकेश राजपूत

सके। हवाई अड्डा के रुप में विकसित होने से जनपद का विकास तेजी से बढ़ेगा। मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी से 5 किलो मीटर दूरी पर खिमसेपुर औद्योगिक क्षेत्र है। बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपना निवेश कर रही है। इसी हवाई पट्टी से 8 किलो मीटर की दूरी पर बाबा नीमकरोरी धाम है और 12 किलो मीटर की दूरी पर बौद्ध तीर्थ स्थल संकिसा है, जो अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध परिपत्र का एक हिस्सा है। इसके अलावा जनपद आलू व मक्का उत्पादन में विश्व स्तर पर एक हब के रुप में है और जनपद में कपड़ा, ब्लाक पेंटिंग, जरदोजी का विश्व प्रसिद्ध कार्य होता है। व्यापारी के केवल धार्मिक हब होने के कारण फर्रुखाबाद में देश-विदेश से व्यापारियों व श्रद्धालुओं का आवागमन होता रहता है। मंत्री से अनुरोध है कि हवाई पट्टी विकसित होने से हवाई अड्डा के रुप में व्यापार बढ़ेगा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री द्वारा भी हवाई पट्टी विकसित करने के लिए पत्र भारत सरकार को भेजा जा चुका है।


बस से कानपुर जाते मरीज

## नेत्र शिविर में 46 मरीज आपरेशन हेतु भेजे गये कानपुर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ के रामकिशोरी गेस्ट हाउस धंसुआ में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होने कहा कि सेवा परम धर्म है। अशोक कटियार व नीलू कटियार के प्रयास से हर वर्ष सामाजिक कार्य किया जाता है। मानवता की सेवा सराहनीय है। समाजसेवा नैतिक जिम्मेंदारी मानकर करनी चाहि। इस अवसर पर विमल कटियार, दीपक गंगवार, चंदन कटियार, हनी कटियार, शिवम दुवे, आचार्य विजय कुमार सहित बडी संख्या में लोग व एंजिल अस्पताल कानपुर की टीम मौजूद रही। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा ने भी अपनी आंखो का परीक्षण कराया। शिविर में 46 लोगों को आपरेशन हेतु परीक्षण कर कानपुर रवाना किया गया। संयोजक अशोक कटियार, नीलू कटियार ने सभी का आभार प्रकट किया।

# भाकियू अखण्ड प्रदेश का खुला क्षेत्रीय कार्यालय

▸ सुनी जायेगी किसानों की समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

किसानों की समस्यायें सुनने व उनका निस्तारण करने के लिए भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय खोला गया। जिसका उद्घाटन बच्चा स्वामी ने फीता काटकर किया। साधु-संतों के नेतृत्व में क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारम्भ हुआ। साथ ही किसानों की समस्यायें सुनी गई। संबंधित अधिकारियों से समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए उन्हें फोन द्वारा अवगत कराया गया। राजेपुर राठौरी में भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय में 11 से लेकर 1 तक क्षेत्र किसानों की समस्याओं को सुना जाएगा एवं


संतों का स्वागत करते पदाधिकारी

संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह सोमवंशी, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश कुमार उर्फ बबलू दीक्षित, प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी ने किसानों की समस्यायें सुनी। प्रथम दिन बड़ी संख्या में किसानों ने पहुंचकर राजेपुर राठौरी में अपनी समस्यायें संगठन के पदाधिकारियों के समक्ष रखी। इस मौके पर प्रदेश सचिव विवेक सिंह बबलू, प्रशांत सोमवंशी, आशीष यादव, संजय कठेरिया, देवेंद्र कुशवाहा, सुनील गिहार, यूसुफपटेल, बबलू ठाकुर, पिंटू सोमवंशी, अरविंद सिंह चौहान, नेत्रपाल सिंह, दलबीर सिंह, मनोज सिंह राठौड, आकाश राठौर, अरुण राठौर, दिनेश सिंह चौहान, मुन्नू सिंह, नन्हे यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# एक ओवर लोड व चार ओवरहाइट ट्रक सीज

▸ बिना रिफ्लेक्टिव टेप लगे 2 वाहन व कर बकाया में दो वाहन भी सीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा सघन चेकिंग कार्यवाही करते हुये 04 ओवरहाईट ट्रकों को सीज करते हुये उन पर 27 हजार का जुर्माना व 1 ओवरलोड ट्रक को सीज करते हुये 24 हजार का जुर्माना लगाया गया। बिना रिफ्लेक्टिव टेप लगे 2 वाहनों को सीज करते हुये 20 हजार का जुर्माना लगाया तथा व कर बकाया 2



पकड़े गये ट्रक की जानकारी देते परिवहन कर्मी

वाहनों को सीज करते हुये 32 हजार का कर आरोपित किया गया। इस प्रकार की कार्यवाही में 9 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 90 हजार जुर्माना व 32 हजार कर आरोपित किया गया।

# ग्राम विकास मिनिस्टीरियल एसो. की कार्यकारिणी घोषित

▸ अध्यक्ष विजय राठौर व महामंत्री बने अजय कुमार संत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम विकास मिनिस्टीरियल एसोसिएशन शाखा फर्रुखाबाद की कार्यकारिणी का गठन संरक्षक राममोहन भल्ला व राकेश सारस्वत, दीपिका त्रिपाठी एवं प्रमोद दीक्षित की उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया गया। वरिष्ठ सहायक विजय राठौर को अध्यक्ष व अजय कुमार संत महामंत्री एवं अभिषेक मिश्रा कोषाध्यक्ष बने। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीके दुबे, केडी दीक्षित को बनाया गया। संगठन मंत्री स्वाती मिश्रा बनी। उपाध्यक्ष प्रीती तिवारी, ममता राठौर बनायी गई। सूर्यनारायन त्रिपाठी को आडिटर


स्वागत के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारी

बनाया गया। राजभारती को संयुक्त मंत्री, रिजवान खान को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई।

सदस्य कविता गंगवार, विमलेश कुमारी व शशांक वर्मा बने। संरक्षक राममोहन भल्ला, राज्यकर्मचारी महासंघ के संरक्षक राकेश सारस्वत, राज्य कर्मचारी महासंघ की अध्यक्ष दीपिका त्रिपाठी, राज्य कर्मचारी महासंघ के महामंत्री प्रमोद कुमार दीक्षित की देखरेख में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी घोषित हुई।

# मोती नगला, नगला धरा, खानपुर इलेविन की टीम ने जीते मैच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सांसद खेल स्पर्धा के अन्तर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता के तीन मैच शुक्रवार को खेले गये। स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में प्रथम मैच विनीत इलेविन व नगला मोती के बीच खेला गया। नगला मोती ने टॉस जीता। पहले बल्लेबाजी करते हुए दस ओवर में विनीत इलेविन ने 51 रन नौ विकेट खोकर बनाये। नगला मोती ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 6.1 ओवर में 53 रन पांच विकेट खोकर मैच जीता। दूसरा मैच नगला धरा मोहम्मदाबाद और शमशाबाद इलेविन के बीच खेला गया। नगला धरा ने टॉस जीतकर पहले फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। शमशाबाद इलेविन की


मैच के दौरान मौजूद खिलाड़ी

54 रन पर आलाउट हो गयी। 5.5 ओवर में 4 विकेट खोल नगला धरा ने मैच जीत लिया। तीसरा मैच नगला धरा एवं खानपुर इलेविन के बीच खेला गया। नगला धरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 71 रन बनाये। 72 रनों का लक्ष्य खानपुर इलेविन ने 6.5 ओवर में प्राप्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच के एम्पायर मोहम्मद असद खां, पुष्कर मिश्रा, एवं रफीकुल अंसारी रहे। स्कोरिंग सुहानी राठौर ने की। इस मौके पर क्रिकेट सचिव मोहन लाल अग्रवाल ने व्यवस्था देखी। इस दौरान अजीत यादव, कुलदीप यादव, अमरदीप दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में ली बैठक

▸ 13 व 14 दिसम्बर अवकाश को भी खुलेंगे समस्त विद्यालय/ कॉलेज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रगाढ़ पुनरीक्षण में तब तक जनपद में कुल


बैठक लेते डीएम मौजूद अन्य

मतदाता 13,98,009 के सापेक्ष 10,94,118 गणना प्रपत्रों को बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा बीएलओ ऐप के माध्यम से बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर गणना प्रपत्रों के वितरण एवं संग्रह के दौरान मृतक 39,136, अनट्रेशेवल/अवसेन्ट 120339, परमानेन्टली शिफ्टेड 1,11,958 आलरेडी इनरोल्ड 23,528 तथा अन्य कारणों से 7955 कुल 3,02,916 गणना प्रपत्र अनट्रेशेवल की श्रेणी में चिन्हित किए गए है। अवसेन्ट, शिफ्टेड, मृतक, सुप्लीकेट मतदाताओं से संबंधित सूची को डीईओ पोर्टल पर अपलोड करा दिया गया है। अपलोड करायी गयी सूची में अवसेन्ट, शिपटेड, मृतक, डुप्लीकेट मतदाता अपना विवरण देख कर बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से सही करा सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि सभी लोग अपने अपने बूथ लेवल एजेन्टस को अनट्रेशेवल मतदाताओं की सूची प्राप्त कर उनका सत्यापन कराने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। यदि उसमें किसी प्रकार की कोई त्रुटि हो तो उसे तत्काल बूथ लेवल अधिकारी के संज्ञान में लाते हुए सुधार कराये। 13 दिसम्बर शनिवार एवं 14 दिसम्बर रविवार अवकाश के दिन जनपद के समस्त विद्यालय/ कालेज जिसमें मतदेय स्थापित है, खुले रहेंगे। 13 दिसम्बर एवं 14 दिसम्बर को बूथ लेवल अधिकारी अपने बूथ एरिया में उपस्थित रहेंगे साथ ही सभी नगर निकायों में वार्ड वार/मोहल्ला वार विशेष हेल्प डेस्क/कैम्प आयोजित किये जायेगे। जिसमें बी0एल0ओ0 के साथ निकाय के कर्मचारी सभासद व चेयरमैन व ब्लाक स्तरीय एवं ग्राम स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है वे अपने अपने आबंटित क्षेत्र में भ्रमण करते हुए गणना प्रपत्रों का अधिक से अधिक संग्रह कराते हुए डिजिटाइज्ड कराना सुनिश्चित करे। बैठक में उपनिर्वाचन अधिकारी अरुण सिंह, भाजपा से मुकेश गुप्ता, सपा से सुभाष चन्द्र शाक्य, बसपा से रामरतन गौतम, आम आदमी से अंकुश सिंह, सीपीआईएम सुनील कटियार, कांग्रेस से वरुण त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# काव्य अनुष्ठान में अतिथियों को भेंट किये गये तुलसी के पौधे

▸ श्रद्धारानी स्मृति संस्थान ने कवियों व आंगतुकों का किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा एवं श्रीराम चरित मानस के समापन पर काव्य अनुष्ठान का आयोजन हुआ। श्रद्धारानी स्मृति संस्थान के सदस्य अखिलेश द्विवेदी ने उपहार देकर सम्मानित किया। काव्य अनुष्ठान के रचनाकारों को तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता के रुप में जिला कोषागार के पूर्व अधिकारी अखिलेश अग्निहोत्री ने आयोजक की सराहना की। पर्यावरण विधि प्रमुख श्वेता दुबे


कार्यक्रम में मौजूद संस्था के सदस्य

ने तुलसी का वृक्ष का हिन्दी संस्कृति में महत्व बताया। प्रत्येक घर में तुलसी का एक पौधा होना चाहिए। इस मौके पर श्रद्धारानी स्मृति संस्थान के अध्यक्ष संजय गर्ग, पंकज वर्मा, रोहित शर्मा, सुधेश दुबे, मीरा सिंह, सुमन राठौर, चित्रा अग्निहोत्री आदि लोग मौजूद रहे। समिति के सदस्य महेश पाल सिंह उपकारी द्वारा सदस्यों का स्वागत किया गया।

# चिंतामणि सुंदरकांड पाठ समिति के निमंत्रण पत्र का हुआ विमोचन

▸ पहला निमंत्रण बालाजी को, 4 जनवरी को मनाया जायेगा वार्षिकोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्री चिंतामणि सुंदरकांड पाठ समिति की वार्षिक बैठक अग्रवाल धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में वार्षिक उत्सव तैयारी की चर्चा की गई। इस वर्ष उपाध्यक्ष नवीन कौशल के स्वर्गवास होने पर 2 मिनट का मौन रखा गया और श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्ष बृज किशोर सिंह ने बताया इस वर्ष 4 जनवरी दिन रविवार को वार्षिक उत्सव, हवन पूजन, सुंदरकांड पाठ, 56 भोग, महा आरती,


निमंत्रण पत्र का विमोचन करते पदाधिकारी

प्रसाद वितरण के साथ अग्रवाल धर्मशाला स्टेट बैंक रोड पर मनाया जाएगा। बैठक के उपरांत सुंदरकांड पाठ समिति का निमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया एवं 13 दिसंबर को बस के द्वारा बालाजी को निमंत्रण पत्र देने के सदस्य जाएंगे। बैठक में अध्यक्ष बृज किशोर सिंह किशोर, कोषाध्यक्ष अशोक वर्मा, व्यवस्था प्रभारी घनश्याम बाजपेई, सह व्यवस्था प्रभारी प्रशांत सिंह, सदस्य निर्मल दीक्षित, अनूप मिश्रा, संदीप वर्मा, अनुपम तिवारी, सौरभ सिंह, अनुराग पांडे मौजूद रहे।

## अंकित तिवारी बने हिन्दू समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को लखनऊ के प्रेस क्लब में बलिदानी स्व0 कमलेश तिवारी की पार्टी हिन्दू समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा किरन कमलेश तिवारी ने फर्रुखाबाद निवासी अंकित तिवारी को प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। हिन्दूवादी नेता अंकित तिवारी हिन्दुत्व के लिए कई कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूर्व सरकार में उन्हें रासुका के तहत जेल भेजा गया था, तभी उन्होंने हिन्दुत्व की लड़ाई लड़ी और उनके इस योगदान को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्षा किरन तिवारी ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व दिया है। अंकित तिवारी ने एलान किया कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार पूरे उत्तर प्रदेश में 6 माह के अंदर ७५ जिलाध्यक्ष घोषित करूंगा और संगठन को गति दूंगा। प्रत्येक कार्यों में रुचि दिखाऊंगा और हिन्दू समाज पार्टी को शिखर तक पहुंचाने का करुंगा और स्व0 कमलेश तिवारी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करुंगा। साथ ही राजेश मिश्रा को राष्ट्रीय संगठन मंत्री दायित्व सौंपा गया है। वह हिन्दू समाज पार्टी को बंगाल व गुजरात में मजबूत करुंगा। दायित्व मिलने के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मनोनयन पत्र देकर जिम्मेदारी सौंपी। फूल मालाओं से उनका पदाधिकारी बनने पर स्वागत किया गया।


दायित्व ग्रहण करते अंकित तिवारी व राजेश मिश्रा

## धर्म बदलने वालों को नहीं मिलेगा आरक्षण का लाभः डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय प्रयागराज के निर्देशानुसार जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि यदि आरक्षित वर्ग का व्यक्ति अपना धर्म बदलता है तो उसे आरक्षण का मिला हुआ लाभ वापस करना होगा, क्योंकि यह धोखाधड़ी व अपराध की श्रेणी में आता है। सभी जिलाधिकारी को इन प्रकरणों की जांच कर चार माह में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं, यदि कोई पुनः धर्म परिवर्तन करता है तो जांच में यह देखना होगा कि क्या समाज ने उसे स्वीकार कर लिया है। डीएम ने विषय की बैठक प्रत्येक ग्राम सभा में करने के निर्देश दिए। कुछ लोग अघोषित रूप से परिवर्तित धर्म का पालन करते हैं, इसकी भी जांच करने के निर्देश डीएम ने दिये है। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक लेते डीएम

## सूचना

मैंने अपना नाम सोहराब खान से बदलकर सोहराब अली खान रख लिया है, भविष्य में मुझे सोहराब अली खान के नाम से जाना जाये। **सोहराब अली खान पुत्र महबूब अली खान निवासी यहियापुर परगना कम्पिल, तहसील व थाना कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**

# गोला पुलिस की चूक, तहरीर कर्ता को ही बता दिया मृतक

**गोला में सड़क हादसा संदिग्ध, सीओ बोले लिपिकीय त्रुटि**




**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

बीते दिनों गोला अलीगंज सड़क दुर्घटना से जुड़े मामले में एफ आई आर दर्ज करते समय हुई पुलिस की लिपिकीय चूक ने परिवार को असमंजस में डाल दिया। राजेंद्र नगर ब्लॉक-ए निवासी स्वर्गीय विश्वजीत विश्वास की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी, लेकिन तहरीर दर्ज करते समय पुलिस ने गलती से मृतक के पुत्र रोनित विश्वास को ही एफ आई आर में दुर्घटना का शिकार मृतक के रूप में दर्ज कर दिया। जबकि रोनित जीवित हैं और अपने पिता की मृत्यु को लेकर स्पष्ट जांच चाहते थे।

बता दें 26 नवंबर की शाम करीब 6 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से विश्वजीत विश्वास घायल हुए थे, जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। परिवार ने घटना की परिस्थितियों को देखते हुए जांच की मांग की थी। इसी बीच एफ आई आर में नामांकन की त्रुटि ने भ्रम की स्थिति पैदा कर दी, क्योंकि उसमें वास्तविक मृतक का नाम सही ढंग से दर्ज नहीं हो पाया। पुलिस के मुताबिक यह एक सामान्य लिपिकीय गलती है, जिसे सुधारने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि वादी का बयान दर्ज होने के बाद रिपोर्ट को सही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और सभी तथ्यों को स्पष्ट करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रोमांचक सेमीफाइनल में जम्मू-कश्मीर की जीत

**पेनल्टी शूटआउट में 8-7 से घोसियाना एफसी को हराकर फाइनल में पहुंची एसटीएफसी**



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

स्वर्गीय श्री राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में स्वर्गीय अरविंद गिरि की स्मृति में आयोजित स्व. अरविंद गिरि आल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल शुक्रवार को बेहद रोमांचक मुकाबले का गवाह बना। एसटीएफसी जम्मू-कश्मीर और घोसियाना एफसी गोला के बीच खेले गए मैच में दोनों टीमें पूरे 90 मिनट तक गोल नहीं कर सकीं और स्कोर 0-0 पर बराबर रहा।

निर्धारित समय के बाद 15-15 मिनट के अतिरिक्त समय में भी किसी भी टीम को बढ़त नहीं मिली। अंततः मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें एसटीएफसी जम्मू-कश्मीर ने 8-7 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। दर्शकों में अंतिम क्षण तक रोमांच देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टूर्नामेंट के आयोजक एवं संयोजक विधायक अमन गिरि उपस्थित रहे। इसके अलावा अवधेश मिश्रा, रामगुलाम पांडेय, टिट्टू भसीन, नियामत अली, बिल्ले सरदार, उपाध्यक्ष मदुसूदन गिरी, धर्मेंद्र गिरी, मोटी भैया, राजीव जैकब, अन्नू दीक्षित, पंकज गुप्ता, जैनुद्दीन अंसारी (शब्बू), कफील अहमद, राजेंद्र निषाद, सचिन, सुरेश जायसवाल, कपिल भारती, राजू रावत, राम रछपाल, पंकज तिवारी, आशुतोष गिरि, कन्हैया, कमर अंसारी, ईश्वर चंद्र तिवारी, सुरमुख सिंह, कमाल अफसर, मनोज, अय्यूब खान, पूर्व सभासद रामू तिवारी सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे। जबकि मैच संचालन की जिम्मेदारी रेफरी रहमतुल्ला, मकसूद अहमद, विशाल कुमार, प्रभात कुमार और खुर्शीद आलम ने निभाई।

# निघासन मेले में सांस्कृतिक रंगों की धूम ओम साईं पब्लिक स्कूल अव्वल

**मुख्य अतिथि राजा राज राजेश्वर सिंह बोले- बच्चे हर दिन सीखें कुछ नया, प्रतिभा को मिले मंच**



**निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

नानक नगर में चल रहे श्रीरामलीला मेले की गुरुवार रात बच्चों के नाम रही। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हें कलाकारों ने जब मंच संभाला तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि देर रात तक दर्शकों का उत्साह थमता नहीं दिखा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झंडी स्टेट के राजा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा राज राजेश्वर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। बच्चों की प्रतिभा देख वे अभिभूत नजर आए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास पैदा होता है और उनकी प्रतिभा निखरती है। उन्होंने यह भी बताया कि वे जनपद के कई प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों– वाई.डी. डिग्री कॉलेज, पी.के. इंटर कॉलेज, युवराज दत्त इंटर कॉलेज और राज दिग्विजय पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रबंध समितियों से जुड़े हैं और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा– हर बच्चा रोज कुछ नया सीखे, असफलता से भी सीख लेकर आगे बढ़े। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ओम साईं पब्लिक स्कूल, निघासन के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों की प्रस्तुति पर दर्शकों ने खुलकर तालियां बजाईं और विजेता टीम को मेले की ओर से ट्रॉफी प्रदान की गई। दूसरे विद्यालयों के बच्चों ने भी नृत्य, समूह-गायन और मंचन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे पूरा माहौल सांस्कृतिक सरगम में डूबा रहा। कार्यक्रम में आयोजक प्रदीप गुप्ता, सीए अंशुल दीक्षित, संजीत सिंह सत्री, मेला महामंत्री के.के. मौर्या, मेला कार्यवाहक अध्यक्ष सुरजीत सिंह चानी सहित क्षेत्र के सैकड़ों सम्मानित लोग मौजूद रहे। सभी ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया और इस तरह के आयोजनों को सामाजिक व सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। रातभर चले इस सांस्कृतिक उत्सव ने जहां दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया, वहीं क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और बच्चों की उभरती प्रतिभा को भी भली-भांति प्रदर्शित किया।


## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के बांदा रोड न्यू लखनऊ पब्लिक स्कूल के पास बाइक सवार व्यक्ति को अज्ञात वाहन में मारी टक्कर बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। बबेरू कस्बे के कमासिन रोड प्रभाकर नगर मोहल्ले के रहने वाले राजा कुशवाहा पुत्र राजकुमार कुशवाहा उम्र करीब 45 वर्ष, यह गुरुवार की देर शाम बाइक में सवार होकर अपने घर बबेरू जा रहा था। तभी बांदा रोड न्यू लखनऊ पब्लिक स्कूल के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों के द्वारा घायल राजा कुशवाहा को गंभीर हालत में बांदा इलाज हेतु ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस में रखवा दिया है। जिसका आज शुक्रवार की दोपहर पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई जाएगी। वही शुक्रवार की सुबह करीब 9रू30 बजे घटना की जानकारी देते हुए मोहल्ले के ही लोगों ने बताया कि मृतक राजा कुशवाहा कस्बे का प्रतिष्ठित व्यापारी था, बांदा रोड न्यू लखनऊ पब्लिक स्कूल के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिस राजा कुशवाहा की मौत हो गई, मृतक राजा कुशवाहा के दो पुत्री और एक पुत्र था। इस घटना को देखते हुए मृतक की पत्नी गोमती देवी सहित परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### बाइक-साइकिल की टक्कर में वृद्ध की मौत



**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** बबेरू कस्बे के कमासिन रोड आश्रम पद्धति विद्यालय के पास बाइक व साइकिल की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बबेरू कस्बे के कमासिन रोड आश्रम पद्धति विद्यालय के पास गुरुवार की देर रात्रि बाइक व साइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें साइकिल सवार पट्टन यादव उर्फ अशोक यादव पुत्र काशी यादव उम्र करीब 70 वर्ष निवासी कमासिन रोड परैया दाई बबेरू की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार 30 वर्षीय अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बबेरू पुलिस ने दोनों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे। जहां पर डाक्टरो द्वारा देखते ही पट्टन यादव उर्फ अशोक यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं 30 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत देखते हुए बेसुध हालत पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुरुवार व शुक्रवार की मध्य रात्रि मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। जिसका शुक्रवार की दोपहर पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई गई है। जानकारी के मुताबिक मृतक के तीन पुत्र व चार पुत्री थी जिसमें दो पुत्री की शादी कर चुका था। इस घटना को देखते हुए मृतक की पत्नी शिव दुलारी सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

### अनियंत्रित होकर तालाब में पलटा ट्रैक्टर



**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के बच्ची को बचाने के चक्कर में ट्रॉली सहित ट्रैक्टर तालाब में पलटा वही बड़ा हादसा होते-होते बचा है।, जिसमें ट्रैक्टर में सवार लोगों को मामूली चोटे आई हैं। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरहनी गांव में गुरुवार की शाम ट्रैक्टर माता बदल निवासी गुजेनी अपने समधी रामदेव फौजी निवासी भांटी के यहां से धान लेकर बबेरू मंडी बेचने हेतु गए थे, धान बेचकर वापस गुजेनी जा रहा था। तभी उमरहनी गांव के पास तालाब के किनारे एक बच्ची शौच क्रिया कर रही थी, जैसे ही ट्रैक्टर निकला बच्ची दौड़कर सड़क पार किया जिससे बच्ची को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में ट्रॉली सहित पलट गया। ड्राइवर की सूझबूझ के चलते ट्रैक्टर में सवार तीन लोग सभी सुरक्षित बच गए हैं जिनकी मामूली चोटे आई है। ट्रैक्टर को देखते हुए यह लग रहा था की कोई बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रैक्टर ट्राली पूरी तरह तालाब में डूब गए, वहीं पर पुलिस को सूचना मिलते ही बबेरू कोतवाली प्रभारी राजेंद्र सिंह राजावत ने घटना स्थल पर पहुंचकर क्रेन के माध्यम से ट्रैक्टर व ट्रॉली को निकलवाया।

# रवि की फसल में वैज्ञानिक विधियों का उपयोग करें, उपज बढ़ेगी 20 प्रतिशत : पंतनगर कृषि शोधकर्ता पुष्पेन्द्र मिश्रा

**मितौली (खीरी), समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड मितौली के ग्राम अबगवाँ (मैनपुर) निवासी एवं पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में शोधकार्यरत पुष्पेन्द्र मिश्रा ने कहा कि किसान यदि रबी सीजन में वैज्ञानिक विधियों को अपनाएँ तो गेहूँ व सरसों की उपज में 15-20 प्रतिशत बढ़ोतरी संभव है। उनके अनुसार दिसंबर-जनवरी की ठंड फसलों के लिए चुनौती के साथ अवसर भी देती है, इसलिए इस समय सिंचाई, खाद और रोग नियंत्रण का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

उन्होंने बताया कि गेहूँ इस समय टिलरिंग अवस्था में होता है, जो उपज निर्धारण का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। बुवाई के 20-25 दिन बाद पहली सिंचाई और 45-50 दिन पर गाँठ बनने की अवस्था में दूसरी सिंचाई अवश्य करनी चाहिए। इन सिंचाइयों के साथ नाइट्रोजन की दूसरी व तीसरी किस्त देने से पौधों की वृद्धि बेहतर होती है। साथ ही 0.5त्न जिंक सल्फेट, 0.5त्न फेरस सल्फेट और 1त्न मैग्नीशियम सल्फेट का पत्तियों पर छिड़काव दाना भराव को मजबूत बनाता है। ठंड बढ़ने पर पीला और भूरा गेरूआ रोग फैलने लगता है, इसलिए समय पर फफूंदनाशी छिड़काव जरूरी है।

सरसों के बारे में उन्होंने कहा कि 30-35 दिन पर होने वाली रोसेट अवस्था में पहली सिंचाई शाखाओं और फूलों की संख्या बढ़ाती है। फूल आने से पहले बोरॉन एवं जिंक का छिड़काव फली झड़ने की समस्या को कम करता है। यदि बेसल में गंधक न दी गई हो तो 20-25 किग्रा प्रति हेक्टेयर गंधक का प्रयोग तेल मात्रा बढ़ाने में सहायक होता है। जनवरी में माहू का प्रकोप बढ़ता है, इसलिए नियमित निगरानी कर पहले जैविक और आवश्यकता पड़ने पर ही रासायनिक नियंत्रण अपनाना चाहिए।

पुष्पेन्द्र मिश्रा ने बताया कि फली या दाना बनने की अवस्था में हल्की सिंचाई फसल की गुणवत्ता को बेहतर करती है। उन्होंने किसानों से कहा कि ठंड में खेत में हल्की नमी और पोषण संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इसी समय फसल की बढ़वार और दाना भराव दोनों सबसे तेज होते हैं। जिंक, बोरॉन, गंधक और मैग्नीशियम जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व फसलों की हरियाली, फूल-फली की संख्या और दानों की गुणवत्ता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे फसल में खरपतवार, माहू और गेरूआ रोग की नियमित निगरानी करें। समय पर की गई ईकाई–चाहे सिंचाई हो, स्प्रे हो या निराई–पूरे मौसम की उपज में बड़ा अंतर ला सकती है। किसानों के वैज्ञानिक विधियों के प्रयोग से फसल की पैदावार और गुणवत्ता दोनों में उल्लेखनीय सुधार संभव है।

# पत्रकारों की समस्याओं पर एकजुट हुआ ग्रामीण पत्रकार समाज

**जिले भर के विधायकों को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन**



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने जिले के सभी विधायकों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर पत्रकारों की मान्यता, सुरक्षा और सुविधाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। सदर क्षेत्र में जिलाध्यक्ष नितेश अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सदर विधायक योगेश वर्मा को ज्ञापन सौंपा, जबकि गोला गोकर्णनाथ में अध्यक्ष करन सिंह राठौर के नेतृत्व में स्थानीय विधायक को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। पत्रकारों ने कहा कि संगठन की इकाइयाँ पूरे प्रदेश में सक्रिय हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों को आज भी सरकारी और संस्थागत सुविधाएँ नहीं मिल पा रही हैं। ज्ञापन में तहसील स्तर पर दैनिक समाचार पत्रों के संवाददाताओं को मान्यता देने की व्यवस्था में संशोधन, जिला, मंडल और तहसील स्तर पर स्थायी समितियों का गठन कर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन को प्रतिनिधित्व देने, ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड तथा रोडवेज बसों में नि:शुल्क यात्रा सुविधा प्रदान करने जैसी मांगें उठाई गईं। साथ ही राज्य स्तरीय मान्यता एवं विज्ञापन समितियों में संगठन के प्रतिनिधियों को शामिल करने, लखनऊ में संगठन के लिए नि:शुल्क कार्यालय भवन उपलब्ध कराने तथा पत्रकारों से जुड़े विवादों में एफआईआर दर्ज करने से पहले सक्षम अधिकारी से जांच अनिवार्य किए जाने की मांग भी की गई। पत्रकारों का कहना है कि कठोर परिस्थितियों में काम करने वाले ग्रामीण संवाददाताओं के हितों और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सरकार को गंभीर पहल करनी चाहिए, अन्यथा संगठन आगे चरणबद्ध आंदोलन पर विचार कर सकता है।

# पत्रकारों ने समस्या को लेकर विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**बबेरु/बाँदा, समृद्धि न्यूज।**



ग्रामीण पत्रकार एशोसिएसन द्वारा पत्रकारों की समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय विधायक के माध्यम से मुख्यमन्त्री को ज्ञापन सौपकर शीघ्र सभी मांगो को पूर्ण किये जाने की मांग किया है।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएसन के तहसील अध्यक्ष संदीप सिह पटेल के नेतृत्व मे विधायक विशम्भर सिह यादव के आवास पहुंच कर 7 सूत्रीय ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमन्त्री को ज्ञापन सौपा बताया तहसील स्तर पर मान्यता प्रदान करने के लिये निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी पत्र संख्या1484/ सू 0 एव ज 0स0 वि 0 प्रेस36/ 2004 दिनांक19/6/ 2008 को संशोधित करते हुए सभी दैनिक समाचार पत्रो न्यूज चौनल के संवाददाताओं के मान्यता प्रदान करने हेतु आदेश निर्गत किया जाय, पत्रकारिता के दायित्व का निर्वहन करते समय परिस्थितियो वश होने वाले विवाद के प्रकरण मे पत्रकारो पर प्राथमिकी दर्ज कराने से पहले किसी सक्षम राजपत्रित अधिकारी से जांच कराने का आदेश निर्गत किया जाये, जिला स्तरीय व तहसील स्तर पर स्थाई समिति का गठन किया जाए ,ग्रामीण पत्रकारो के समस्याओ का अध्ययन व समाधान करने हेतु ग्रामीण पत्रकार आयोग का गठन किया जाये, प्रदेश स्तर पर गठित पत्रकार मान्यता समिति एवं विज्ञापन मान्यता समिति मे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के दो प्रतिनिधियो को सदस्य के रूप मे सम्मिलित किया जाये, और ग्रामीण पत्रकारो को स्वास्थ्य सुविधा से अच्छादित करने के लिए उन्हें आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जाये, और प्रदेश परिवहन निगम की बसों मे निशुल्क सुविधा प्रदान की जाये, ज्ञापन के दौरान हुकुमचंद्र सेठी, अभिषेक गुप्ता, संदीप प्रजापति, संतोष कुशवाहा, कामता प्रसाद सोनी, सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# घर में घुसकर युवती से मारपीट व अश्लील हरकत, हालत गंभीर

**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज।**

**पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच**

कोतवाली ईसानगर क्षेत्र के एक गांव में 19 वर्षीय युवती के साथ मारपीट और अश्लील हरकत का गंभीर मामला सामने आया है। घटना उस समय हुई जब पीड़िता के माता-पिता खेत संबंधी विवाद के मामले में पुलिस के साथ डाक्टरी परीक्षण के लिए बाहर गए हुए थे और वह घर में अकेली थी।

आरोप है कि गांव का ही एक युवक, युवती के पाले हुए दो कबूतर उसके घर आ जाने को लेकर नाराज़ होकर पीड़िता के घर में जबरन घुस आया। युवक ने पहले उसके साथ मारपीट की और फिर अश्लील हरकत करते हुए गलत काम करने की कोशिश की। युवती के शोर मचाने पर उसकी चाची मौके पर पहुँच गई, जिससे बड़ी घटना होने से बच गई।

पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने उसके पेट और निचले हिस्से पर कई लातें मारीं, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और लगातार ब्लीडिंग होने लगी। परिजन उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ओयल ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है।

पीड़िता का कहना है कि उसने घटना के बाद थाने में तहरीर दी थी, लेकिन तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई, इलाज कराने को कहा गया। बाद में दोबारा पुलिस अधिक्षक खीरी से शिकायत करने पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

थाना ईसानगर पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## विद्यालय का ताला तोड़ने का आरोप, अभिलेख-नकदी गायब

**प्रधानाध्यापक ने दर्ज कराई शिकायत कार्रवाई न होने पर जताई नाराज़गी**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** जनता शिशु विद्यालय अलीगंज के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में ताला तोड़कर महत्वपूर्ण अभिलेख और नकदी गायब करने का गंभीर आरोप लगाया है। प्रधानाध्यापक के अनुसार 15 नवंबर की शाम 3:15 बजे जनता इंटर कॉलेज अलीगंज के कुछ शिक्षकों ने विद्यालय का ताला तोड़कर नया ताला लगा दिया। इसकी सूचना थाने, चौकी और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रबंधन से संबंधित विवाद हाईकोर्ट में लंबित है। इसी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने उनके विरुद्ध झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई है। जांच अधिकारी एसआई प्रवीण कुमार के साथ किए गए निरीक्षण में अलमारियों के टूटे ताले और रैक में छेड़छाड़ की पुष्टि हुई। प्रधानाध्यापक ने आरोप लगाया कि जांच जारी रहने के बावजूद विद्यालय गेट पर उनके खिलाफ पोस्टर लगाकर छवि खराब की जा रही है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि विद्यालय की तिजोरी से धन गायब किया गया है और महत्वपूर्ण अभिलेखों से छेड़छाड़ हुई है। प्रधानाध्यापक ने पुलिस से मामला दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# फुटपाथ पर दुकान लगाने के लिए मना किया, तो व्यापारी पहुंचे डीएम के पास

- रोजमर्रा का जीवन जीने वाले व्यापारियों ने डीएम से दुकान लगाने की मांगी अनुमति
- फुटपाथ की दुकानों से सैकड़ो लोगों का पलता है पेट



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले व्यापारियों ने जिला अधिकारी बांदा से दुकान लगाने की अनुमति मांगी है। दुकानदारों ने बताया अभी हाल ही में उनकी दुकानों को हटाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कहा गया था। दुकानदारों ने कहा कि रोजमर्रा का जीवन यापन करने वाले, हम छोटे व्यापारी फुटपाथ पर दुकान लगा कर अपने बच्चों के पालन पोषण का इंतजाम करते हैं, लेकिन फुटपाथ से दुकानें हमारी हटा दी गई तो हमारे बच्चे भूंखे मरने की कगार पर पहुंच जाएंगे। मामला बांदा शहर कोतवाली क्षेत्र के जेएन डिग्री कॉलेज रोड का है जहां 50 व्यापारी फुटपाथ पर कपड़े, जूते, मोजे, तथा अन्य छोटी-छोटी सामग्रियों को रखकर बेचने का काम करते हैं। वहीं दुकानदारों ने बताया जिला प्रशासन की ओर से हाल ही में दुकानें यहां से हटाने की बात कही गई है, जिस वजह से दुकानदार काफी मायूस और परेशान दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल दुकानदारों ने जिला अधिकारी बांदा, जे रीभा से मुलाकात कर अपनी पीड़ा सुनाई है। दुकानदारों ने बताया की डीएम ने सभी दुकानदारों से कहा कि, सड़क से 5 फीट अंदर दुकान दुकानदार लगाएं, डीएमके इस निर्देश के बाद सभी दुकानदारों के चेहरे खुशी से खिल उठे।



## भगवान कृष्ण की विविध लीलाओं की कथा सुन भक्त हुए निहाल

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय नौरंगाबाद मोहल्ले स्थित चंदेल लॉन एक बार फिर दिव्य अध्यात्म की पावन सुगंध से महक उठा, जहां 7 दिसंबर से आरंभ हुए श्रीमद् भागवत भक्ति ज्ञानयज्ञ के अंतर्गत पंचम दिवस की कथा का आयोजन हुआ। वृन्दावन धाम से पधारे पंडित अमित कृष्ण जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की छट्ठी, पूतना वध, माखन चोरी, विभिन्न राक्षसों के वध और उद्धार, भगवान शिव द्वारा नारायण दर्शन जैसे दिव्य प्रसंगों एवं लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया, जिसे सुनकर उपस्थित भक्तगण भावविभोर हो उठे। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक चल रही इस ज्ञान गंगा की रसधारा से श्रोतागण अध्यात्म और भक्ति में अविराम डूब रहे हैं। आयोजन समिति के महासचिव एडवोकेट आर्येन्द्र पाल सिंह ने एक विज्ञप्ति जारी कर क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम में आर्येन्द्र सिंह, सभासद संदीप सिंह, आचार्य संजय मिश्रा, शिशिर अवस्थी, सुखराज सिंह, ईशान गुप्ता, राज शेखर, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, इंद्रजीत सिंह, डॉ. सुशीला सिंह, वीरेंद्र बहादुर सिंह, आचार्य अनूप मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में स्थानीय एवं दूर-दराज़ क्षेत्रों से आए भक्त उपस्थित रहे।

# गरीब किसानों की फसलें रौंदकर रहे बालू माफिया

**बालू माफियाओं द्वारा रातभर जारी रहता है अवैध बालू का खनन**



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

किसानों को जानलेवा तरीके से ट्रैक्टर अवैध खनन माफिया स्थानीय पुलिस चौकी की मिलीभगत से निरंतर अवैध खनन कर रहे हैं। यह वही गिरोह है जिसने पूर्व में जांच करने गए अधिकारियों पर जानलेवा हमला किया था। जनपद बांदा की समाजसेविका ज्योति शुक्ला ने आज मंडलायुक्त बांदा को ज्ञापन सौंप कर आरोप लगाते हुए बताया कि वर्तमान में माफिया ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से किसानों को धमकाते हुए, फसलों को रौंदते हुए खनिज विभाग के अधिकारियों और पुलिस के संरक्षण में अवैध खनन करते हुए वसूली करते है । उल्टा किसानों को बालू खनन माफिया द्वारा फर्जी शिकायत में फंसाने की धमकी दी अवैध खनन में संलिप्त बालू माफियाओं ,पेशेवर विनोद निषाद विष्णु निषाद भूरा निषाद महाकाल अंशु निषाद सहित 20 से 25 लोग अज्ञात राजघाट, गोंडी बाबा नगर से खनन करते हैं रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक तथा दिनभर लगातार 20 से 25 ट्रैक्टर अवैध खनन में लगे रहते हैं। गरीब किसानों की फसलें रौंदकर बर्बाद की जा रही हैं। अवैध संचालक खुलेआम पैसों की वसूली कर खनन करा रहे हैं। पूर्व में जाँच करने गए खनिज अधिकारी पर जानलेवा हमला हो चुका है और भी कई घटनाएँ घट चुकी हैं। किसानों द्वारा कई बारयू उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र दिए जाने के बावजूद कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई। जबकि खनिज इंस्पेक्टर द्वारा दर्ज कराई गई। विवेचना आज तक पूर्ण नहीं हुई इससे पुलिस विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं । स्थानीय चौकी प्रभारी ने माफियाओं से मिलकर डीआईजी चित्रकूट धाम को एक फर्जी प्रार्थना पत्र दिलवाई थी ताकि उनका खेल निर्वाध चलता रहे, जिसकी शिकायत पीड़िता ने जिलाधिकारी बांदा से पहले से ही की थी। पीड़िता व अन्य किसानों की जमीन से दौड़ाकर दिन-रात अवैध खनन किया जा रहा है, जिसका मामला माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। कई बार मीडिया में साक्ष्यों सहित समाचार प्रकाशित हुए, फिर भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पूर्णतः प्रभावित है तथा पुलिस-माफिया गठजोड़ के कारण संगठित अवैध खनन माफिया सक्रिय हैं, जिससे किसानों, आमजन एवं सरकारी अधिकारियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो चुका है। अवैध खनन, पुलिसदूमाफिया गठजोड़ एवं संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों की भूमिका की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे किसानों एवं क्षेत्रवासियों व आम जनमानस को राहत मिल सके।